जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

Rashtradoot

जयपुर, शनिवार 25 दिसम्बर, 2021

इस क्रिसमस अपने परिवार को दीजिए

# ऐतिहासिक तोहफा

## 3 BHK कोठी सिर्फ 45 लाख में!

NO MIDDLE-MEN DIRECT TO CUSTOMER

Kedia's
THE KOTHI
(भव्य•उत्कृष्ट•श्रेष्ठ)

FIXED PRICE



SIRSI ROAD, VAISHALI EXTENSION, JAIPUR

KEDIA
Transforming Realty

TOLL FREE: 1800-120-23-23, 7877-07-27-37

www.kedia.com | info@kedia.com

www.rera.rajasthan.gov.in | Rera No. RAJ/P/2021/1523, RAJ/P/2021/1526

*T&C Apply

## विचार बिन्दु

त्याग यह नहीं कि मोटे और खुरदरे वस्त्र पहन लिए जायें और सूखी रोटी खायी जाये, त्याग तो यह है कि अपनी इच्छा अभिलाषा और तृष्णा को जीता जाये। –सुफियान सौरी

# दुनिया भर में सांस लेना भी हो गया है दुर्लभ

राष्ट्रीय स्वास्थ्य पोर्टल के अनुसार हर साल 70 लाख लोग वायु प्रदूषण के कारण जान गंवाते हैं। हालत इतनी खराब है कि वैश्विक स्तर पर हर 10 में से 9 लोगों तक शुद्ध हवा नहीं पहुंच पाती है। हवा में मौजूद प्रदूषक कण शरीर की सुरक्षा के लिए मौजूद बाधाओं को पार कर दिल, दिमाग और फेफड़ों पर असर डालते हैं। भारत में बच्चे से बुजुर्ग तक हर समय किसी न किसी सेहत के खतरे से घिरे रहते है। यहाँ एक खतरा कम होने का नाम नहीं लेता की दूसरे की आहट सुनाई देने लगती है। इस बार मीडिया ने यातायात प्रदूषण के खतरे से बच्चों को सावचेत किया है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते है जब कोई गर्भवती महिला यातायात से प्रदूषित वातावरण में सांस लेती है तो प्रदूषण के कण शरीर में चले जाते हैं। यह प्रदूषित कण गर्भ में पल रहे बच्चे के फेफड़ों के विकास को प्रभावित कर सकता है। इसलिए जरूरी है कि गर्भवती महिलाएं खुद को यातायात सहित हर प्रकार के प्रदूषण से दूर रखें।

प्रदूषण का अर्थ है हमारे आस पास का परिवेश गन्दा होना और प्राकृतिक संतुलन में दोष पैदा होना। प्रदूषण कई प्रकार का होता है जिनमें वायु, जल और ध्वनि–प्रदूषण मुख्य है। पर्यावरण के नष्ट होने और औद्योगीकरण के कारण प्रदूषण की समस्या ने विकराल रूप धारण कर लिया है जिसके फलस्वरूप मानव जीवन दूभर हो गया है। महानगरों में वायु प्रदूषण अधिक फैला है। वहां चैबीसों घंटे कल–कारखानों और वाहनों का विषैला धुआं इस तरह फैल गया है कि स्वस्थ वायु में सांस लेना दूभर हो गया है। यह समस्या वहां अधिक होती हैं जहां सघन आबादी होती है और वृक्षों का अभाव होता है। कल–कारखानों का दूषित जल नदी–नालों में मिलकर भयंकर जल–प्रदूषण पैदा करता है। बाढ़ के समय तो कारखानों का दुर्गंधित जल सब नाली–नालों में घुल मिल जाता है। इससे अनेक बीमारियां पैदा होती है। इसी भांति ध्वनि–प्रदूषण ने शांत वातावरण को अशांत कर दिया है। कल–कारखानों और यातायात का कानफाड़ू शोर, मोटर–गाड़ियों की चिल्ल–पों, लाउड स्पीकरों की कर्णभेदक ध्वनि ने बहरेपन और तनाव को जन्म दिया है। हमने प्रगति की दौड़ में मिसाल कायम की है मगर पर्यावरण का कभी ध्यान नहीं रखा जिसके फलस्वरूप पेड़ पौधों से लेकर नदी तालाब और वायुमण्डल प्रदूषित हुआ है और मनुष्य का सांस लेना भी दुर्लभ हो गया है। इसके अलावा वृक्षों की अंधाधुंध कटाई ने भी पर्यावरण को बहुत अधिक क्षित पहुंचाई है। विश्व में हर साल एक करोड़ हैक्टेयर से अधिक वन काटा जाता है। भारत में 10 लाख हैक्टेयर वन प्रतिवर्ष काटा जा रहा है।

**प्रदूषण कितने प्रकार का है यह हर कोई नहीं जानता है मगर यह बात सब जानते है कि प्रदूषण हमारे स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक है। इससे न सिर्फ हमारे फेफड़ों और दिल को नुकसान पहुंचता है बल्कि अस्थमा जैसी कई बीमारियां भी घेर लेती हैं।**

वनों के कटने से वन्यजीव भी लुप्त होते जा रहे हैं। वनों के क्षेत्रफल के नष्ट हो जाने से रेगिस्तान के विस्तार में मदद मिल रही है। प्रदूषण कितने प्रकार का है यह हर कोई नहीं जानता है मगर यह बात सब जानते है कि प्रदूषण हमारे स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक है। इससे न सिर्फ हमारे फेफड़ों और दिल को नुकसान पहुंचता है बल्कि अस्थमा जैसी कई बीमारियां भी घेर लेती हैं। हाल ही में की गई एक स्टडी में सामने आया है कि यातायात प्रदूषण से भारत में साढ़े तीन लाख बच्चों को अस्थमा हो गया है। चीन के बाद इस बीमारी से सबसे ज्यादा प्रभावित होने वाला दूसरा देश भारत है।

भारत में सरकारी और निजी स्तर पर जागरूकता के आभाव का कारण बच्चे से बुजुर्ग तक प्रदूषण के चपेट में है और इससे पीड़ित लोगों का आंकड़ा निरंतर बढ़ता ही जा रहा है। बच्चे मासूम है और इस खतरे से नावाकिफ है। बच्चों की सेहत की रक्षा करना हर व्यक्ति का कत्तर्व्य है। हमारे नौनिहाल यदि आँख खोलते ही इसकी चपेट में आ गए तो भविष्य पर सवाल उठाना लाजमी है। यातायात प्रदूषण के अनेक कारण है जिन पर लम्बी बहस की जा सकती है मगर जरुरत इस बात की है की हम उन कारणों को दूर करें जिनकी बदौलत बच्चो की सेहत पर बुरा असर पढ़ रहा है। इसका मुख्य कारण वे वाहन है जो निरंतर धुंवा छोड़कर बच्चों को आहत कर रहे है। भारत में किसी भी यातायात चैराहे पर खड़े होकर हम देखे तो पाएंगे जहरीली गैस हमारे पर्यावरण को खराब कर रही है। इसके लिए कोई दूसरा नहीं बल्कि हम खुद जिम्मेदार है। आने वाले खतरे को हम खुद आमंत्रित कर रहे है और इसका दोष सरकार पर मंड देते है। पहले हमें खुद को सुधारना होगा फिर यह सीख दूसरों को देनी होंगी तभी सुधारात्मक उपाय सार्थक होंगे और प्रदूषण से बचा जा सकेगा।

लांसेट प्लेनेटरी हेल्थ में प्रकाशित स्टडी के मुताबिक, यातायात प्रदूषण से अस्थमा की बीमारी सबसे ज्यादा चीन में पाई गई। वहां इससे 7 लाख 60 हजार बच्चों को अस्थमा हो गया। ऐसा इसलिए भी हो सकता है क्योंकि चीन बच्चों की सबसे अधिक आबादी वाला दूसरा देश है। इसके अलावा यहां नाइट्रोजन डाइऑक्साइड की मात्रा सबसे अधिक है। इस ऑक्साइड की मात्रा ही यातायात प्रदूषण की ओर इशारा करती है।

अमेरिका स्थित जॉर्ज वॉशिंगटन यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं के मुताबिक, भारत में अस्थमा की बीमारी के सबसे ज्यादा मामले यानी साढ़े तीन लाख मामले इसलिए थे क्योंकि यहां बच्चों की आबादी अधिक है। वहीं अमेरिका में अस्थमा से पीड़ित बच्चों की संख्या 2 लाख 40 हजार, इंडोनेशिया में 1 लाख 60 हजार और ब्राजील में 1 लाख 40 हजार थी। अगर वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए सख्त कदम उठाए जाएं तो फिर अस्थमा की बीमारी को रोका जा सकता है। वैश्विक स्तर पर देखें, तो इस स्टडी के मुताबिक, हर साल प्रति एक लाख बच्चों में अस्थमा के 170 नए मामले सामने आते हैं और इनमें से बचपन में होने वाले अस्थमा के 13 फीसदी मामले यातायात प्रदूषण से जुड़े होते हैं। इस स्टडी में लांसेट जर्नल ने 194 देशों और दुनिया भर के 125 प्रमुख शहरों को विश्लेषण किया और बताया कि इस लिस्ट में संयुक्त राष्ट्र 24वें स्थान पर, अमेरिका 25वें स्थान पर, चीन 19वें और भारत 58वें स्थान पर है।

**–अतिथि संपादक**
**बाल मुकुन्द ओझा**
**वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार**

## राशिफल शनिवार 25 दिसम्बर, 2021



पंडित अनिल शर्मा

पौष मास कृष्ण पक्ष, षष्ठि तिथि, शनिवार, विक्रम संवत 2078, पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र रविवार प्रातः 5:05 तक, प्रीति योग दिन 11:25 तक, गर करण प्रातः 7:52 तक, चन्द्रमा सिंह राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य–धनु, चन्द्रमा–सिंह, मंगल–वृश्चिक, बुध–धनु, गुरू–कुम्भ, शुक्र–मकर, शनि–मकर, राहु–वृष, केतु–वृश्चिक राशि में।

आज रवि योग रविवार प्रातः 5:05 तक है। भद्रा रात्रि 8:10 से रविवार प्रातः 8:09 तक है। आज क्रिसमस दिवस (ईसा जयन्ती) बड़ा दिन है।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** शुभ 8:35 से 9:52 तक, चर 12:27 से 1:44 तक, लाभ–अमृत 1:44 से 4:14 तक।

**राहूकालः** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 7:17, सूर्यास्त 5:36

### मेष


व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए समय अच्छा है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। भावनात्मक कारणों से परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।


### वृष

घर–परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

### मिथुन

व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आर्थिक मामलों से संबंधित विवादों से राहत मिल सकती है। परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।

### कर्क

आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आर्थिक मामलों में परिचितों से सहयोग मिल सकता है। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे।


### सिंह

व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त–व्यस्त व्यावसायिक कार्य व्यवस्थित होने लगेंगे। मनःस्थिति ठीक रहेगी। परिवार में प्रसन्नता का माहौल रहेगा।


### कन्या

आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। धन हानि हो सकती है। अनावश्यक धन खर्च होगा। मन में असंतोष और भय बना रहेगा।

### तुला

आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक कार्य सुगमता से बनने लगेंगे।

### वृश्चिक

व्यावसायिक कार्य सुगमता से बनने लगेंगे। व्यावसायिक योजना का क्रियान्वयन होगा। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है।


### धनु

व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

### मकर

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। बनते कार्य बिगड़ने का भय है। आवश्यक कार्यों को टालना पड़ सकता है। नवीन कार्यों में विलम्ब हो सकता है।

### कुंभ

परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### मीन

अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। मन का भय समाप्त होगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा। अटका हुआ धन प्राप्त हो सकता है।

## अटल बिहारी वाजपेयी जयंती पर विशेष

# 'कवि मन के विरल राजनीतिज्ञ'

अटल जी की पंक्तियां मुझे आज भी अत्यन्त प्रिय है, 'मेरे प्रभु !/मुझे इतनी ऊंचाई कभी मत देना/गैरों को गले लगा न सकूं/इतनी रूखाई कभी मत देना।'

अटल बिहारी वाजपेयी जी राजनीति के साथ–साथ उससे इतर भी अधिक जाने–पहचाने जाते हैं। शायद इसलिए कि राजनीति से जितने उनके गहरे सरोकार थे उतने ही साहित्य की संवेदना से भी थे। मैंने कई बार यह भी महसूस किया है कि जो बात वह राजनीति में रहते सीधे नहीं कह पाते, वह उनका कवि मन कह देता था। कविताओं से उनके मन को हम बांच सकते हैं। उनके व्यक्तित्व का यह भी सबसे बड़ा गुण था कि वह अलग–अलग विचारधाराओं के दलों के लोगों को भी साथ लेकर चलने में विश्वास करते थे। मैने यह भी अनुभूत किया कि वह दिल से बहुत बड़े थे।

मुझे लगता है, सच को सच कहने का साहस हर किसी में होता नहीं है पर वाजपेयीजी अच्छा कार्य किसी विरोधी दल के नेता ने भी किया है तो उसकी वह खुलकर सराहना करते थे। याद है, 1971 में जब बांग्लादेश का निर्माण हो गया तब विपक्ष में प्रथम पंक्ति के नेता अटलजी ही थे। पाकिस्तान की करारी हार के साथ बांग्लादेश के निर्माण के लिए किए प्रयासों के लिए उन्होंने सदन में तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इन्दिरा गांधी को 'अभिनव चंडी दुर्गा' की उपाधि तक दे दी थी। पर सत्ता को केवल अपने हाथों ही केन्द्रित करने की मंशा पर उन्होंने 80 के दशक में जनसभाओं में गांधी पर कविताएं लिखकर उन पर व्यंग्योक्ति में प्रहार भी कम नहीं किया था। उस दौर में उनकी सुनाई वह कविताएं आज भी याद है, 'इंदिरा गांधी नम्बर एक/नम्बर दो है कौन? /नारी नम्बर एक/बाकी सब दस नम्बरी।'

अटलजी छोटेपन से सदा दूर रहने को कहते थे। उनकी कविता की यह पंक्तियां मुझे आज भी अत्यन्त प्रिय है, 'मेरे प्रभु !/मुझे इतनी ऊंचाई कभी मत देना/गैरों को गले लगा न सकूं/इतनी रूखाई कभी मत देना।' कुशल वक्ता, हाजिरजवाब और विनोदप्रिय भी कम कहां थे !

वह 1957 में मात्र 33 वर्ष की आयु में ही पहली बार संसद सदस्य बन गए थे। लोकसभा में उनके दिए भाषण आज भी इसलिए याद किए जाते हैं। मुझे आज भी 1959 में सदन में दिया गया उनका वह उद्बोधन याद है जिसमें उन्होंने चीन द्वारा तिब्बत के लोगों के व्यक्तित्व को पूरी तरह से समाप्त कर नए प्रकार के साम्राज्यवाद फैलाए जाने की बात कही थी। उनका यह भाषण बाद में बहुत अधिक चर्चित हुआ था। चीन ने तिब्बत को हड़पकर वहां अपना अधिकार ही वहां नहीं कर लिया बल्कि तिब्बतियों को अपने ही देश में अल्पसंख्यक बनाकर उनका निरंतर शोषण भी किया है। डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के ओजपूर्ण व्यक्तित्व का आरम्भ से ही गहरा असर अटलजी पर रहा है। कश्मीर पर डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के भाषण, उनकी विचारधारा और चिंतन ने अटल जी को शायद आरम्भ से ही प्रेरित किया था। इसलिए उनके चिंतन में यह झलक बार–बार उभरती भी है। वह बगैर किसी औपचारिकता के सीधे विरोधी के पास स्वयं जाकर सहयोग मांग लिया करते थे। यह दृष्टि और सहजता हरेक में होती नहीं है।



राज्यपाल कलराज मिश्र

अटलजी हिन्दुत्व की विचारधारा से जुड़े ही नहीं थे, उसे बार–बार सार्वजनिक भी किया है। अटलजी ने भारतीय संस्कृति और हिन्दुत्व के सरोकारों में रंगे मन से कभी एक कविता लिखी थी। इस पर आवाजें भी उठी पर वह अपनी व्यंजना पर सदा अटल रहे थे। मुझे लगता है, उनकी वह कविता हिन्दुत्व को एक तरह से व्याख्यायित करती है। उन्होंने हिन्दुत्व को हिन्दुस्तान में ही रूपायित करते थोड़े में ही जैसे बहुत कुछ कह दिया है। पंक्तियां देखें, 'हिंदू तन–मन, हिंदू जीवन, रग–रग हिंदू मेरा परिचय/मैं अखिल विश्व का गुरू महान, देता विद्या का अमरदान/.. समष्टि के लिए व्यष्टि का कर सकता बलिदान'। जो लोग हिन्दुत्व की उदात्ता के गहरे अर्थों को नहीं समझते, उन्हें यह बात समझनी चाहिए कि हिदूं का अर्थ है, पूरा यह राष्ट्र सहिष्णुता की वह परम्परा जिसमें सनातन संस्कृति के मूल्य गहरे से समाए हुए हैं।

वाजपेयीजी का स्वस्थ संसदीय परम्पराओं से उनका गहरा नाता था। वह सीधे, सहज कहने में विश्वास रखते थे। सदन की परम्पराओं पर भी उनसे कई बार संवाद होता था।

हर बार मुझे यह भी लगता था कि संविधान और उससे जुड़ी संस्कृति के मूल्यों को वह किसी भी स्थिति में बचाए रखने के पक्षधर थे। सदन में मीडिया में स्थान पाने के लिए करने वाली जदोजहद से बहुत बार परेशान हो जाया करते थे। इस पर उनके मुख से व्यंग्यात्मक भाषा भी कई बार सुनी। लोकसभा में जब वह नेता प्रतिपक्ष थे तो बार–बार यह बात कहते थे कि 'सदन में सदस्यगण शोरगुल मचाने को सुर्खियों में आने का सुगम साधन समझते हैं। यह अच्छी बात नहीं है। किसी विषय पर गहन अध्ययन करने के लिए तथ्य एकत्र करें, तर्क संजोएं ।


याद है, प्रायः वह हंसी मजाक में यह भी कहा करते थे कि जैसे मनुष्य को प्यास लगती है वैसे ही राजनेताओं को, जनप्रतिनिधियों को 'छपास' लगती है। वाजपेयीजी जनसंघ की सीट पर उत्तर प्रदेश के बलरामपुर से चुन कर जब संसद में पहुंचे थे तब नेहरू जी द्वारा योग के अंतर्गत शीर्षासन जैसी कठिन मुद्राएं अखबारों में खूब छपती थी। एक दिन संसद में बहस के दौरान पं. जवाहर लाल नेहरू ने किसी मुद्दे पर अपनी बात बहुत प्रभावी तरीके से रखी। सबने उनके भाषण को सराहा। नेहरूजी ने विपक्ष में बैठे वाजपेयीजी की ओर देखते हुए मुस्कुरा के कहा, अब बताईए, आपका क्या कहना है? अटलजी भी कहां चुप रहने वाले थे। बोले, 'मैं जानता हूं कि पंडित जी शीर्षासन योग करते हैं। करना भी चाहिए पर इसका मतलब यह बिल्कुल नहीं है कि वो समस्याओं के समाधान को भी उलटे होकर देखे।' इतना कहते ही सदन में ठहाके गूंज उठे थे। मुझे लगता है, वाजपेयी सदन में होते तो वह सदा जीवंत रहता था।

वाजपेयीजी जैसे व्यक्तित्व इस दौर में विरल प्रायः हैं। विचार करता हूं, राजनीति में ऐसे व्यक्तित्व अब रह ही कहां गए हैं जो सबको साथ लेकर चलते हुए भी सदन को अपनी मौजूदगी से सदा रोशन रखें। संसदीय परम्पराओं, संस्कृति और साहित्य की संवेदनशीलता से जुड़ी वह ऐसी शख्सियत थी जिसने राजनीति में रहते हुए भी उसकी दलदल से अपने को दूर रखा। जननायक के रूप में अपनी पहचान बनायी। मेरा सौभाग्य रहा है कि उनसे इतनी निकटता थी कि जब–तब उनसे राजनीति और राजनीति से इतर भी बहुत से विषयों पर संवाद होता रहता था। कभी जब नहीं मिले हुए अधिक समय हो जाता, वह उलाहना भी देते थे। मीठी झिड़कियां, बहुत कुछ सुनना और अपनी ओर से उन्हें सुनाना भी। इतनी सारी बातें, यादें है कि लिखूंगा तो न जाने बात कहां पहुंच जाएगी। सौ बात की एक ही बात कहूंगा कि अटल जी राजनीति में अटल थे और सदा रहेंगे।

**कलराज मिश्र,**
**राज्यपाल, राजस्थान**

# महात्मा गांधी और ईसाई धर्म

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का अजमेर और ब्यावर के अतिरिक्त राजस्थान के किसी अन्य स्थान पर आगमन नहीं हुआ। अजमेर मेरवाड़ा उस समय केन्द्र शासित क्षेत्र था और स्वतंत्रता सेनानियों की मुख्य गतिविधियों का केन्द्र भी था। प्रदेश के अन्य भू–भाग में राजाओं का शासन था। गांधीजी राजस्थान के अन्य क्षेत्रों में नहीं आये किन्तु इन क्षेत्रों के स्वतंत्रता सेनानी उनसे निरन्तर संपर्क बनाये रखकर मार्ग दर्शन प्राप्त करते रहते थे।



देवी सिंह नरूका

**■ स्काटिश मिशन की प्रचारक लेडी किनियर्ड ने ईसाई धर्म अपनाने की मांग की थी**

राजस्थान के मूर्धन्य पत्रकार चन्द्रगुप्त वार्ष्णेय सन् 1940 में सेवाग्राम में हिन्दुस्तानी तालीमी संघ के मुख्य पत्र 'नई तालीम' के सहायक संपादक की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। उन्होंने अपने संस्मरण में लिखा है कि सेवाग्राम में पहुंचने के कुछ समय बाद ही उन्हें बापू के विनोदी स्वभाव और लोगों को निरुत्तर करने की अद्‌भुत क्षमता से साक्षात्कार हुआ। उस समय ईसाइयों के स्काटिश मिशन की प्रबल प्रचारक संभ्रान्त महिला लेडी किनियर्ड सेवाग्राम आईं और उसने बापू को ईसाई धर्म में दीक्षित करने की हठ पकड़ ली। लेडी किनियर्ड की उम्र 90 वर्ष से अधिक थी किन्तु उसमें युवाओं जैसी स्फूर्ति थी। वह लेडी तड़क–भड़क वाली पोशाक धारण करती थी और हाथों में सोने की चूड़ियां और जड़ाऊ अंगूठियां पहनती थीं।

जब वह बापू से ईसाई धर्म स्वीकार करने के लिए जिद करने लगी तब बापू ने उसे समझाया कि वह तो ईसा मसीह के आदेशों को मानते हैं और उन पर अमल भी करते हैं, इसलिए वह तो ईसाई जैसे ही हैं। इस पर लेडी किनियर्ड ने कहा कि वह तो चाहती है कि दीन व ईमान का पवित्र संबंध भी आपके साथ हो, यह तब ही संभव है जब आप बपितस्मा ले लें। तब बापू हंस कर लेडी किनियर्ड की गोदी में जाकर बैठ गये और कहा कि मैं आपको अपनी माँ के समान मानता हूँ। इसके बाद भी वह नहीं मानी, तब बापू ने लेडी किनियर्ड से पूछा कि–विश्व में करोड़ों लोग ईसाई धर्म के अनुयासी हैं, उनमें सच्चे ईसाई कितने लोग हैं?

लेडी किनियर्ड ने जवाब दिया कि–सच्चे ईसाई तो इने–गिरे ही हैं।' इस पर बापू ने कहा कि–'जिस दिन सभी ईसाई सच्चे ईसाई बन जायेंगे, उस दिन वह भी ईसाई धर्म ग्रहण कर लेंगे।' लेडी किनियर्ड के पास इसका कोई उत्तर नहीं था और वह निराश होकर चली गईं।

**देवी सिंह नरूका,**
**वरिष्ठ लेखक व पत्रकार**

# नागी के शहीदों की याद में आठ दिन तक होगा समारोह

## सुदर्शन चक्र डिवीजन और स्थानीय लोगों ने राजस्थान के श्रीगंगानगर और श्रीकरणपुर में की तैयारी




**सुदर्शन चक्र डिविजन के अधिकारियों ने रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया।**

**जयपुर,** (कासं)। सुदर्शन चक्र डिवीजन और स्थानीय लोगों ने राजस्थान के श्रीगंगानगर और श्रीकरणपुर को 1971 के नागी के महाकाव्य युद्ध में भारत की जीत के 50 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आठ दिनों तक चलने वाले समारोह के लिए तैयार किया है। नागी दिवस समारोह में शहीदों का आभार व्यक्त करने और सेना और स्थानीय समुदाय के बीच प्रतीकात्मक संबंधों के बारे में युवाओं को जागरूक करने के लिए भारतीय सेना और श्रीगंगानगर के नागरिक मंच द्वारा आयोजित कई कार्यक्रम शामिल होंगे।

24 दिसंबर 2021 को भारत पाक सीमा के करीब साधुवाली कैंट में मैराथन दौड़ आयोजित हो रहा है। 01 दिसंबर से 25 दिसंबर 2021 तक देश भर में प्रविष्टियां प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन मंच पर भारत के सभी नागरिकों के लिए एक पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। 27 दिसंबर 2021 को युद्ध के दौरान शहीद हुए सैनिकों के परिजनों को सम्मानित किया जाएगा।

**■ 27 को शहीद हुए सैनिकों के परिजनों को सम्मानित किया जाएगा**

एक सामूहिक बैंड प्रदर्शन भी आयोजित किया जाएगा जो बहादुरों को श्रद्धांजलि देने के उद्देश्य से मार्शल धुन बजाएगा। इस कार्यक्रम में वीर सैनिकों, सेवारत कर्मियों, नागरिक गणमान्य व्यक्तियों, मीडियाकर्मियों और सेना कर्मियों के परिवारों के भाग लेने की प्रोग्राम है। नागी दिवस कार्यक्रम की भव्य परिणति 28 दिसंबर 2021 को नागी युद्ध स्मारक में होगी । कार्यक्रमों में शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए सेना के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा युद्ध स्मारक पर माल्यार्पण करना शामिल होगा। इस कार्यक्रम में युद्ध के दिग्गज और युद्ध के वीर शामिल होंगे।

25/26 दिसंबर 1971 को, पाकिस्तान ने 16 दिसंबर 1971 को युद्धिवराम की घोषणा के बाद, नागी में भारतीय क्षेत्र पर कब्जा कर लिया था। नागी ने पश्चिमी मोर्चे के साथ एक भीषण लड़ाई देखी जिसमें हमारी सेना ने पाकिस्तान को हासिल करने के प्रयास को कुंद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी । जिसमें 21 बहादुर दिलों ने सर्वोच्च बलिदान दिया और राष्ट्र के सम्मान की रक्षा की।

# मुक्ताकाशी रंगमंच पर वसावा होली नृत्य व दर्पण सभागार में महाराष्ट्र के शेतकारी की प्रस्तुति

## रंगमंच पर प्रस्तुतियों की बहार, अपने ही रंग में लौटने लगा उत्सव

**उदयपुर,** (कासं)। शिल्पग्राम उत्सव धीरे–धीरे अपने रंग में रंगना शुरू हो गया है। चौथे दिन उत्सव में जहां पर्यटकों व आगंतुकों की वृद्धि देखी गई वहीं मुक्ताकाशी रंगमंच व दर्पण सभागार में अलग–अलग राज्यों से आए कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियां दी।

दोपहर में मुक्ताकाशी रंगमंच पर गुजरात की वसावा जनजाति का वसावा होली नृत्य हुआ जिसमें कलाकारों ने चित्ताकर्षक संरचनाएं बनाई व अपने नर्तन से उत्साह भरा। सिद्धी धमाल नृत्य की प्रस्तुति को दर्शकों द्वारा सराहा गया वहीं ढोलकी, मुगरवान, शंख की ध्वनि पर तीव्र लयकारी पर दर्शकों ने करतल ध्वनि से संगत करते हुए कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

दर्पण सभागार में महाराष्ट्र के कलाकारों की प्रस्तुतियों ने मनमोह लिया। इस अवसर पर महाराष्ट्र का शेतकारी नृत्य वहां के कृषक समुदाय से जुड़ा नृत्य था तो दमण के कलाकारों ने माछी नृत्य समुदाय द्वारा किये जाने वाले मत्स्य आखेट के दृश्यों को मंच पर साकार किया। लावाणी महाराष्ट्र की समृद्ध परंपरा है जिसमें शास्त्रीय नृत्य संगीत का अनूठा मिश्रण होता है। मराठी नर्तकियों ने लावणी शैली में अपनी नृत्य मुद्राओं से लुभाया।



**शिल्पग्राम उत्सव में मुक्ताकाशी रंगमंच पर वसावा होली नृत्य की प्रस्तुति देते गुजरात के कलाकार।**

**■ शिल्पग्राम उत्सव में चौथे दिन पर्यटकों व आगंतुकों की बढ़ोतरी देखी गई**

शिल्प बाजार के वस्त्र संसार में पसंदीदा वस्त्रों की खरीददारी करते महिलाएं नजर आई। महिलाओं का रूझान सलवार सूट, साड़ियों, आर्टीफिशियल ज्वैलरी, घर की सजावट, लैपम शेड्स, लालटेन, टेराकोटा आइटम्स, वूलन कारपेट आदि की तरफ रहा वहीं मेले में आने वाले युवाओं का आकर्षण विभिन्न फूड स्टॉल्स रहे जहां पिज़्जा, बरगर, साउथ इंडियन फूड, पाव भाजी, आइसक्रीम पर जोर रहा।

फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 72 संख्याः 145 प्रभात जयपुर, शनिवार 25 दिसम्बर, 2021 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.00 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot



ARBIT TODAY

**The Lost Tomb of Jesus**

In remote Himalayas there still lives a tribe that is considered to be the descendants of one of the ten 'lost tribes of Israel' who consider Jesus as their Youza.



**Festivities: Underwater Christmas Tree**



*कड़ाके की ठंड के बाद गर्म पानी में नहाने या स्पा की सुविधा मिल जाए, तो किसे अच्छा नहीं लगेगा। लेकिन कमाल की बात है कि बंदर भी इसका लुत्फ उठाते हैं। जापान में जंगली बंदरों की एक प्रसिद्ध टोली है जिसे गरम पानी के चश्मों में रिलैक्स करना अच्छा लगता है। दशकों से पर्यटकों को आनंदित करने वाले, बंदरों के इस दिलचस्प लक्षण का अध्ययन करने वाले वैज्ञानिकों ने पाया कि, ये बंदर कड़ाके की ठंड में ना केवल गर्मी पाने के लिए गर्म पानी में डुबकी लगाते हैं, बल्कि इससे बंदरों के मस्तिष्क में स्ट्रैस हारमोन का स्तर भी कम होता है। गत विन्टर ओलंपिक्स जिस स्थान पर आयोजित हुए थे, उसके पास है नागानो टाउन। यहाँ जैपनीज़ मैकॉक ऐसा ही अजीब व्यवहार करते हैं। भारत और चीन में बंदरों के नहाने के नज़ारे बेहद आम हैं लेकिन सिर्फ नागानो ही ऐसी जगह है जहां बंदर गर्म पानी में नहाते रिकॉर्ड किए गए हैं। अन्य मैकॉक नागानो की तुलना में और ज्यादा उत्तर में रहते हैं, इसलिए यह स्पष्ट है कि उन्होंने ठंडे मौसम से अनुकूलन कर लिया है। वहाँ गर्म पानी के कई प्राकृतिक चश्मे हैं, फिर भी, पानी का 140 डिग्री फैरनहाइट तापमान बहुत ही ज्यादा है। आस-पास के होटल वाले मेहमानों के लिए पूल में ठंडा पानी मिलाते हैं। सन् 1963 में ऐसे ही एक पूल में एक मादा बंदर को रिलैक्स करते देखा गया था। बाद में तो होटलों के पूल में बंदरों का आना बहुत बढ़ गया। जिससे लोगों के स्वास्थ्य को खतरा होने का डर हो गया। इसलिए पास में ही एक पार्क बनवाया गया जिसमें, विशिष्ट रुप से बंदरों के लिए ही 104 डिग्री तापमान वाले गरम पानी के कई पूल हैं। गर्म पानी में नहाना ठंड लगने का रामबाण इलाज तो है ही पर वैज्ञानिकों ने हाल ही में कई टैस्ट किए यह जानने के लिए कि क्या इस अनोखे व्यवहार के पीछे कोई अन्य प्रेरक तत्व भी हैं। वानरों के मजबूत सामाजिक बंधन को देखते हुए वैज्ञानिकों को आश्चर्य नहीं हुआ, जब उन्होंने पाया कि गर्म चश्मों में नहाने के बाद वानरों के मल में, स्ट्रैस हारमोन ग्लूकोकॉर्टिकॉइड, का स्तर काफी कम था, जो कि ठण्डे मौसम में बढ़ जाता है।*

# अशोक गहलोत उत्तराखण्ड के वरिष्ठ "प्रभारी" बनेंगे

## इस नियुक्ति का सीधा अर्थ है, गहलोत उत्तराखण्ड के चुनाव का खर्चा वहन करेंगे

**-रेणु मित्तल-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 24 दिसम्बर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को उत्तराखण्ड का वरिष्ठ पर्यवेक्षक बनाए जाने की संभावना है, जहां वे संभवतया कांग्रेस के हितों को देखेंगे, जिसका अर्थ होगा कांग्रेस को चुनाव लड़ने के लिए पर्याप्त मात्रा में फण्ड्स उपलब्ध करवाना।

ज्ञातव्य है कि गहलोत को केरल का भी वरिष्ठ पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया था, जहां पार्टी को कड़ी हार का सामना करना पड़ा था और वाम मोर्चे की सरकार राज्य में फिर से काबिज हो गई थी, जबकि केरल की परम्परा यह रही है कि यहां एक बार कांग्रेस और फिर वाम दल सत्ता में काबिज होते आए हैं।

- **जैसा कि विदित ही है, गहलोत को केरल का "वरिष्ठ प्रभारी" नियुक्त किया गया था, केरल के चुनाव के दौरान। पर वहां कांग्रेस को करारी हार का सामना करना पड़ा था। हालांकि, पुरानी "परम्परा" के अनुसार केरल में कांग्रेस की सरकार बनाने की बारी थी। क्योंकि एक बार कांग्रेस और दूसरी बार मार्क्सवादी पार्टी की सरकार बनाने का क्रम रहा है केरल में।**
- **हालांकि, हरीश रावत ने बगावत के तेवर दिखाये थे उत्तराखण्ड में। परन्तु दिल्ली बुलाकर 150 मिनट लम्बी बैठक के बाद, हरीश रावत को वापस देहरादून भेज दिया गया, इस आश्वासन के साथ कि, पहले वे उत्तराखण्ड में पार्टी को जितवायें, उसके बाद उन्हें मु.मंत्री बनाने की प्रक्रिया शुरू की जायेगी।**
- **अब कांग्रेस में यह सवाल चर्चा में है कि, राहुल की प्राथमिकता क्या है, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रहित कांग्रेस बनायें या प्रदेश में पार्टी की सरकार बने।**
- **क्या राहुल उत्तराखण्ड में पंजाब का उदाहरण दोहराना चाहते हैं, क्योंकि वे उत्तराखण्ड में भी, वो ही अस्थिरता पैदा कर रहे हैं, जो पंजाब में पैदा की थी। वैसे भी पंजाब की भांति उत्तराखण्ड में भी कांग्रेस का पलड़ा भारी है।**

पार्टी की अंदरूनी स्थिति को लेकर अपने कई ट्वीट्स में गुस्सा और चिंता व्यक्त कर चुके पार्टी के सीनियर नेता हरीश रावत ने आज राहुल गांधी से मुलाकात की और उसके बाद वे देहरादून लौट गए।

यह स्मरण होगा कि रावत को चार माह पूर्व पार्टी की प्रचार कमेटी का चेयरमैन नियुक्त किया गया था और अब वे उसी ओहदे के साथ पुनः देहरादून लौटे हैं।

रावत चाहते हैं कि उन्हें चुनाव का प्रमुख चेहरा बनाने की घोषणा की जाए और मुख्यमंत्री के रूप में प्रोजैक्ट किया जाए या कम से कम ऐसा ही कोई आश्वासन अंदर ही अंदर दे दिया जाए, लेकिन सूत्र बताते हैं कि उनसे यह कहा गया है कि पहले वे राज्य में पार्टी को जिताकर लाएं तथा बाकी बातों पर उसके बाद विचार किया जाएगा।

पार्टी के सीनियर नेताओं का कहना है कि कुल मिलाकर यह अध्याय अभी समाप्त होने वाला नहीं है तथा आगे और नौटंकी हो सकती है।

उत्तराखण्ड में कांग्रेस को एक बड़ी बढ़त मिली हुई है जबकि भाजपा को अपनी यथास्थिति बनाए रखने के लिए संघर्ष करते देखा जा रहा हैं।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'सुभाष चन्द्रा को विशेष सुविधाएं क्यों'

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 24 दिसम्बर। कांग्रेस ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी पर आरोप लगाया कि वे व्यापारी से हरियाणा के राज्यसभा सांसद बने एवं जी टीवी व एस्सैल ग्रुप के अपने चहेते 71 वर्षीय डॉ. सुभाष चन्द्र गोयनका के हितों की रक्षा कर रहे हैं। पार्टी ने कहा कि सुभाष चन्द्रा की वजह से ही पिछले साल एक निजी बैंक "यस बैंक लिमिटेड" डूब गया था।

- **कांग्रेस ने कहा कि, सुभाष चन्द्रा द्वारा यस बैंक के 6,789 करोड़ रूपये ऋण अदा न करने से, यस बैंक डूब सा गया था तथा स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया आदि ने 11,760 करोड़ रूपये की राशि उपलब्ध कराकर यस बैंक को जीवित रखा, पर ऋण जमा न कराने वाले सुभाष चन्द्रा का न तो पासपोर्ट जब्त किया गया, न ही ई.डी. आदि की जांच हुई। सुभाष चन्द्रा के साथ यह विशेष बर्ताव क्यों?**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# यू.पी. में चुनाव एक महीना आगे खिसकेंगे?

## मुख्य चुनाव आयुक्त ने अगले सप्ताह की यू.पी. की अपनी यात्रा के बाद इस मुद्दे पर निर्णय लेने की इच्छा जाहिर की

**-श्रीनंद झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 24 दिसम्बर। उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनावों को एक माह या अधिक के लिए स्थगित किया जा सकता है।

इलाहाबाद हाई कोर्ट के इस सुझाव के बीच कि ओमक्रॉन के खतरे को देखते हुए चुनाव स्थगित किए जाएं, चीफ इलैक्शन कमिश्नर (सी.ई.सी.) सुशील चन्द ने इसके काफी कुछ संकेत देते हुए कहा कि वे अगले सप्ताह उत्तर प्रदेश का दौरा करेंगे। सी.ई.सी. ने कहा कि इस संबंध में कोई उचित निर्णय उनके उत्तर प्रदेश दौरे के बाद ही लिया जाएगा।

विश्व जहाँ, कोविड-19 की चौथी लहर का सामना कर रहा है, वहीं भारत में भी इसको लेकर गहरी चिन्ताएं हैं क्योंकि इसके नए ओमक्रॉन वैरिएंट के 258 केस सामने आ चुके हैं।

स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने आज कहा कि कोविड-19 के इस नए वैरिएंट को अधिक तेजी से प्रसार करने वाला माना जाता है, "अतः हमें कोविड प्रोटोकॉल का समुचित पालन करते हुए सतर्क रहना है।"

- **इलाहाबाद हाई कोर्ट के न्यायाधीश शेखर कुमार यादव ने ओमक्रॉन के बढ़ते प्रकोप के संदर्भ में यू.पी. के चुनाव आगे खिसकाने का सुझाव दिया था।**
- **न्यायाधीश यादव पहले भी काफी चर्चित रहने वाली टिप्पणी करते रहे हैं। उदाहरण के लिये उन्होंने कहा कि, वैज्ञानिक मानते हैं कि गाय ही एक मात्र जानवर है, जो ऑक्सीजन छोड़ती है सांस लेते समय तथा गाय की सुरक्षा को हिन्दुओं के "फण्डामैन्टल राइट्स" (मौलिक अधिकारों) में शामिल किया जाये।**

उत्तर प्रदेश सरकार ने पूरे राज्य में 25 दिसम्बर से नाइट कर्फ्यू लागू करने का निर्णय लिया है, क्योंकि कोविड-19 के केस एक ही रात में डबल हो गए। शुक्रवार को 49 नए केस सामने आए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घोषणा की है कि सामाजिक एवं विवाह कार्यक्रमों में अधिकतम दो सौ जनों के भाग लेने की ही अनुमति होगी। तथापि, राज्य सरकार के अधिकारी ने कहा कि यह निर्णय राजनीतिक कार्यक्रमों पर लागू नहीं होगा। उन्होंने कहा कि "राजनीतिक रैलियों के लिए अब तक कोई विशिष्ट आदेश जारी नहीं हुए हैं, फिर भी लोगों को मास्क पहनने के लिए

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## हरीश रावत के नेतृत्व में चुनाव लड़ा जायेगा

**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 24 दिसम्बर। उत्तराखंड के नाराज़ पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने शुक्रवार को राजनीति छोड़ने की धमकी तब वापस ले ली जब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने घोषित कर दिया की उत्तराखंड में हरीश रावत के नेतृत्व में ही पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव लड़ेगी। हालांकि उन्हें मुख्यमंत्री पद का प्रत्याशी घोषित नहीं किया क्योंकि यह निर्णय आगामी विधानसभा चुनाव के बाद लिया

- **राहुल गांधी ने हरीश रावत की अन्य शर्तें भी मानीं, प्रभारी देवेन्द्र यादव को उत्तराखण्ड से बाहर जिम्मेवारी देने का वादा किया, पर रावत विरोधियों की यह बात भी स्वीकार की कि, रावत को पूरी छूट नहीं मिलेगी टिकट वितरण में।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# पांच बॉलीवुड एक्ट्रैस ई.डी. की जांच के दायरे में

**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 24 दिसम्बर। एन्फोर्समैंट डायरैक्ट्रेट (ई.डी.) ने बॉलीवुड की 5 अभिनेत्रियों के ठग सुकेश चन्द्रशेखर से संबंध होना पाया है। इन्हें जल्दी ही सम्मन भेजा जाएगा।

इन्हें 200 करोड़ रू. के मनी लॉण्डरिंग केस में गवाह बनाया जाएगा। इन अभिनेत्रियों ने या तो कथित रूप से सुकेश से महंगे तोहफे लिए है या फिर वे प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से उसके सम्पर्क में रहीं हैं।

इन अभिनेत्रियों से पूछताछ की जाएगी यह जानने के लिए कि क्या वे सुकेश की वास्तविक पहचान के बारे में जानती थीं और उन्होंने सुकेश से महंगे तोहफे क्यों लिए थे। इनकी पहचान की पुष्टि नहीं हो सकी है।

ठग सुकेश चन्द्रशेखर, जिसे बालाजी के नाम से भी जाना जाता है, इस समय दिल्ली की तिहाड़ जेल में है। उस पर रैनबैक्सी के पूर्व प्रमोटर शिवेन्द्र मोहन सिंह की पत्नी अदिति सिंह से जून 2020 और मई 2021 के बीच 200 करोड़ रू. की उगाही करने का आरोप है। लगभग एक साल पहले तक वह चेन्नई शानो-शौकत की ज़िंदगी जी रहा था। सी फेसिंग बंगला, फरारी और पोर्श जैसी महंगी कारों का काफिला था उसके पास। अक्सर वह बेहद अमीर लोगों को ही अपना निशाना बनाता था जिसमें नेता भी शामिल थे। इसके अलावा उच्च अधिकारियों को फंसाना और बॉलीवुड अभिनेत्रियों को रिझाना भी उसका प्रिय शौक रहा है।

- **ये सिने तारिकाएं पुराने ठग (कॉन मैन) चन्द्रशेखर के करीबी सम्पर्क में थीं।**
- **चन्द्रशेखर पर ई.डी. ने दो सौ करोड़ रूपये का "मनी लॉण्डरिंग" का मुकदमा चला रखा है। चन्द्रशेखर पर रैनबैक्सी कम्पनी के पूर्व मालिक शिवेन्द्र मोहन सिंह, अदिति सिंह से दो सौ करोड़ रूपये ऐंठने का आरोप है।**
- **बॉलीवुड की पांच सिने तारिकाओं पर चन्द्रशेखर से भारी बहु कीमती तोहफे लेने का मामला है। ई.डी. का आरोप है, यह तोहफे मनी लॉण्डरिंग पैसे का ही हिस्सा हैं।**
- **जैक्लीन फर्नांडिस पर आरोप है कि, उन्होंने चन्द्रशेखर से दस करोड़ रूपये के तोहफे प्राप्त किये तथा नोरा फतेही को चन्द्रशेखर ने एक बी.एम.डब्ल्यु. कार भेंट की थी।**

नोरा फातेही और जैकलीन फर्नांडिस पहले से ही ई.डी. की जाँच के दायरे में हैं, उन्होंने सुकेश

महंगे तोहफे लिए थे। दोनों अभिनेत्रियों से ई.डी. पूछताछ कर रहा है। जाँच में जब यह सामने आया कि सुकेश ने उन्हें करोड़ों रू. के महंगे

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## मिग-21 क्रैश

जैसलमेर, 24 दिसम्बर (नि.सं.)। जैसलमेर में पाक बॉर्डर के पास गंगा गांव स्थित डैजर्ट नैशनल एरिया में शुक्रवार को वायु सेना का एक मिग -21 विमान क्रैश हो गया। इस हादसे में पायलट हर्षित सिन्हा की मौत हो गई।

- **जैसलमेर में हुई इस दुर्घटना में पायलट शहीद हुआ।**

जानकारी के मुताबिक यह एरिया सुदासरी डैज़र्ट नैशनल पार्क में है। यह एरिया मिलिट्री के कंट्रोल में है, इसलिए वहां किसी को जाने नहीं दिया जा रहा है। विमान लगभग साढ़े आठ बजे क्रैश

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# नैशनल हाईवे पर दुकानों की तोड़-फोड़ की कार्यवाही रुकी!

## हाई कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि, नगर पालिका ने तोड़-फोड़ करने के आदेश विधिवत् तरीके से नहीं दिये

**- यादवेन्द्र शर्मा -**

जयपुर, 24 दिसंबर। राजस्थान हाई कोर्ट ने कोटपूतली तहसील में नगरपालिका मण्डल द्वारा तहसील के मास्टर प्लान 2011 को क्रियान्वित करने की आड़ में एक पट्टा धारी की इमारत को "विधिक प्रक्रिया अपनाए बिना" ही तोड़ फोड़ करने का नोटिस जारी करने के मामले में प्रशासन के इस आदेश पर रोक लगाई है।

इस मामले में हरी प्रसाद शर्मा ने याचिका दायर की थी, जिस पर सुनवाई करते हुए न्यायाधीश उमा शंकर शर्मा ने यह आदेश दिये हैं।

यहां हैरानी की बात यह है कि नगरपालिका के कार्यकारी अधिकारी ने कोटपूतली में करीब 500 दुकानों को 14 दिसंबर 2021 को नोटिस जारी किये थे, जिसमें कहा गया था कि उक्त क्षेत्र में, जो एन.एच. 8 से संलग्न रोड है, उस रोड को चौड़ा किया जायेगा।

नगरपालिका के नोटिस में आगे कहा गया था कि रोड को चौड़ा करने के लिए अतिक्रमण को हटाया जायेगा, इसलिए रोड के समीप भूखण्डों के मालिक या तो तीन दिन में अतिक्रमण को खुद ही तोड़ दें या अपने भूखण्डों के दस्तावेज़ नगरपालिका में प्रस्तुत करें। नोटिस में आगे लिखा था कि अगर इस आदेश की पालना नहीं हुई तो नगरपालिका सभी अतिक्रमण को तोड़ेगी और अतिक्रमणकारियों से इसमें होने वाला व्यय वसूलेगी। तत्पश्चात कई दुकानदारों ने अपने भूमि के पट्टे नगरपालिका में प्रस्तुत नहीं किये थे।

- **गत गुरुवार को कोटपूतली नगर पालिका ने 500 दुकानों को चिन्हित कर तोड़-फोड़ करने के नोटिस दे दिये थे।**
- **गौरतलब है कि, नगरपालिका ने न तो यह स्पष्ट किया है कि अतिक्रमण किस भूमि या क्षेत्र पर है और न ही दुकानदारों से कोई भूमि अवाप्त की है। परंतु तोड़-फोड़ करने के नोटिस 500 दुकानदारों को दे दिये हैं।**

परंतु 23 दिसंबर को नगर पालिका ने एक नया प्रेस नोट जारी किया जिसके तहत कहा गया कि उक्त क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग में संलग्न रोड, जो पुरानी नगरपालिका तक जाती है उसे 80 फीट तक चौड़ा किया जायेगा और इस रोड से संलग्न रोड, जो शनि मंदिर तक जाती है उसे 60 फीट तक चौड़ा किया जायेगा। प्रेस नोट में आगे कहा गया था कि "शहरी क्षेत्रवासी" रास्ते में आने वाले स्थायी व अस्थायी निर्माण को स्वयं हटालें, नहीं तो नगरपालिका इस कार्य को स्वयं अंजाम देगी और इसके हर्जा-खर्चा की जिम्मेदारी भूखण्ड मालिकों की होगी।

इन दोनों नोटिसों को चुनौती देते हुए संविधान की धारा 226 के तहत, याचिकाकर्ता हरी प्रसाद शर्मा, ने उच्च न्यायालय में याचिका प्रस्तुत की। याचिकाकर्ता की ओर से यह याचिका अधिवक्ता सचिन बोरा ने प्रस्तुत की थी और पैरवी के लिए सीनियर अधिवक्ता कमलाकर शर्मा और उनके सहायक वकील मधुसूदन राजपुरोहित पेश हुए थे। अदालत ने कहा कि नगरपालिका ने विधिक प्रक्रिया अपनाये बिना और भूमि को अवाप्त किये बिना ही याचिकाकर्ता को नोटिस दिये और जिसके तहत उक्त भूमि पर तोड़ फोड़ की जाने वाली थी।

अदालत ने अपने आदेश में यह टिप्पणी की है कि नगरपालिका के नोटिस व सार्वजनिक सूचना में उक्त सड़क पर किसी भी प्रकार के अतिक्रमण का स्पष्ट उल्लेख नहीं है, जिस पर नगरपालिका कार्यवाही कर सकती है।

अदालत ने आदेश में कहा था कि पालिका द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों से साबित होता है कि उनके पिता उक्त क्षेत्र में 125.33 वर्गगज भूमि के स्वामी हैं, जिसमें से 71.33 स्कवायर यार्ड भूमि उनके पिता की थी और 54 वर्गगज भूमि

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## चीन में असंतुष्ट!

**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 24 दिसम्बर। चीन के हुनान प्रांत में एक ग्रामीण स्कूल में पढ़ाने वाली ली तीआनतीन गायब हो गई हैं। उसने अपने दोस्तों को बताया था कि पुलिस अधिकारी जबरन उसके घर में घुसे और उसे मनोचिकित्सालय ले गए।

सरकार के आलोचकों को मनोचिकित्सालय भेजना असंतोष को दबाने का पुराना तरीका है। रविवार को गायब हुई ली के बारे में प्रशासन ने मौन साध रखा है तथा न्यूयॉर्क टाइम्स से बार-बार आए फोन कॉल का भी उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया।

- **चीन ने असंतुष्ट आलोचकों से निपटने का सीधा व सरल रास्ता अपनाया है, "इन्हें पागलखाने भेज दो"।**

ली ने अपने दोस्तों को बताया था कि अधिकारियों ने उस पर आरोप लगाया है कि वे सोशल मीडिया पर सरकारी रूप से स्वीकृत टिप्पणी का उल्लंघन कर रही हैं। हाल ही में ली ने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# घर-घर कचरा संग्रहण में फेल बीवीजी कंपनी जयपुर हैरिटेज निगम से टर्मिनेट

## बदहाल सफाई व्यवस्था से नाराज आयुक्त अवधेश मीणा ने 3 दिसंबर को इस कंपनी को थमाया था अंतिम नोटिस, टैंडर की शर्तों के मुताबिक काम नहीं करने पर शुक्रवार को ठेका निरस्त किया

**जयपुर** (कासं)। घर-घर कचरा संग्रहण में फेल बीवीजी कंपनी को जयपुर हैरिटेज नगर निगम ने टर्मिनेट कर दिया है। बदहाल सफाई व्यवस्था नहीं सुधारने पर आयुक्त अवधेश मीणा ने 3 दिसंबर को अंतिम नोटिस थमाया था, शुक्रवार को ठेका निरस्त कर दिया गया। ऐसे में अब शहर की सफाई व्यवस्था को नगर निगम स्वयं संभालेगा। शनिवार को हैरिटेज क्षेत्र के 100 वार्डों में एक-एक हूपर भेजने का दावा किया जा रहा है। सफाईकर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई है। सुबह 6 से रात 10 बजे तक दो पारियों ने सफाई होगी।

आयुक्त अवधेश मीणा ने बताया कि बीते साढ़े 4 साल से कंपनी के पास घर-घर कचरा संग्रहण का काम था, लेकिन टैंडर की शर्तों के मुताबिक कभी काम नहीं हुआ। सैकड़ों नोटिस थमाये, लेकिन कंपनी का रवैया नहीं सुधरा। 3 दिसंबर को कंपनी के प्रोजेक्ट हैड को फाइनल नोटिस देकर टर्मिनेशन की चेतावनी दी थी। हद तो तब हो गई जब बीवीजी कंपनी ने निगम प्रशासन को अपने जवाब में यहां तक कह दिया कि सभी घरों से कचरा उठाना उसके टैंडर की शर्त में शामिल ही नहीं है। जबकि प्रत्येक घर, बाजार, होटल, उद्यान, सार्वजनिक स्थल, मीट मार्केट, सब्जी मंडी और सरकारी, शैक्षणिक व औद्योगिक संस्थान का कचरा उठाने की शर्त उसके टैंडर में शामिल थी।

■ **बीवीजी कंपनी ने निगम प्रशासन को अपने जवाब में यहां तक कह दिया कि "सभी घरों से कचरा उठाना उसके टैंडर की शर्त में शामिल ही नहीं है। जबकि प्रत्येक घर, बाजार, होटल, उद्यान, सार्वजनिक स्थल, मीट मार्केट, सब्जी मंडी और सरकारी, शैक्षणिक व औद्योगिक संस्थान का कचरा उठाने की शर्त उसके टैंडर में शामिल थी।"**

कंपनी के कचरा उठाने वाले वाहनों पर व्हीकल मॉनिटरिंग सिस्टम (वीटीएस) नहीं लगा, ना गीला-सूखा कचरा अलग हुआ। वार्डों में 4-5 दिन तक हूपर नहीं पहुंचता। कचरा ट्रांसफर स्टेशन खुद कंपनी को बनाने थे, जो नहीं बनाये। उल्टा नगर निगम के ट्रांसफर स्टेशनों के आसपास गंदगी के ढेर लगाकर लोगों का आक्रोश व्याप्त करवाते रहे। परकोटे की 5400 गंदी गलियों में से एक की भी सफाई नहीं हुई। यहां तक कि कचरा उठाने वाले वाहनों के कागजात तक नहीं सौंपे। हूपरों पर हैल्पर और ड्राईवर तक नहीं रखे। ना ही कंपनी के कर्मचारियों के पीएफ और ईएसआई के दस्तावेज दिये।

अवधेश मीणा ने बताया कि अब हैरिटेज नगर निगम स्वयं सफाई व्यवस्था को संभालेगा। सफाई कर्मचारियों और उनसे जुड़े अफसरों की छुट्टियां रद्द कर दी गई है। वर्तमान में नगर निगम के पास 100 हूपर उपलब्ध हैं और हर वार्ड में एक-एक हूपर लगाकर हम अपने स्तर पर डोर टू डोर कचरा कलेक्शन करवाएंगे। इसके अलावा 3-3 हूपर किराए पर चलाने के लिए टेण्डर किए हैं, जो 28 दिसंबर को खोले जाएंगे। जोन वार सीएसआई और एसआई को कचरा उठाने के लिए एक-एक यूनिट दी गई है, जिसमें लोडर, डम्पर, ट्रैक्टर उपलब्ध करवाए गए हैं, जो ओपन डिपो से कचरा उठवाएंगे।

# सीएम हाऊस घेरने निकले छात्रों से पुलिस की झड़प

## छात्रसंघ चुनाव करवाने की मांग को लेकर शहीद स्मारक पर जुटे थे सैकड़ों विद्यार्थी



**शहीद स्मारक से मुख्यमंत्री आवास को घेरने निकले छात्रों की पुलिस के साथ झड़प हो गई, इस दौरान पुलिस ने हल्का बल प्रयोग किया।**

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान में छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर छात्रों का विरोध लगातार बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार को प्रदेशभर से छात्र जयपुर के शहीद स्मारक पर पहुंचे। यहां से छात्र संघ चुनाव कराने की मांग करते हुए मुख्यमंत्री निवास की ओर कूच कर दिया। इस दौरान पुलिस और छात्रां के बीच झड़प भी हो गई। जिसके बाद विवाद बढ़ता देख आनन-फानन में पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामला शांत करवाया।

दरअसल, राजस्थान में करोना संक्रमण के चलते पिछले 2 सालों से छात्रसंघ चुनाव नहीं हुए हैं। लेकिन अनलॉक डाउन की प्रक्रिया के बाद प्रदेश में विधानसभा उपचुनाव हो गए थे। जिसके बाद छात्रों ने भी छात्र संघ चुनाव कराने की मांग तेज कर दी थी। ऐसे में छात्र नेता लोकेंद्र सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में शुक्रवार को छात्र जयपुर के शहीद स्मारक पहुंचे थे। इस दौरान आक्रोशित छात्रों ने मुख्यमंत्री निवास की ओर कूच कर दिया। जिसके बाद बमुश्किल पुलिस ने मामला शांत करवाया और छात्रों के प्रतिनिधिमंडल को मुख्यमंत्री निवास भेजा। वहीं मुख्यमंत्री निवास में आला अधिकारियों से मिलने के बाद छात्रों ने कहा कि उन्होंने अपना मांग पत्र सौंप दिया है। ऐसे में अगर सरकार ने जल्द से जल्द छात्र संघ चुनाव नहीं करवाए तो आने वाले वक्त में प्रदेशभर के छात्र सरकार के खिलाफ बड़ा आंदोलन करेंगे।

## रेजिडेंट डॉक्टर्स के आंदोलन का जार्ड ने समर्थन किया

**जयपुर** । नीट पीजी कॉउंसिलिंग जल्द करवाने के लिए रेजिडेंट डॉक्टर्स की ओर से चल रहे राष्ट्रव्यापी आंदोलन का जार्ड के प्रतिनिधियों ने भी समर्थन किया है। जार्ड के अध्यक्ष अमित यादव ने बताया कि पिछले 5 दिन से दिल्ली में निर्माण भवन के सामने धरने पर बैठे हजारो रेजिडेंट डॉक्टर्स को जार्ड के प्रतिनिधि दल ने वहां पहुंचकर अपना समर्थन दिया है। इसके साथ ही मंच से हेल्थ मिनिस्ट्री को नीट पीजी कॉउंसिलिंग ना करवाने के कारण मरीजों को होने वाले नुकसानों के बारे में सचेत किया। गौरतलब है कि दिल्ली रेजिडेंट के आंदोलन का राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, पंजाब व हरियाणा के हजारों रेजिडेंट डॉक्टर्स ने अपना समर्थन दिया है। रेजिडेंट ने आव्हान किया कि जब तक नीट पीजी कॉउंसिलिंग की प्रक्रिया शुरू नही हो जाती है तब तक ये आंदोलन अनिश्चित काल तक चलेगा। जार्ड का कहना है कि मरीज हितों के चलते प्रदेश में पुनः कार्यबहिष्कार नहीं करेंगे, लेकिन सांकेतिक प्रदर्शन जारी रखेंगे।

## पंकज जोशी बने नॉन ऑफिशियल डायरेक्टर

**जयपुर**। केन्द्र सरकार द्वारा पंकज जोशी को पंजाब नेशनल बैंक में पार्ट-टाइम नॉन ऑफिशियल डायरेक्टर बनाया गया है, जिसकी अवधि तीन वर्ष होगी। पंकज जोशी जयपुर के महापौर रह चुके हैं और वर्तमान में भाजपा राजस्थान मीडिया के प्रदेश संयोजक हैं।

# लोगों के कार्ड बदलकर एटीएम से नकदी निकालने वाले 4 शातिर बदमाश दबोचे

## पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से विभिन्न बैंकों के 69 एटीएम कार्ड, दो छोटे गैस कट्टर व एक स्प्रे की बोतल बरामद की

**जयपुर** (कासं)। सुभाष चौक पुलिस और जिला स्पेशल टीम उत्तर (डीएसटी) ने एटीएम कार्ड बदलकर एटीएम से रुपये निकालने वाली अंतरराज्यीय गैंग के चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार बदमाशों से विभिन्न बैंकों के 69 एटीएम कार्ड व दो छोटे गैस कट्टर व एक स्प्रे की बोतल बरामद की है।

■ **यह गैंग बीते 2 वर्षों में जयपुर, पावटा, कोटपूतली, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक और महाराष्ट्र में 200 से ज्यादा वारदातों को अंजाम दे चुकी है।**

आरोपितों ने पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में जयपुर, पावटा, कोटपूतली, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र में पिछले दो वर्षों में 200 से ज्यादा वारदात करना स्वीकार किया है। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर परिस देशमुख ने बताया कि सुभाष चौक थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम उत्तर (डीएसटी) ने कार्रवाई करते हुए एटीएम कार्ड बदलकर एटीएम से रुपये निकालने वाली अंतरराज्यीय गैंग के शातिर बदमाश आसिफ बैंग उर्फ चांद (37),अजीम बैग(34),शादाबा (22) और वाजिद बैग (30) को चार दरवाजा गंगापोल रोड से गिरफ्तार किया है और चारों ही आरोपित गाजियाबाद उत्तर प्रदेश के रहने वाले है।



**पुलिस ने एटीएम कार्ड बदलकर नकदी निकालने वाली अंतरराज्यीय गैंग को गिरफ्तार किया।**

जिनके पास से स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया के 16, पंजाब नेशनल बैंक के 8, आईसीआईसीआई और एचडीएफसी बैंक के 6-6, बैंक ऑफ बडौदा के 5, कोटक महिन्द्रा बैंक के 4, यूनियन व एक्सिस बैंक के 3-3, सिंडिकेंट बैंक, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया, पेटीएम, कॉरपोरेशन बैंक तथा बैक ऑफ इण्डिया के 2-2, सिटी बैंक, आईडीबीआई , आन्ध्रा, यस, फैडरल, बंधन, इंडियन बैंक व यूको बैंक का 1-1 एटीएम कार्ड व दो छोटे गैंस कटर तथा एक स्प्रे बोतल जब्त किया है। आरोपितों ने पूछताछ में सामने आया कि एटीएम मशीनों पर पैसे निकालने के लिए आने वाले ग्राहको को बातों में लेकर उनका एटीएम कार्ड बदलकर उनके खाते में जमा रकम निकाल लेते है, जिन्होने जयपुर शहर सहित पावटा कोटपूतली, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र में गत दो वर्ष में 200 से ज्यादा वारदात करना कबूला है। पूछताछ में और भी कई वारदात खुलने की आशंका जताई जा रही है।

## कार सवार से हवाई फायर कर 10 लाख रु. लूट

**जयपुर** (कासं)। सांगानेर सदर इलाके के सायपुरा गांव में शुक्रवार रात को बाइक सवार दो लुटेरे एक कार सवार से करीब 10 लाख रुपए लूट ले गए। बाइक सवारों ने अंधेरे में सुनसान जगह पर अचानक कार के आगे वाहन लगाकर उसे रोक लिया और बंदूक से हवाई फायर किए। कार सवार वाहन से उतरकर जान बचाने के लिए भाग, तभी कार में रखे 10 लाख रुपए लुटेरे लेकर भाग निकले। सूचना पर सांगानेर सदर पुलिस मौके पर पहुंचे और लुटेरों की तलाश में नाकाबंदी करवाई। देर रात तक लुटेरों का सुराग नहीं लग सका।

पुलिस ने बताया कि सायपुरा निवासी सीताराम चौधरी की जयपुर में शराब दुकान है। सीताराम शुक्रवार रात को दुकान का 10 लाख रुपए का कलेक्शन लेकर घर लौट रहे थे। सायपुरा में रात करीब 9 बजे अंधेरे में सुनसान जगह पर जाते समय पीड़ित को लुटेरों ने रोक लिया और रुपए लूट ले गए। उधर विश्वकर्मा थाना पुलिस ने रमेश चन्द्र गुर्जर की हत्या के मामले में फरार चल रहे वांटेड को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि दौलतपुरा स्थित बड़ा भाटिया निवासी सोनू मीणा को गिरफ्तार किया है। हत्या के मामले में इरशाद अली, करण नायक, शहजाद अली उर्फ बाबू, विनोद सैनी और सन्नी उर्फ राहुल शर्मा को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपियों ने कहासुनी के बाद 14 अक्टूबर को भवानी टावर के बाहर रमेश पर सरेआम हमला कर दिया था। वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में भी वारदात कैद हो गई थी।

## सार-समाचार

### चूड़ी कारखाने से 17 बालश्रमिक छुड़ाए

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान बचपन बचाओ आन्दोलन जयपुर की सूचना पर श्रम विभाग, मानव तस्करी विरोधी यूनिट और पुलिस ने 17 नाबालिग बालश्रमिकों का मुक्त करवाया है। बचपन बचाओ आन्दोलन की सूचना पर जयपुर नॉर्थ के दो थाना क्षेत्रों भट्टा बस्ती और विद्याधर नगर में 17 नाबालिग बालकों को चूड़ी कारखाने से मुक्त कराया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने बाल श्रम करवा रहे 3 व्यक्तियों को मौके से गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई के दौरान, भट्टा बस्ती थाना क्षेत्र के एक कारखाने से 2 नाबालिग बच्चे और 1 आरोपी को मौके से गिरफ्तार किया। दूसरे कारखाने से 13 नाबालिग बच्चे और 2 आरोपियों को मौके से गिरफ्तार किया। दोनों मामलों में, तीन अभियुक्तों को पकड़ कर पुलिस थाना भट्टा बस्ती लाया गया । वहीं विद्याधर थाना इलाके से गर्म लाख के कारखाने से 2 बच्चों को मुक्त कराया गया। वहीं पुलिस की कार्रवाई के बाद पुलिस ने देखा तो मुक्त हुए बच्चों में सबसे छोटा बच्चा करीब 10 वर्ष उम्र का था। पुलिस बच्चों को उनके घर भेजने के लिए उनके परिजनों से संपर्क कर रही है।

### केपीएल सीजन-5 के पुरस्कार वितरित



**जयपुर**, (का.सं.)। कोड़ाई क्रिकेट एकेडमी में केपीएल सीजन 5 का पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया गया। जिसमे शरद जोशी (पूर्व रणजी खिलाड़ी व कोच), डॉ. के. के.शर्मा, अनिल मेहता (निदेशक कोड़ाई ग्रुप), वी. पी.सिंह मुख्य अथिति के रूप मे मौजूद रहे। अतिथियों ने उत्कृष्ट खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। जूनियर केटेगरी में प्रेणित बेस्ट बैट्समैन, अश्विन व पृथ्वी बेस्ट बोलर, लव्य बेस्ट फिल्डर व वशिष्ठ शर्मा को मैन ऑफ द टूर्नामेंट से पुरस्कृत किया गया, वही सीनियर कैटेगरी में सारांश गोस्वामी को बेस्ट बैट्समैन, जतिन व अरमान बेस्ट बोलर, दीपेश वर्मा बेस्ट फील्डर व देवेश सैनी को मैन आफ द सीरीज से नवाजा गया।

### कच्ची बस्तियों में कम्बल बांटे

**जयपुर**, (का.सं.)। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ए आर वेलफेयर फाउण्डेशन द्वारा जवाहर नगर व दिल्ली बाईपास की कच्ची बस्तियों के गरीब परिवारों को सर्दी से राहत दिलाने हेतु कम्बल वितरण शिविर लगाये जा रहे है। सैक्टर नं. 2 जवाहर नगर के शिविर में 100 व आमागढ़ ओर नाई की थड़ी, शिविरों में 200 से अधिक परिवारों को गर्म कम्बल बांटे गये गये तथा सड़क के किनारे थड़ियों के साथ लेटे हुए कुछ व्यक्तियों को रात में कम्बल उढ़ाये गये। सैक्टर 2 जवाहर नगर लगाये शिविर में प्रमुख समाज सेवी 90 वर्षीय लेखराज महंदीरत्ता मुख्य अतिथि द्वारा अपने हाथों से ट्रस्ट के अध्यक्ष पूर्व आई.ए.एस.आर.खान के साथ विधवाओं को कम्बल बांटे। शिविर की व्यवस्था समाजसेवी शेर सिंह चौधरी व वसीम परवेज व मोहसिन द्वारा की गयी। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष नजीब अनवर खान व ट्रस्टी अजीजा खान भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### कालबेलिया व कर्मा नृत्य ने जमाया रंग

**जयपुर**, (का.सं.)। आजादी का अमृत महोत्सव के तहत जवाहर कला केन्द्र (जेकेके) में चल रहे 11-दिवसीय 24वें लोकरंग-2021 के 9वें दिन भी बड़ी संख्या में दर्शक लोकनृत्य व संगीत के विविध सांस्कृतिक रंगों में डूबे नजर आए। जेकेके के मध्यवर्ती में लोक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से रंग जमा दिया। शुक्रवार को विभिन्न प्रस्तुतियां आयोजित हुईं जिनमें राजस्थान के कलाकारों ने जोधपुर का कालबेलिया नृत्य व डफ चंग का प्रदर्शन किया। वहीं झारखंड के कर्मा नृत्य व शिकारी नृत्य ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। इसके साथ ही जम्मू-कश्मीर का रऊफ नृत्य, असम का बारदोई शिकला और झुमुर नृत्य, हरियाणा का घूमर, पंजाब का झूमर, और गुजरात का सिद्धि धमाल प्रस्तुत किया गया। इसी प्रकार से शुक्रवार को जेकेके के शिल्पग्राम में भी रंगारंग प्रस्तुतियों का आयोजन हुआ। राजस्थान सहित कई राज्यों के कलाकारों ने अपने-अपने क्षेत्र की लोक कलाओं का प्रदर्शन किया। राजस्थानी कलाकारों ने कठपुतली, बहुरूपिया, अलवर का खारी नृत्य, राजस्थानी घूमर नृत्य, बांसवाड़ा का डांगडी नृत्य प्रस्तुत किया। उत्तराखंड का छप्पेली, हिमाचल प्रदेश का सिरमोर नाटी, पंजाब का नचार, हरियाणा का बीन और झारखंड का मानभूम छउ नृत्य की प्रस्तुतियां हुई।

### लैब टेक्नीशियन संघ के चुनाव 26 को

**जयपुर**। अखिल राजस्थान लैब टेक्नीशियन कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए संचालन समिति ने कार्यक्रम घोषित कर दिया है। इसके तहत 26 दिसंबर को चुनाव करवाए जाएंगे। कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सज्जन सोनी ने बताया निर्वाचन अधिकारी डॉ. विनोद बिहारी कुमावत एवं व्याख्याता सांवरमल यादव की उपस्थिति में 26 दिसंबर को सवाई मानसिंह चिकित्सालय परिसर स्थित जयपुर मेडिकल एसोसिएशन सभागार में लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव संपादित करवाए जाएंगे। सोनी ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव हर 3 साल में लोकतांत्रिक तरीके से किए जाते हैं जिसमें राजस्थान के समस्त लैब टेक्नीशियन संघ के जिलाध्यक्ष व महा समिति के सदस्य चुनाव प्रक्रिया में भाग लेते है।

## विवि. शिक्षकों ने धरना दिया

**जयपुर**, (कासं)। सेवानिवृत्त शिक्षकों की पदोन्नित प्रक्रिया पर रोक को लेकर राजस्थान विश्वविद्यालय के शिक्षकों ने उच्च शिक्षा विभाग के सचिव एनएल मीणा के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। शिक्षकों ने धरना देकर इस फैसले को वापस लेने की मांग की है। पिछले दिनों राजस्थान विश्वविद्यालय में शिक्षकों की पदोन्नति की प्रक्रिया पूरी हुई है। जिसमें सेवानिवृत्त शिक्षकों को भी डेट ऑफ एलिजिबलिटी के आधार पर प्रमोशन दिया गया है। इस प्रक्रिया की जांच के लिए सरकार द्वारा एक कमेटी का गठन किया गया, लेकिन कमेटी की रिपोर्ट आने से पहले ही उच्च शिक्षा सचिव ने विश्वविद्यालय प्रशासन को पत्र लिखकर सेवानिवृत्त शिक्षकों के पदोन्नित की प्रक्रिया पर रोक लगाने के निर्देश दिए थे। ऑल राजस्थान विश्वविद्यालय टीचर्स एसोसिएशन के बैनर तले शुक्रवार को शिक्षकों ने धरना दिया। इस दौरान उच्च शिक्षा विभाग के सचिव एनएल मीणा के फैसले का विरोध करते हुए इस पत्र को वापस लेने की मांग की।

## वैक्सीन लगाने ऊंट पर बैठकर बाड़मेर पहुंची हेल्थ केयर वर्कर

**जयपुर** । केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने बाड़मेर के धोरों पर ऊंट से वैक्सीन लगाने पहुंची फ्रंटलाइन हेल्थ केयर वर्कर की फोटो शेयर की।

शेखावत ने लिखा मोदी सरकार के अखिल भारतीय कोविड टीकाकरण अभियान की गंभीरता और क्रियान्वयन को दर्शाता एक दृश्य बाड़मेर से यह भी, जिसमें एक हेल्थ केयर वर्कर ऊंट पर बैठकर टीका लगाने पहुंची।

## बस की चपेट में आये मजदूर की मौत

**जयपुर** । गलतागेट थाना इलाके के दिल्ली रोड पर स्थित बस की बॉडी बनाने वाले कारखाने में वायरिंग से हुए शॉर्ट सर्किट के कारण झटका तो लगने के साथ ही बस भी स्टार्ट हो गई और पीछे की ओर आ गई। जिससे काम कर रहा मजदूर गंभीर घायल हो गया। जिसे गंभीर हालत में अस्पताल में ले जाया गया।जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस मामले की जांच पडताल दुर्घटना थाना उत्तर द्वारा की जा रही है। पुलिस ने बताया कि झुंझुनूं निवासी राजेश कुमार पिछले करीब छह महीने से गलता गेट क्षेत्र में स्थित ऑटोमोबाइल नगर में बस बॉडी वर्कशाप में काम कर रहा था। जहां पर एक बस की रिपेयरिंग के दौरान अचानक बस की वायरिंग में शॉर्ट सर्किट हो गया। जिससे राजेश को जोर का झटका लगा जिससे वह पीछे जा गिरा। पीछे दीवार थी इस कारण सिर में भी चोट लगी। इस दौरान शॉर्ट सर्किट होने के कारण बस भी स्टार्ट हो गई और तेजी से पीछे की ओर आई, जिससे राजेश के शरीर के अगले हिस्से में भी गंभीर चोटें आई। उसे अचेत हालत में एसएमएस अस्पताल मे भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। राजेश के पिता ओम प्रकाश ने बस बॉडी कारखाना मालिक और स्टाफ के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कराया है। मामले की जांच पड़ताल सड़क दुर्घटना थानाधिकारी रणवीर सिंह द्वारा की जा रही है।

# रंगीन जेमस्टोन्स की टेस्टिंग और स्टैन्डर्डिज़ैशन समय की मांग है, जयपुर इसमें अग्रणी हो सकता है : अमित यादव

## सीतापुरा स्थित जेईसीसी में जयपुर ज्वैलरी शो का शुभारंभ, 27 दिसंबर तक जारी रहेगा

**जयपुर**, (का.सं.)। रत्न और आभूषण व्यवसाय की नींव भरोसे पर टिकी होती है और उद्योग को अपने और उपभोक्ता के बीच अटूट विश्वास हासिल करने और बनाए रखने के लिए अधिक प्रयास करने चाहिए। इस समय की जरूरत के अनुरूप व्यापार के मूल्यों में आज रंगीन जेमस्टोन्स की टेस्टिंग और स्टैन्डर्डिज़ैशन महत्वपूर्ण आवश्यकता है। देश में रत्नों का केंद्र होने के नाते जयपुर, इस प्रयास में देश का नेतृत्व करने के लिए अच्छी तरह से सुसज्जित है। यह बात अमित यादव, महानिदेशक, विदेश व्यापार निदेशालय (डीजीएफटी) और अतिरिक्त सचिव, वाणिज्य विभाग, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने कही।

वह जयपुर में जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) में जयपुर ज्वैलरी शो (जेजेएस) के 17वें संस्करण के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। जेईसीसी में 24 दिसंबर से 27 दिसंबर तक होने वाले जेजेएस की थीम "इट्स टाइम टू स्पार्कल" है।

ऑल इंडिया जेम्स एंड ज्वैलरी डॉमेस्टिक काउंसिल (जीजेसी) के चेयरमैन आशीष पेठे और जेम एंड ज्वैलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (जीजेईपीसी) के क्षेत्रीय निदेशक निर्मल बरड़िया



**जयपुर ज्वैलरी शो का उद्घाटन विदेश व्यापार निदेशालय के महानिदेशक अमित यादव, जे.जे.एस. के चेयरमैन विमलचंद सुराणा व सचिव राजीव ने किया।**

विशिष्ट अतिथि रहे। अपने संबोधन में आशीष पेठे ने जीजेसी और जेजेएस समिति के बीच मजबूत सौहार्द को साझा किया और हॉलमार्किंग, उत्पाद शुल्क और जीएसटी के मुद्दों को लेकर उनके सामूहिक प्रयासों पर प्रकाश डाला।

निर्मल बरड़िया ने घोषणा की कि जयपुर मई, 2022 में इंटरनेशनल जेम्स एंड ज्वैलरी शो की मेजबानी करेगा, जो विशेष रूप से विदेशी व्यापारियों को आमंत्रित करने, विदेशी व्यापार को पुनर्जीवित करने और महामारी के कारण उत्पन्न बाधाओं के बाद फिर से जेम्स और ज्वैलरी उद्योग में आपूर्ति श्रृंखला को सुव्यवस्थित करने पर केंद्रित होगा। जेजेएस चेयरमैन विमल चंद सुराणा ने अपने स्वागत संबोधन में बताया कि इस वर्ष शो में 2 लाख वर्ग फुट के क्षेत्र में 800 बूथ्स लगाए गए हैं। इनमें से 500 बूथ्स पर ज्वैलरी, 200 बूथ्स पर जेमस्टोन्स प्रदर्शित हो रहे हैं। जबकि कॉस्ट्यूम, आर्टिकल्स और आर्टिफैक्टस 10 बूथ्स पर और 64 बूथ्स पर अलाईड मशीनरी प्रदर्शित की जा रही है। शो में कम से कम 68 फीसदी बूथ डिजाइनर स्टॉल्स हैं, जहां स्टॉल मालिक रचनात्मक रूप से अपने उत्पादों का प्रदर्शन कर रहे हैं।

■ **ज्वैलरी, जेमस्टोन्स, अलाईड मशीनरी, कॉस्ट्यूम्स के लिए 800 एग्जीबिशन बूथ्स होंगे**

जेजेएस आयोजन समिति के मानद सचिव, राजीव जैन ने कहा कि 90 प्रतिशत एग्जीबिटर्स प्रत्येक वर्ष शामिल होते हैं जो कि यह दर्शाता है कि उन्हें जेजेएस में प्रदर्शनी लगाने से महत्वपूर्ण एक्सपोजर और व्यवसाय मिलता है। शो में देश के 500 टॉप रीटेलर्स भी विजिट कर रहे हैं। समारोह का संचालन जेजेएस के प्रवक्ता अजय काला ने किया। समारोह की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर की गई और उसके बाद जेजेएस शो गाइड का विमोचन किया गया। कुंदन मीना पर आधारित व्हेन ज्वैलरी स्पीक्स पुस्तक को मुख्य अतिथियों को भेंट किया गया।

## उच्चाधिकारियों के लिए आर्ट ऑफ लिविंग का कार्यक्रम 17 जनवरी से

**जयपुर**, (का.सं.)। आज आर्ट ऑफ लिविंग जयपुर चैप्टर द्वारा बैंगलोर स्थित इंटरनेशनल सेंटर में आगामी 17 से 21 जनवरी को भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय पुलिस सेवा एवं भारतीय वन सेवा के अधिकारियों के लिए "उत्कृष्ट व्यक्तित्व की निर्माण क्षमता" कार्यक्रम की तैयारी हेतु दुर्गाबाड़ी सेंटर में बैठक आयोजित की गई।

जिसमे राजस्थान आर्ट ऑफ लिविंग अपेक्स मेंबर्स, स्टेट टीचर कॉर्डिनेटर व वरिष्ठ टीचर्स ने भाग लेकर सभी अधिकारियों को उक्त कार्यक्रम की सूचना उपलब्ध कराने के लिए रूपरेखा बनाई। स्टेट मीडिया कोऑर्डिनेटर डॉ. आभा पराशर ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम का आयोजन कार्मिक मंत्रालय द्वारा इन सर्विस ट्रेनिंग प्रोग्राम के तहत किया जा रहा है।

यह कार्यक्रम अखिल भारतीय सेवा स्तर के अधिकारियों के लिए पूरे देश के लिए बनाया गया है। जिसमे नवाचार के साथ देश में प्रशासन की महत्वपूर्ण भूमिका पर कार्यक्रम रहेगा। जिसमे आर्ट ऑफ लिविंग संस्थापक श्री श्री रविशंकर स्वंय भी उपस्थित रहेंगे।




## Running Low on Fries?

Around the world, McDonald's has been a favourite for many. Some of the items on the fast food joint's menu are classics and have been served and consumed for generations. But what happens when there is a shortage of something that is craved globally? In Japan, the world's biggest fast food company has run out of the famous French fries.The company has said it is experiencing delays in the shipment of potatoes. This has led to outlets in Japan selling only small portions of fries.

Then, one day in the spring of 1980, two tombs came to light in the East Talpiot neighbourhood, not far from the old city of Jerusalem, where a construction company was digging the ground to lay foundations of a housing complex. During digging, one of the tombs (Tomb 2) was damaged by the excavator and it was sealed up again without any investigation or documentation of what was inside largely because there was pressure from religious groups to leave it undisturbed.

# The Lost Tomb of Jesus



#IT COULD BE




Nihal Mathur
*Filmmaker, writer, bon vivant*


It is an old story that goes back more than 2000 years when a child was born to a poor Jewish couple – Joseph and Mary from Nazareth. The birth of Jesus according to the Gospels, was a prophesied event. It said that a virgin named Mary will bring a boy in this world who would be the 'Saviour' of his people. We know little about the life of Jesus as a child but we do know that as an adult he began preaching around 27-29 AD for a short period that lasted only a couple of years. But during this brief time, the young man in his thirties, drew crowds where ever he went with his message of love.

Jesus had a large following and perhaps that is why he was persecuted because he was considered a dangerous false messiah who was leading the Jewish masses in confrontation with the rulers of Israel in Rome. His popularity threatened Pontius Pilate who was the Governor of the Roman province of Judaea - the area around modern day Israel. On a charge of treason, Jesus was arrested and crucified in Jerusalem. The disciples took the body down from the cross, wrapped it in linen and carried it to a tomb. Today, that tomb is inside the Church of Holy Sepulchre in Jerusalem. There on the third day, Jesus is said to have risen from the dead - known as the Resurrection of Christ. And then Jesus ascended into the heavens not only in spirit but also in body. Since then, the tomb of Jesus has been empty, bereft of a body but still venerated by the devout and tourists who come from around the world.

### Resurrection and Ascension

Resurrection and Ascension are two key concepts that lie at the very heart of Christianity. But there have always been many who have challenged these core Christian ideas and many have even been killed in expressing their views. Many sources suggest that Jesus did not die on the cross and that he survive crucifixion. In all probability, Jesus had completely passed out and was brought down from the cross as dead but later revived in the tomb. In fact, in the Gospel of John 19:39 there is a reference of herbs being brought by the disciples in the night to heal Jesus. If Jesus did indeed recover from the near death experience of crucifixion then that was surely a 'Resurrection' of sorts but Ascension? This is hard to believe in our age of science that a human body can actually lift against gravity and rise into infinite space to heaven. It must have been just as hard even then for people to believe in ascension. The most likely scenario was that Jesus regained energy and with help from the disciples and then tried to dodge and hide from the Romans for whom he was a still a man condemned.

### Southern France

The question that is often raised is: If Jesus didn't ascend to the heavens, then where did his body go? Where was he buried? From Jerusalem to the villages of southern France and distant land of Kashmir, there are many legends and stories that claim evidences of the lost tomb of Jesus. Researchers often wonder what would a living Jesus who was running away from the Romans, want to do? Surely he would want to slip away to a secret quiet life, as far as possible from the Roman Empire. He may well have done just that. There is a story about Jesus and Mary Magdalene, a constant and trusted companion of Jesus, who along with a small group of people, slipped past the Romans checkpoints & sentries and managed to reach southern France. There according to local legends, they led a simple life and died in obscurity. Although the cult of Mary Magdalene is pretty strong in southern France there is no sign of any tomb of Jesus. Just stories and legends.

### India

But why would Jesus want to go west to France risking a journey across the length of the Roman Empire when for instance he could go to India anytime. The passage to India was just as easy by land on the Silk Route as it was by sea on the Spice Route. All one had to do was ride a camel to the Arabian coast and hop on to one of the spice ships returning back to India and soon one was far away from the world of Roman legionaries. In fact, Saint Thomas the Apostle, did in fact take the dhow to ancient city of Muzris, close to the present day Cochin area and founded the first Church on Indian soil in 54 AD.

### Three Wise Men

There is also a very special connection between Jesus and India. It is written in the Bible that three wise men from East, bearing gifts, came following a star, at the birth of Jesus to pay their homage to the coming of the Prophet. This sounds very similar to the Tibetan traditions where after the death of the Head Lama, senior monks on the basis of stars, signs and omens, set off to find the child that was considered to be the reincarnation of the Lama. When the child was big enough, he was taken away from the parents and groomed in Buddhism, to be the next Head Lama. There are stories that say Jesus as a young boy was also taken away from home to the distant Himalayas to be groomed a Buddhist.




Roza Bal shrine and tomb in Srinagar.

### Ladakh & Srinagar

There is another story of one Nicholai Notovitch, a Russian writer travelling in India in the 19th century who discovered an ancient manuscript at the Hemis Monastery in Ladakh which shed light on life of Esa, as Jesus was known in Islam. In fact, in 1984 Nicholai wrote a book "The Unknown Life of Jesus Christ" (which stands largely discredited) in which he claimed that Jesus between the age of 14 and 29 was in India where he studied with the Buddhist and the Hindu monks before returning back home to Israel to preach. In the teachings of Jesus, there seems a deep connection with Buddhist philosophy rather than Jewish. No wonder there are uncanny similarities between the teachings and miracles of Buddha and Jesus. After his rescue from crucifixion it made sense to return back to Kashmir to escape the Romans. In remote Himalayas there still lives a tribe that is considered to be the descendants of one of the ten 'lost tribes of Israel' who consider Jesus as their Youza or 'Leader of the Healed'. Jesus or Ziarati Hazrati Youza Asouph is said to have returned to Kashmir in his 30s where he continued to live and preach till he died in 80 AD and was buried at Roza Bal shrine in Srinagar. Local researchers point out many details to establish that this is indeed the real tomb of Jesus. But no serious work has been done to determine whether it is the tomb of Jesus or not.

### Talpiot Tombs

Then, one day in the spring of 1980, two tombs came to light in the East Talpiot neighbourhood, not far from the old city of Jerusalem, where a construction company was digging the ground to lay foundations of a housing complex. During digging, one of the tombs (Tomb 2) was damaged by the excavator and it was sealed up again without any investigation or documentation of what was inside largely because there was pressure from religious groups to leave it undisturbed. The distinctive thing about these unearthed tombs was that they had a prominent symbol above the doorway. It was a chevron - a V-shaped mark, often inverted with a circle in the middle. There are several plausible meanings but the symbol still remains a riddle today.

### Talpiot Tomb 1

Talpiot Tomb 1 was a typical rock cut tomb which was laid out in a traditional design. It consisted of a central chamber around which there were 6 deep cavities large enough to lay out a dead body. Burial customs of the time demanded that after a year, the tomb be opened again and the skeletal remains collected and placed inside an ossuary. Now an 'ossuary' is like a small coffin box made of sandstone, in which only bones were stored. Ten ossuaries were found in Tomb 1. In Jerusalem, a living city since last 5,000 years, it was natural that archaeological objects like ossuaries would frequently come to light during development diggings. In the 1970s and 80s, during the construction boom, thousands of ossuaries were found along with other artefacts. The standard procedure was to call the office of the Israel Antiquities Authority the IAA, who would then send a team to document the tomb before development work was allowed to resume. And, whatever that could be removed was taken away to the Authority's warehouse not far from Jerusalem and stored for later scrutiny.

And that's exactly what happened. Twenty years later, in year 2000, the Talpiot tomb ossuaries came up for closer examination. After the bones and remains found inside the ossuaries were all bagged and boxed and reburied outside Jerusalem, the process of cataloguing the bone boxes began. Six out of ten ossuaries from the Talpiot Tomb had the name of the dead person inscribed on the side. One of them had an astonishing name: Yeshua son of Joseph.

### Family of Jesus

Could this be the ossuary of Jesus (known as Yeshua in Hebrew)? And if yes, then all the other nine must be from his family. The second name discovered on the Talpiot ossuaries was Maria in Hebrew for Mary. Could this be the Virgin Mary's ossuary? Then they found another family name: Jose who was a brother of Jesus and then Matthew who figures in the genealogy of Mary. Critics said that these are very common Jewish names from that period and it would be farfetched to suggest that this was the tomb of Jesus. But a documentary filmmaker thought otherwise.

### Docu-Drama

In 2007, Discovery & Vision TV in Canada co-produced a documentary that covered the findings of the Talpiot Tombs. They came into this project like investigative journalists determined to find the truth whether the Talpiot Tomb was indeed that of Jesus and his family or not. In that sense they were the driving force of research and inquiry into this subject which had lain dormant for more than last twenty years. And they reached shattering conclusions. That story they told in their documentary, "The Lost Tomb of Jesus"

### Statistical Probability

One of the first things they did was try and decipher the names. Out of the six names on the ossuaries, they could figure out only four i.e. Jesus son of Joseph, Maria or mother Mary, Matthathia or Matthew from Mary's lineage and Jose, brother of Jesus. From a list of hundreds of names found on the ossuary, Andrey Feuerverger a Prof. of mathematics at the University of Toronto examined the statistical probabilities of these 4 names and concluded that this could possibly be the Jesus family and should be investigated seriously.


### Mary Magdalene

Then they uncovered yet another name on one of the Talpiot ossuary. The inscription had two parts. The first one read 'Mara' and the second read as 'Mariamne' - which is another name for Mary who was also known as Mara. But it doesn't make sense to find two ossuaries with the name of Mary in the tomb of Jesus - until unless this Mara or Mariamne was none other than Mary Magdalene who was a constant companion of Jesus. Mary hailed from a place called Magdala which was a trade centre close to the Sea of Galilee. Mary and her brother often took Jesus' teachings to the Greek speaking Jews living there. And so it was perhaps natural that Mary's followers and family would have written her name in Greek. Mariamne's is the only ossuary found in the Tapiot tomb where the inscription is written in Greek. As Prof. Andrey Feuerverger found that the statistical probabilities become compelling as soon as we add Mary Magdalene's name to the cluster of 4 names from the Tapiot Tomb. From 1 in 97,280,000 the probability ratio jumps to 1 in 600!

It is well known that after Jesus' death, the strong leadership displayed by Magdalene was not appreciated by the male dominated Church that rejected two manuscripts that held Mary in high esteem. They were the 'The Gospel of Mary Magdalene' and 'The Acts of Philip' that described her brother's work as a preacher. For centuries these manuscripts were available in fragments only. Then in 1974 a complete copy of the Acts of Philip came to light in a Greek Monastery. It was here the researchers found that Mary was also known as Mariamne. After Jesus' death Mary went to France. According to Acts of Philip she did not die in France but died in Jerusalem. Mary has been described variously in the holy books as a missionary who teaches, preaches and baptizes. And she also carried the tile of Apostle. No wonder, Mary Magdalene was then Mara because in Aramaic (ancient Syrian) language it means Master. It would have been absolutely natural for a disciple to scrawl Mara in addition to Mariamne on the ossuary of Mary Magdalene. Now if it is indeed the ossuary of Mary Magdalene, then the question is how did she find a place in the family tomb of Jesus? In other words, what was her relationship with Jesus?



Church of the Holy Sepulchre, built on the site of Jesus' Crucifixion and burial.




Leonardo da Vinci's drawing of Mary Magdalene.

### DNA

One sure way to determine any relationship is by doing a DNA test. Since the bones had been long reburied, Steven Cock a forensic archaeologist from New York State was roped in to recover potential DNA material from inside the Talpiot ossuaries. The samples were sent to a lab in Lakehead University, Canada. Here they managed to retrieve the Mitochondrial DNA from bone fragments and human residue left behind in the ossuary and the results concluded that the two occupants were not blood relations on their mothers' side. Hence Mary Magdalene could not have been a sister or a daughter of Jesus. So for Mary to be in the family tomb of Jesus was indeed be an intriguing discovery unless of course, they were husband and wife.

### Judah Son of Jesus

For centuries people have speculated about the relationship of Mary Magdalene and Jesus. Mary appears more frequently than other women in the Gospels, always a close trusted follower of Jesus. Her presence at the crucifixion is consistent with the role of a grieving wife. So they were perhaps married but had kept their union a secret - one that was kept thru the ages. That was till they retrieved another ossuary of a child from Talpiot Tomb 1 with the inscription: Judah son of Jesus. Now that was big news. New Testament doesn't say Jesus had a son. But archaeology revealed what the New Testament didn't. If indeed Judah was his son, his existence would have been kept a secret since Jesus was perceived to be a pretender to the royal throne. His son would have also been a target of the Roman authorities



Director of the the Documentary inside the Talpiot Tomb.

### Talpiot Tomb 2

To take the inquiry further, the filmmakers tried to uncover more evidence and one way to do that was to find the Talpiot Tomb 2 which was sealed before it could be examined. Nobody knew what secrets that tomb contained. It was now more than 25 years ago when the two Talpiot Tombs was reburied and cemented all over to make way for the apartments to be built on top of it. Even if the exact location of the tomb was ascertained it would have been impossible to get into it the tomb considering the tons of cement that was poured into its foundations. But they were lucky. Consulting the decades old architectural plans of the residential complex and cross referencing with Israel Antiquities Authority IAA records they not only found that there was an access to the tomb below but managed to enter it.

What they found inside was a huge heap of decomposing pages of holy books. According to Jewish law, biblical books cannot be just discarded. They have to be buried. Among the pages of holy books they found the Book of Jonah, that Jesus refers to as key to understand his ministry - i.e. his work as a preacher. Once a disciple asked Jesus, what are you up to Master? Jesus replied read the Book of Jonah. Jesus always spoke in parables and codes which not surprising for a man who was seen to be leading a seditious movement against the Roman tyranny and was destined for crucifixion'



Talpiot Tomb Entrance at the time of discovery.

### Missing Ossuary of James

The opening of the Talpiot Tomb 2 coincided with another twist in the story. What was found and recorded by the IAA was that there were ten ossuaries from Talpiot Tomb 1 but now the IAA warehouse had only nine. One was missing. Perhaps stolen because ossuaries fetch handsome prices with antique collectors. In 2002 an ossuary surfaced in the private collection and it bore the inscription James son of Joseph brother of Jesus. The wellknown private collector, Oded Golan, said that he bought the ossuary around the 1980s - from an Arab antiquity dealer in the old city of Jerusalem and was unaware of the significance of the inscription. After Jesus' death his brother James took over the leadership of Jesus' followers. He was also feared for his religious popularity and influence which was considered to be a threat to the Jewish hierarchy who had him executed in Jerusalem by stoning.

### Patina

What followed was a battle between Christian scholars and science over the authenticity of James ossuary. Theological experts had declared that James' ossuary was a forgery. What would it take to conclude that the missing ossuary was from the Talpiot tomb? The 'Patina' should prove the case one way or another. Over hundreds of years, a very fine sedimentation of minerals settles on ossuaries in tombs that are completely sealed. This accumulation is called Patina and it could be scientifically analysed to produce a chemical and mineral fingerprint specific to a tomb. So technically, every ossuary discovered in a particular tomb will have the same Patina fingerprint. The samples taken from James' ossuary were examined by the Suffolk Crime Lab in New York State that solve modern day crime mysteries. Viewed under the electron microscope the patina showed certain trace materials like titanium and iron that were unique to James Ossuary. This matched perfectly with patinas from the Talpiot Tombs. There were other random patinas collected from different ossuaries and the tests showed that none matched the patina from the Talpiot tomb. When James' ossuary is included in the cluster of names for the statistical model, then the probability factor drastically changes from 1 is to 600 to a substantially higher probability, strongly suggesting that this is the tomb of the family of Jesus of Nazareth.

> It was now more than 25 years ago when the two Talpiot Tombs was reburied and cemented all over to make way for the apartments to be built on top of it. Even if the exact location of the tomb was ascertained it would have been impossible to get into it the tomb considering the tons of cement that was poured into its foundations.

### Criticism

After finding all these facts contrary to Christian beliefs, the filmmakers couldn't have escaped sharp criticism. After media picked up this story of the Talpiot Tombs, a symposium was organised at Princeton in January 2008 where most of the speakers accused Simcha Jacobovici, the director and James Cameron (of Titanic fame), the producer of the film for misleading the media in claiming their theory as viable. A majority of leading experts - archaeologists, theologians, linguistic & biblical scholars, epigraphers & other scientists rejected the filmmaker's claims roundly and called their documentary a "hyped up film which is intellectually and scientifically dishonest." Such insulting language was used to describe the film because it raked up issues that challenged the core of Christian beliefs.

### Conclusions

Resurrection was the coming back of Jesus from the dead. In theory and practice the concept is possible. A near dead man can revive. And same is the case with Ascension which is simply understood as the Spirit rises into the heavens leaving the Body behind as we find in the Talpiot Tombs. But this could be considered blasphemous since it is cardinal principal of faith that says Jesus rose to the heavens in His body. The other sacrilege the filmmaker committed was to prove that Jesus and Mary Magdalene were husband and wife when there is no such mention anywhere in all of Christian texts. And then to prove that they had a son called Judah was also equally heretical. Clearly, when your truth happens to shake the very core of the system then the entire establishment rises to maintain the status quo. It is painful but the wise let things pass because in the end, everything becomes just another story.

writetoarbit@rashtradoot.com



Talpiot Residential Complex which was built over the tombs.



Descent from the Cross into the Tomb.

#FESTIVITIES

## Underwater Christmas Tree



Make your own underwater Christmas tree in just 7 easy steps. Aqua artist Mayur Dev shares how to nurture an aquarium with a DIY decorative piece made up of real moss and plants to replicate a Christmas tree.

It is time to decorate your Christmas tree with baubles, bells, stars and lights! But how about ditching the traditional tree set up and experimenting with something that is fun and also extremely unique?

Aqua artist and aquascaper, Mayur Dev, shares how to nurture an aquarium with a DIY decorative piece made up of real moss and plants to replicate a Christmas tree, but underwater. With a simple seven-step process and some products, one can have a bright and colourful tree like structure in time for Christmas which can also support fish.

**Step 1:** Place a thin layer of moss on a cylindrical sand-like product called 'DOOA Terra Base'. The base can absorb water and support the growth of plants.

**Step 2:** Next, place Pinnatifida UK along with white Anubias on the terra base. This will add a shade of red to the décor. A dash of pink can be added by attaching Hygrophila Chai. Ensure your base is moist at all times by using an atomiser spray. Wood and stone can be glued to the terra base for decoration.

**Step 3:** Once the terra base is ready with the plants, wash and add DOOA Tropical River Sand in the tank. The sand is washed in gentle stream of water to remove dust. It is white in colour, which reflects light and makes the terra base look bright. Once the sand is placed, the base can be placed in the tank along with a light source on top.

**Step 4:** Now slowly and carefully fill the tank with water. It is important to level the sand with a flattener and remove any floating debris with a net.


**Step 5:** Fit a small filter apparatus and $CO_2$ supply to the tank. Once set, a filter starter solution can be added to water followed by fertiliser product of choice.

Completion of Step 5 makes the tank ready.


**Step 6:** This step involves waiting for a few days. The tree needs trimming once or twice as the moss starts to grow out and 50 per cent water has to be changed for at least a week, and then topped up with fertilisers.

**Step 7:** You can now add fish to the tank – but only after 15 days.

This beautiful process of creating your own underwater Christmas tree can be a fun way of spending family time during the holiday season. Children and adults of all ages can enjoy watching this little aqua-art project bloom just in time for Christmas and the family can have a unique centre piece to showcase while hosting guests.



## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# कर्जदारों से बचने के लिए युवक ने खुद की मौत का बहाना बनाया

## छत्तीसगढ़ भागे युवक को सात दिन बाद 3500 किमी पीछा कर रायपुर से दस्तयाब किया

**भीलवाडा, (निसं)।** जिले के कोटड़ी थाना क्षेत्र के जावल गांव से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुये युवक की गुत्थी आखिरकार पुलिस ने सुलझा ली। कर्जदारों से बचने के लिए अपनी ही मौत का सीन क्रिएट कर छत्तीसगढ़ भागे युवक को सात दिन के अथक प्रयास के बाद 3500 किमी पीछा कर रायपुर से दस्तयाब कर लिया गया है।


एसपी आदर्श सिधू ने एसपी ऑफिस में प्रेसवार्ता के दौरान शुक्रवार को मामले का खुलासा करते हुए बताया कि कोटड़ी थाना क्षेत्र के जावल गांव निवासी नारायण जाट (27) पुत्र कन्हैयालाल जाट ने शेयर मार्केट में पैसा लगाया लेकिन घाटे में चला गया। इस पर उसने कर्जा लेकर और शेयर खरीदे लेकिन उसे फिर घाटा हो गया। इस तरह उस पर करीब 17-18 लाख रुपए का कर्जा हो गया। इस पर उसने कर्जदारों से बचने के लिए अपनी मौत का सीन क्रिएट करना चाहा और 17-18 दिसंबर की करीब 10 बजे की रात खेत पर जाने के बाद घर नहीं लौटा। इसके दौरान नारायण ने खेत पर आग जलाई और मरे जानवर (नील गाय) की हड्डियां उसमें डाल दी ताकि लोगों को लगे कि वह मर चुका है और कर्जदार पैसा मांगना बंद कर दे। उसने अपना मोबाइल भी आग में जला दिया और मोटरसाइकिल लेकर फरार हो गया। नारायण सोच रहा था कि कुछ दिनों बाद वह परिजनों से संपर्क कर लेगा और केवल उनके संपर्क में रहकर भीलवाड़ा छोड़ कहीं और जीवनयापन कर लेगा। इस नाटक की तैयारी नारायण ने तीन-चार दिन पहले ही शुरू कर दी थी। इसके लिए उसने अपना बैग पंचायत में पहले ही छिपा दिया था और अकाउंट से पैसे निकलवाकर नकदी लेकर चित्तौड़ के रास्ते गोवा, सोलापुर, ओरंगाबाद, नागपुर और रायपुर (छत्तीसगढ) पहुंचा। घटना के दिन नारायण को ढूंढते हुए परिजन खेत पर पहुंचे और आग और हड्डियां देख पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू की। डॉग स्क्वायड, साइबर सेल व एफएसएल टीम की मदद ली गई। खुद एसपी भी मौके पर पहुंचे और मुआयना किया। टीम ने सात दिन की मेहनत के बाद छत्तीसगढ के रायपुर से नारायण को दस्तयाब करने में सफलता हासिल की। पुलिस को नारायण के रायपुर में होने का सुराग उसके द्वारा कोटड़ी की एक मोबाइल शॉप से खरीदे नए मोबाइल में डाली गई सिम के एक्टिव होने पर मिली लोकेशन से लगा। एसपी आदर्श सिद्धू के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शाहपुरा चंचल मिश्रा व कार्यवाहक वृत्ताधिकारी सज्जन सिंह के सुपरविजन में कोटड़ी थानाधिकारी विक्रम सेवावत व उप निरीक्षक भंवरलाल का वारदात का खुलासा करने में विशेष योगदान रहा।



भीलवाड़ा के कोटड़ी थाना क्षेत्र के जावल गांव से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुये युवक की गुत्थी सुलझाने के बाद एसपी आदर्श सिधू ने प्रेसवार्ता कर जानकारी दी।

- जावल गांव निवासी नारायण जाट ने शेयर मार्केट में कर्जा लेकर और शेयर खरीदे थे लेकिन घाटा हो गया था
- युवक ने खेत पर आग जलाई और मरे जानवर की हड्डियां उसमें डाल दी थी

# पुलिस रिसीवरी भूमि पर जबरन सरसों की फसल उगाई



टोडाभीम के गांव नंदपुरा में नदी पेटे में स्थित पुलिस रिसीवर भूमि पर अनाधिकृत रूप से सरसों की फसल की बुवाई कर हरे वृक्षों की कटाई करने का मामला सामने आया है।

**टोडाभीम, (नि.सं.)।** ग्राम पंचायत सिंघनिया के गांव नंदपुरा में नदी पेटे में स्थित पुलिस रिसीवर भूमि पर अनाधिकृत रूप से सरसों की फसल की बुवाई कर हरे वृक्षों की कटाई करने का मामला सामने आया है।

ग्रामीण भरत सिंह गुर्जर, निहाल सिंह, राधेश्याम, अनूप सिंह, रमेश आदि ने बताया कि नंदपुरा की सीमा स्थित नदी पेटे में मौजूद जमीन को लगभग 1 वर्ष पूर्व तहसीलदार टोडाभीम द्वारा बालघाट पुलिस को सुपुर्द किया था परंतु पुलिस रिसीवरी भूमि पर पास के ही गांव तिघरिया निवासी कुछ लोगों ने अनाधिकृत रूप से सरसों फसल की बुवाई कर दी। इस समय सरसों की फसल खड़ी हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि दो-तीन दिन पहले आरोपियों ने उक्त भूमि पर स्थित हरे वृक्षों की कटाई की है। जिसके संबंध में बाल घाट पुलिस को अवगत करा दिया परंतु बावजूद इसके पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई है। ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में पूर्व में भी कई बार जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को शिकायत दी गई है लेकिन आरोपियों के खिलाफ अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है जिसे आरोपियों के हौसले बुलंद हैं।

- पुलिस आरोपियों के खिलाफ नहीं कर रही कार्रवाई, हौंसले बुलंद

इस संबंध में अबजीत कुमार थानाधिकारी बालघाट का कहना है कि कुछ लोगों ने पुलिस रिसिवरी भूमि पर अवैध कब्जा कर सरसों की बुवाई कर रखी है। मामला मेरी जानकारी में है। चुनाव की वजह से कार्रवाई नहीं कर पाए, जल्द ही कार्रवाई की जायेगी।

# बंद पड़ी मार्बल माईंस से चोरी के आरोप में तीन गिरफ्तार

**राजसमंद, (निसं)।** राजनगर थाना क्षेत्र के सापोल स्थित एक मार्बल माईंस से रात्रि के समय विद्युत उपकरण चुराने के मामले में राजनगर थाना पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ राजनगर थाना क्षेत्र सहित अन्य थाना क्षेत्रों में भी चोरी एवं नकबजनी के मामले दर्ज है। जिले के मार्बल एरिया क्षेत्रों में कई चोर गिरोह सक्रिय है जो बंद पडी मार्बल माईंस को अपना टारगेट बनाकर वहां चोरी की वारदातों को अंजाम देते है।

राजनगर थानाधिकारी डॉ. हनवंतसिंह राजपुरोहित ने बताया कि पीड़ित दीवांशुसिंह भाटी निवासी हाउसिंग बोर्ड कांकरोली ने गत 22 दिसम्बर को राजनगर थाने में सोपाल के धोली घाटी स्थित उनकी मातेश्वरी मीन्केम प्रा.लि. मार्बल माईंस से गत 16 दिसम्बर की रात्रि को अज्ञात बदमाशों द्वारा विद्युत उपकरण सीटी बीटी इलेक्ट्रिक मेल और कैबल चुरा कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने चोरों की धरपकड़ के लिए टीम का गठन किया गया। टीम ने जगह-जगह दबिश देकर प्रभुलाल निवासी काढा डिप्टी खेडा, किशन भील एवं रतनलाल भील निवासी बोरज को गिरफ्तार किया। पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ करने पर उन्होंने बंद पड़ी मार्बल माईंस से विद्युत उपकरण एवं कैबल चोरी करना स्वीकार किया। मामले को लेकर पुलिस द्वारा अनुसंधान एवं पूछताछ जारी है।



राजसमंद के सापोल में बंद पड़ी मार्बल माईंस से केबल व विद्युत उपकरण चुराने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपी गिरफ्तार किए।

# रात तक मेरा नाम तय था, कांग्रेस में काम की कद्र नहीं : शंकर पन्नू

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** कांग्रेस के बहुमत वाले श्रीगंगानगर जिला परिषद में प्रमुख पद के एक दावेदार पूर्व सांसद शंकर पन्नू वोट देकर बाहर निकलने के कुछ देर बाद फूट-फूट कर रोने लगे। यहां जिला परिषद में कांग्रेस को बहुमत मिला था, लेकिन परिषद के सभापति के लिए कांग्रेस के दो नेता मैदान में डट गए।

पन्नू अंतिम समय में अपना टिकट कटने से खफा थे और जब उन्हें अपनी ही पार्टी के प्रतिद्वंदी को वोट देना पड़ा तो उनकी आंखों में आंसू आ गए।

दुखी मन से उन्होंने कहा कि पार्टी में काम करने वालों की कोई इज्जत नहीं है। यही कारण है कि रात साढ़े बारह बजे तक उनका नाम फाइनल था, लेकिन रात में ऐसा क्या हुआ कि सुबह टिकट लेकर कोई और आ गया। यह जगजाहिर है कि कुलदीप इंदौरा को टिकट कैसे मिला होगा।

असल में जिला परिषद चुनाव में कांग्रेस को 25 सीटों पर जीत मिलने के बाद पार्टी में जिला प्रमुख के लिए दो दावेदार थे। इनमें एक नाम था एआईसीसी सेक्रेटरी कुलदीप इंदौरा और दूसरे दावेदार थे पूर्व सांसद शंकर पन्नू। शंकर पन्नू का आरोप है कि रात में नाम फाइनल करने के बाद ऑब्जर्वर ने उन्हें नामांकन दाखिल करने की तैयारी को बोल दिया था।

यही बात सुनने के बाद वे घर लौट गए थे, लेकिन सुबह अचानक बदलाव से वे काफी शॉक्ड थे। पन्नू बोले रात तक तो पार्टी ऑब्जर्वर ने उन्हें कहा गया कि बहुमत उनके साथ है तो वे नॉमिनेशन की तैयारी करें लेकिन सुबह इंदौरा का नाम फाइनल कर दिया गया।

# शराब से भरी पिकअप पलटी

**भीलवाडा, (निसं)।** जिले के रायला थाना इलाके गुजर रहे नेशनल हाईवे 79 पर में शराब से लदी पिकअप टायर फटने से अनियंत्रित होकर पलट गई, हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। पिकअप पलटने के बाद सड़क पर बिखरी शराब कि बोतले के कारण कुछ देर के लिए जाम लग गया था।

रायला थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रामपुरा चौराहा की पुलिया के आगे अजमेर भीलवाड़ा नेशनल हाईवे पर शराब से भरी पिकअप पलटने से शराब की बोतलें सडक पर बिखर गई। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां सरदार शहर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार पिकअप का टायर फटने से अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट जाने और शराब की बोतलें सडक पर बिखर जाने की जानकारी मिली।

पुलिस ने आबकारी विभाग की टीम को इसकी सूचना दी। करीब 8 लाख रूपए कीमत की यह शराब चित्तौड़ ले जाई जा रही थी।

# आरटीआई कार्यकर्ता के साथ मारपीट मामले में ज्ञापन भेजा

**पाटन, (निसं)।** आरटीआई कार्यकर्ता अमराराम जाट जिला बाड़मेर थाना क्षेत्र गिडा में आरटीआई कार्यकर्ता के साथ मारपीट करने वालों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई कर दोषियों को सख्त सजा दिलवाने व राजस्थान में सरकार द्वारा सामाजिक व आरटीआई कार्यकर्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करवाने को लेकर शुक्रवार को कस्बे के सामाजिक एवं आरटीआई कार्यकर्ताओं ने उपखंड अधिकारी बृजेश कुमार गुप्ता के जरिए मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा।

ज्ञापन में अवगत कराया कि गिड़ा में आरटीआई कार्यकर्ता जाट के साथ जो अमानवीय घटना हुई है वह निदंनीय है। बाड़मेर में आरटीआई कार्यकर्ता के साथ जिन दबंग किस्म के लोगों द्वारा मारपीट कर अमानवीय तरीके से बर्बरता पूर्वक अपराधिक कर्त्य किया गया है उन लोगों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाये तथा सरकार द्वारा भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज बुलन्द कर भ्रष्टाचार का खुलासा करने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओं, आरटीआई कार्यकर्ताओं को सुरक्षा दिलवाने के लिए राज्य सरकार द्वारा सख्त कानून बनाकर आरटीआई कार्यकर्ताओं की सुरक्षा सुनश्चित की जाये। संसद में 2015 में व्हिसल ब्लोअर प्रोटेक्शन संशोधित एक्ट पारित कर चुकी है। इसमें सुरक्षा का प्रावधान है सरकार द्वारा रूल्स बनाए जाये। इस अवसर पर आरटीआई कार्यकर्ता श्रवण सिंह, पूरणमल यादव, एडवोकेट फतेह सिंह सैनी, नत्थू सिंह तंवर, ओम प्रकाश महला, रविंद्र सिंह जाखड़, धर्मपाल सैनी, मालीराम स्वामी सहित अनेक सामाजिक एवं आरटीआई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

- बाड़मेर के आरटीआई कार्यकर्ता अमराराम के साथ मारपीट का है मामला

# होटल व्यवसायी ने गोली मारकर आत्महत्या की

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के अम्बामाता थाना क्षेत्र में होटल व्यवसायी ने अपनी होटल में अपनी लाईसेंसी रिवाल्वर से कनपटी पर गोली मार कर आत्महत्या कर ली।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार सांय होटल व्यवसायी अनिल पुरोहित (57) पुत्र कन्हैयालाल पुरोहित ने शुक्रवार सांय अम्बामाता थाना क्षेत्र राड़ाजी चौराहा पर स्थित होटल लवित्रा के कमरे में अपनी लाईसेन्सी रिवाल्वर से कनपटी पर गोली मार कर आत्महत्या कर ली। इसकी सूचना मिलने पर अम्बामाता थानाधिकारी सुनिल टेलर मय टीम ने मौके पर पहुंच कर उच्चाधिकारियों को घटना की जानकारी दी। इस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक जितेन्द्र आंचलिया मौके पर पहुंच कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। तलाशी में मिले सुसाईड नोट में आर्थिक तंगी के चलते सुसाईड करने की जानकारी सामने आई है।

पुलिस ने मामले की गहनता से जांच कर रही है। पुलिस ने मृतक को मौके से हटा कर एमबी चिकित्सालय मोर्चरी में रखवाया है। समाचार लिखे जाने तक जांच जारी है।

- सुसाईड नोट में आर्थिक तंगी के चलते सुसाईड करने की जानकारी सामने आई

# चाचा श्यामलाल को हराकर केशरी शर्मा बने उपप्रधान

**सरदारशहर, (निसं)।** पंचायत समिति में शुक्रवार को संपन्न हुए उप प्रधान के चुनाव में भाजपा समर्थित चाचा श्यामलाल शर्मा को हराकर केशरी शर्मा उप प्रधान बने। कांग्रेस प्रत्याशी केशरी शर्मा को 13 व भाजपा समर्थित निर्दलीय प्रत्याशी श्यामलाल शर्मा को 12 मत मिले। इस प्रकार केशरी शर्मा 1 मत से जीत दर्ज की। केशरी शर्मा ने अपने सगे चाचा श्यामलाल को हराकर प्रधान चुनाव का बदला लिया। पंचायत समिति परिसर में चारों तरफ पुलिस का जाब्ता लगाया गया। सुबह कांग्रेस से केशरी शर्मा, भाजपा से मोहनराम बाना व निर्दलीय श्यामलाल ने उप प्रधान पद के लिए अपने नामांकन दाखिल किए। इसके बाद भाजपा के मोहनराम बाना ने अपना पर्चा उठा लिया।

# एटीएम काटने का प्रयास करने वाले तीन गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के हिरणमगरी थाना क्षेत्र में बैक ऑफ बड़ोदा एटीएम तोड़ने का प्रयास करने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।

प्रकरण के अनुसार15 दिसंबर 2021को पीड़ित वैभव लक्ष्मी सोसायटी मानेषा बड़ोदा गुजरात हॉल बैक आफ बड़ौदा के मैनेजर सुधान्शु कुमार पुत्र विनोदसिंह ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया कि सेटेलाईट हॉस्पीटल सेक्टर 6 के सामने एटीएम है। 11 दिसंबर रात में अज्ञात दो बदमाश एटीएम में घुसे तथा सीसीटीवी केवरे का वॉयर को काट कर एटीएम को खोलने का प्रयास किया। हेदराबाद आईवीआईआई से उक्त घटना की जानकारी मिलने पर अभय कमाण्ड को सूचना दी। इसकी सूचना मिलने पर हिरणमगरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। इससे पूर्व बदमाश मौके से फरार हो गए। इस मामले में एसपी मनोज चौधरी के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक राजीव जोशी के सुपरविजन में हिरणमगरी थानाधिकारी रामसुमेर मीणा के नेतृत्व में टीम ने साक्ष्यों के आधार पर पुराना शिव मंदिर मखनपुर पीएस इन्द्रापुरम गालियाबाद युपी निवासी देवदत्त शर्मा, मंगला विहार द्वितीय सनिगवा रोड़ कानपुर थाना चकेरी जिला कानपुर युपी हॉल गली नम्बर 3 मधु विहार आईफी एक्सटेंशन पडपडगंज पूर्व दिल्ली निवासी राहुल बाथम, एलआईजी वैष्णवी विहार जारोली फेज नंबर 2 पीएस नौबरस्ता जिला कानपुर युपी निवासी गौरव पाल पुत्र देवप्रकाश को प्रोडक्शन वारण्ट जरिये गिरफ्तार किया।

# अजमेर केन्द्रीय कारागृह में फिर मिले 4 मोबाइल व 4 बेटरी

**अजमेर, (कासं)।** प्रदेश की सबसे सुरक्षित माने जाने वाली अजमेर की सेंट्रल जेल अब मोबाइल का अड्डा बन चुकी है। सेंट्रल जेल से आए दिन मोबाइल मिल रहे हैं, इससे जेल की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जेल में बंदियों की बैरक से मोबाइल फोन व अन्य सामग्री मिलने से यहां तैनात अधिकारी व कर्मचारियों को भी संदेह के दायरे में ला खड़ा कर दिया है। गुरुवार देर रात को जेल प्रशासन द्वारा चलाए गए अभियान के दौरान 4 मोबाइल व 4 बेटरी मिली है। जेल प्रशासन द्वारा सिविल लाइन थाने में मामला दर्ज करवाया है।

सेंट्रल जेल में चलाए जा रहे निरीक्षण अभियान के दौरान जेल के बैरक की जमीन और दीवारों से मोबाइल सहित अन्य प्रतिबंधित सामग्री बरामद हो रही है। सेन्ट्रल जेल में बंदियों के मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर अंकुश लगाने के लिए जेल अधीक्षक सुमन मालीवाल सुबह, शाम और रात में अचानक तलाशी ले रही है।

ऐसे में बंदियों को न तो मोबाइल फोन पर बात करने का समय मिल पाता है ना उसको छिपाने का। ऐसे में बंदी बैरक के आसपास, टॉयलेट की दीवार, छत, पेड़-पोधे के पास की मिट्टी में दबा देते हैं। केंद्रीय कारागृह के वार्ड संख्या 1, 2 और 14 की तलाशी के दौरान पानी की टंकी के पास जमीन में लावारिस हालत में 4 मोबाइल व 4 बैटरी पाई गई। जेल प्रशासन द्वारा इस संबंध में सिविल लाइन थाने में मुकदमा दर्ज करवाया है।

मालूम हो कि सेंट्रल जेल अधीक्षक सुमन मालीवाल के पदभार ग्रहण करने के बाद जेल में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान जेल के बैरक की जमीन और दीवारों से मोबाइल सहित अन्य प्रतिबंधित सामग्री बरामद हो रही है। जेल प्रबंधन द्वारा 28 नवम्बर से 23 दिसंबर तक 13 बार तलाशी अभियान चलाकर अब 53 मोबाइल व अन्य प्रतिबंधित समान पकड़ा है।

- 26 दिन में मिले 53 मोबाइल व अन्य प्रतिबंधित सामान

# राज्य सरकार व कलेक्टर के खिलाफ भाजपाइयों में रोष

**बाड़मेर, (निसं)।** बाड़मेर जिला मुख्यालय पर राजस्थान की कांग्रेस सरकार के खिलाफ शुक्रवार को भाजपा ने जन आक्रोश रैली का आयोजन किया। जिसमें उप प्रतिपक्ष नेता राजेन्द्र राठौड़, सांसद राजेन्द्र गहलोत, केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी सहित कई बड़े नेता व पदाधिकारी शामिल हुए।

भाजपा की इस जन आक्रोश रैली के बाद सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा नेता राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपने जिला कलेक्टर के पास पहुंचे, लेकिन उस दौरान जिला कलेक्टर कार्यालय में मौजूद नहीं थे। जिससे आक्रोशित होकर नेताओं ने ज्ञापन को कुर्सी पर छोड़ दिया और रवाना हो गए। इस दौरान जिला कलेक्टर पहुंच गए, लेकिन भाजपा नेताओं ने पीछे मुड़कर नहीं देखा और रवाना हो गए। जिला कलेक्टर ने भी ज्ञापन नहीं लिया।

जानकारी के मुताबिक जिस समय भाजपा नेता कलेक्टर को ज्ञापन देने कलेक्टर कार्यालय पहुंचे, उस वक्त जिला कलेक्टर लंच में गए हुए थे और सूचना मिलते ही तुरंत कार्यालय पहुंच गए, लेकिन तब तक भाजपा नेता अपना आक्रोश जता चुके थे। ज्ञापन लेने के लिए जिला कलेक्टर के उपस्थित नहीं होने पर विधानसभा के उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड एवं केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी ने राज्य सरकार एवं जिला कलेक्टर सहित प्रशासन की आलोचना की।

राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि यह मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एवं राज्य की कांग्रेस सरकार का तानाशाही रवैया लोकतंत्र के लिए शर्मनाक है। इतनी बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों एवं आमजन के मौजूद होने के बावजूद जिला कलेक्टर का कार्यालय में उपस्थित नहीं होना उनके गैर जिम्मेदार रवैये को दिखाता है।

केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री व स्थानीय सांसद कैलाश चौधरी ने जन आक्रोश रैली के रूप में भाजपा नेताओं की ओर से ज्ञापन लेने के लिए जिला कलेक्टर के उपस्थित नहीं होने पर विरोध दर्ज कराते हुए कहा कि तथाकथित रूप से खुद को गांधीवादी कहने और समझने वाले मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को यह व्यवहार शोभा नहीं देता है।

इतनी बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों व आमजन के मौजूदगी के बावजूद जिला कलेक्टर की अनुपस्थिति कांग्रेस की लोकतंत्र में भरोसे की पोल खोल दी। यह जनप्रतिनिधियों के साथ ही जिले की जनता का अपमान है। इस दौरान राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत, पूर्व मंत्री अमराराम चौधरी, सिवाना विधायक हमीर सिंह भायल, पूर्व विधायक डॉ जालम सिंह रावलोत, पूर्व विधायक तरुणराय कागा, बाडमेर भाजपा जिलाध्यक्ष आदूराम मेघवाल एवं बालोतरा भाजपा जिलाध्यक्ष महेश चौहान ने भी राज्य सरकार एवं जिला कलेक्टर के व्यवहार के खिलाफ विरोध दर्ज कराया।

- जन आक्रोश रैली के बाद कई नेता व पदाधिकारी ज्ञापन सौंपने कलेक्टर के पास पहुंचे थे
- लेकिन उस दौरान जिला कलेक्टर कार्यालय में मौजूद नहीं थे, सूचना मिलते ही तुरंत कार्यालय पहुंच गए, लेकिन तब तक भाजपा नेता आक्रोश जता चुके थे

# छोटे किसानों के जीवन में बड़ा बदलाव ला सकती है सहकारिता कृषि : राज्यपाल

**कोटा, (निसं)।** कृषि विश्वविद्यालय का पंचम दीक्षान्त समारोह शुक्रवार को श्रीनाथपुरम के यूआईटी सभागार में आयोजित किया गया। जिसमें समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल एवं कुलाधिपति कलराज मिश्र ने राजभवन जयपुर से ऑनलाईन वर्चुअल माध्यम से की। राज्यपाल कृषि विश्वविद्यालय के पांचवे दीक्षान्त समारोह के अवसर पर राजभवन से ऑनलाइन सम्बोधित कर रहे थे।

- कृषि विश्वविद्यालय का पांचवां दीक्षान्त समारोह आयोजित

उन्होंने कहा कि सहकारिता कृषि से खेती की लागत में कमी आने के साथ-साथ उत्पादन भी अधिक होता है, जिसका उचित मूल्य भी किसानों को प्राप्त हो पाता है। राज्यपाल एवं कुलाधिपति ने कहा है कि सहकारिता कृषि छोटे किसानों के जीवन में बड़ा और सकारात्मक बदलाव ला सकती है। उन्होंने कहा कि भारतीय परिप्रेक्ष्य में सहकारिता कृषि को व्यावहारिक बनाते हुए इसे बढ़ावा देने की दिशा में कृषि विश्वविद्यालयों को कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जमीन और पानी की कमी तथा कृषि उत्पादन के लागत मूल्य में बढ़ोतरी की चुनौती से निपटने के लिए इस दिशा में शोध और नवाचार को प्रोत्साहित किया जाना जरूरी है।

उन्होंने कहा कि किसान हितैषी योजनाओं के साथ खेती के आधुनिक ज्ञान-विज्ञान के प्रसार के क्षेत्र में कृषि विश्वविद्यालयों को प्रभावी भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि अभी उपलब्ध जल का अधिकतम उपयोग खेतों में होता है। अन्य क्षेत्रों में जल की जरूरत को पूरा करने के लिए कृषि क्षेत्र में जल प्रबंधन को लेकर गंभीर प्रयास करने होंगे। भूजल रिचार्ज पर भी और तेजी से कार्य करने की जरूरत है। राज्यपाल ने छात्राओं को अधिक स्वर्ण पदक मिलने पर खुशी जताते हुए कहा कि यह कृषि शिक्षा में बेटियों के बढ़ते रुझान का संकेत है।

उन्होंने फसलों की आठ नई उन्नत किस्मों एवं 38 नई तकनीकियों के विकास के लिए कृषि विश्वविद्यालय को बधाई दी। कृषि, उद्यानिकी एवं वानिकी संकाय के योग्य पाए गए विद्यार्थियों को स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी की उपाधियां तथा स्वर्ण पदक प्रदान किए।

कृषि, पशुपालन एवं मत्स्य विभाग मंत्री लालचन्द कटारिया ने कहा कि देश का करीब 10 प्रतिशत भूभाग और 6 प्रतिशत जनसंख्या राजस्थान में है, जबकि यहां मात्र एक प्रतिशत सतही जल ही उपलब्ध है। ऐसे में आधुनिक कृषि और नवाचारों के साथ पारम्परिक कृषि का समन्वय बनाए रखना बहुत जरूरी है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के पूर्व महानिदेशक डॉ. लक्ष्मण सिंह राठौड़ ने कहा कि कृषि यान्त्रिकीकरण ने कृषि क्षेत्र में आए सुधारों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कृषि विश्वविद्यालय, कोटा के कुलपति प्रो. डी.सी. जोशी ने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक, प्रसार एवं शोध गतिविधियों तथा विकास यात्रा का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि पांचवे दीक्षान्त समारोह में कुल 188 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गई। 15 विद्यार्थियों को कुल 17 स्वर्ण पदक प्रदान किये गये।




कोटा कृषि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की गई।

# बीकानेर में सोफिया स्कूल की लड़की करोना पॉजिटिव निकली

## परिवार में एक पॉजिटिव आने के बाद से वो स्कूल नहीं गई

**बीकानेर, (कासं)।** जिलें में एक सप्ताह में तीसरे स्कूल स्टूडेंट की कोविड रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। ताजा मामला जयनारायण व्यास कॉलोनी की सोलह साल की एक लड़की का है जो सोफिया स्कूल में पढ़ती है। हालांकि परिवार में एक पॉजिटिव आने के बाद से वो स्कूल नहीं गई। उसके बहन व पिता की रिपोर्ट भी कोरोना पॉजिटिव आई है। इससे पहले घर में सबसे पहले लड़की की दादी पॉजिटिव आई थी। इसके अलावा एयरफोर्स स्टेशन नाल में भी एक जवान पॉजिटिव आया है। नाल में इस बार ये पहला केस सामने आया है।

- **लड़की की बहन व पिता की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव है**
- **एयरफोर्स स्टेशन नाल में भी एक जवान पॉजिटिव आया जो पहला मामला है**

जयनारायण व्यास कॉलोनी कोरोना का हॉट स्पॉट बनता जा रहा है यहां सर्वाधिक पॉजिटिव केस हैं। शुक्रवार को तीन नए पॉजिटिव आने के साथ ही ये आंकड़ा बढ़ गया है। इसमें एक 16 साल की लड़की के अलावा उसकी 22 साल की बहन और 54 साल के पिता भी है। स्कूल स्टूडेंट के अलावा सभी ने वैक्सीनेशन करवाया हुआ है। इनमें पिता को लगातार बुखार है जबकि शेष सभी का स्वास्थ्य सही है। उधर, नाल में एक 24 साल का युवक भी पॉजिटिव आया है। इसका टेस्ट नाल एयरफोर्स स्टेशन पर ही हुआ था।

कोरोना स्कूली स्टूडेंट्स में तेज गति से फैल रहा है। अब तक पॉजिटिव आए स्टूडेंट्स में एक एवीएम स्कूल का 15 साल का लड़का है तो दूसरा जयनारायण व्यास कॉलोनी में स्थित स्कूल में है। तीसरा स्टूडेंट सोफिया स्कूल का है। सोफिया स्कूल से ही पहले एक लड़की पॉजिटिव आ चुकी है। इन स्कूल स्टूडेंट्स के साथ परिजन भी पॉजिटिव आ चुके हैं। संयुक्त निदेशक डॉ. देवेंद्र चौधरी ने बताया कि संभाग के चारों जिलों से रिपोर्ट ली जा रही है।

## अजमेर में स्पेन से आई महिला पॉजिटिव निकली

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर जिले में करोना संक्रमण बढ़ रहा है, गुरुवार को ओमिक्रोन का पहला मामला सामने आने के बाद अब शुक्रवार को स्पेन से पुष्कर आई विदेशी महिला करोना पॉजीटिव निकली तो वहीं ब्यावर में साउथ अफ्रीका से लौटा एक परिवार के दो बच्चों की रिपोर्ट कोरोना पॉजीटिव आई है। विदेशी महिला की रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद स्वास्थ्य विभाग में हडकंप मच गया है। शुक्रवार तक अजमेर जिले में 95 करोना पॉजिटिव संक्रमित सामने आ चुके हैं।

ओमिक्रॉन की भी दस्तक हडकंप- अजमेर जिले में ओमिक्रॉन संक्रमित मरीज मिल ने के बाद भी स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन में हडकंप मचा हुआ है, स्वास्थ्य विभाग द्वारा संक्रमित मरीज को जेएल एन अस्पताल में बनाए विशेष आईसोले शन वार्ड में भर्ती करवाया गया है। वहीं संक्रमित के परिवार वालों की सैंपल लेकर जांच के लि ए भिजवाए गए हैं।

## उदयपुर में दो करोना संक्रमित मिले

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर जिले में शुक्रवार को दो संक्रमित मिले हैं । चार संक्रमितों के रिकवर होने के साथ ही जिले में एक्टिव केसेस की संख्या 13 रह गई है।

- **शहरी क्षेत्र से नया संक्रमित व ग्रामीण क्षेत्र का संक्रमित क्लॉज कांटेक्ट है**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश खराड़ी ने बताया कि जिले में आज प्राप्त 1780 सैम्पल जांच रिपोर्ट में से दो पॉजीटिव मिले है। संक्रमितों में एक शहरी क्षेत्र से नया संक्रमित व ग्रामीण क्षेत्र का संक्रमित क्लॉज कांटेक्ट है। ये संक्रमित मयंक कॉलोनी न्यू भूपालपुरा व न्यू फ्लोरा कॉम्प्लेक्स भुवाणा क्षेत्र से है। संक्रमितों में से 55698 रिकवर हो चुके है। जिले में शुक्रवार को चार संक्रमित रिकवर हुए हैं। एक्टिव केसेस की संख्या 13 है।

# उपनिरीक्षक व प्लाटून कमाण्डर भर्ती परीक्षा, 2021 का परिणाम जारी

## 20359 अभ्यर्थी शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु अस्थायी रूप से उत्तीर्ण घोषित

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा उपनिरीक्षक व प्लाटून कमाण्डर भर्ती परीक्षा, 2021 का परिणाम शुक्रवार को जारी किया गया।

संयुक्त सचिव आशुतोष गुप्ता ने बताया कि परिणाम नॉर्मलाइजेशन कर जारी किया गया है। लिखित परीक्षा के परिणामों में नॉन टीएसपी क्षेत्र के 18787 तथा टीएसपी क्षेत्र के 1572 अभ्यर्थी शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु उनकी पात्रता की शर्तों पर अस्थायी रूप से उत्तीर्ण घोषित किए गए हैं। माननीय न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन होने के कारण 5 अभ्यर्थियों, अनुचित साधन अपनाए जाने के कारण 9 अभ्यर्थियों तथा प्रशासनिक कारणों से 8 अभ्यर्थियों का परिणाम सील्ड कवर में रखा गया है। विस्तृत परिणाम आयोग की वेबसाइट पर देखा जा सकता है। गुप्ता ने बताया कि शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु अस्थाई रूप से सफल अभ्यथिर्यों की पात्रता सम्बन्धी जाँच साक्षात्कार के समय की जाएगी। परिणाम में सफल घोषित अभ्यथिर्यों की शारीरिक दक्षता परीक्षा के लि ए महानिदेशक एवं महानिरीक्षक पुलि स, राजस्थान, जयपुर द्वारा आमंत्रित किया जाएगा। इसका कार्यक्रम सम्बन्धित अभ्यर्थियों को उनके द्वारा ही सूचित किया जायेगा।

- **साक्षात्कार के समय की जाएगी पात्रता संबंधी जांच**

# फार्महाउस में पैंथर ने पांच पशुओं का किया शिकार

**मसूदा, (निसं)।** मसूदा रामगढ़ रोड पर एक फार्म हाउस पर एक किसान के पांच पशुओं को पैंथर ने मौत के घाट उतार दिया। सीधे तौर पर मामला वन विभाग से जुड़े होने से सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और मृत पशुओं के पोस्टमार्टम करवाने की कार्रवाई शुरू की। चिकित्सक के उपल ब्ध नहीं होने से सुबह से वन विभाग की टीम मृत पशुओं के पोस्टमार्टम करवाने के लिए इंतजार करती रही।

घटना से जुड़े तथ्यों के अनुसार गुरुवार की रात्रि को मसूदा रामगढ़ रोड पर स्थित किसान शंकरल ाल मौर्य के फार्म हाउस पर कथित पैंथर ने पांच पशुओं का शिकार कर लिया। मसूदा फॉरेस्टर ने डॉक्टर के लिए सम्पर्क किया लेकिन मसूदा से कोई चिकित्सक उपलब्ध नहीं हो सका। जानकारी में सामने आया कि यहां पर पदस्थापित डॉक्टर माने अंकुश का पिछले साल स्थानांतरण होने के बाद यहां पर किसी चिकित्सक को नहीं ल गाए जाने से आज यह स्थिति उत्पन्न हुई है। वन विभाग के फॉरेस्टर मीणा को खरवा किराप चिकित्साल य से भी जिम्मेदारीभरा कोई जवाब नहीं आने के कारण इस वक्त भी जहां एक और वन विभाग की टीम सुबह से मृत पशुओं के पोस्टमार्टम करवाने के लिए घटनास्थल पर बैठी हुई है।

- **पोस्टमार्टम के लिए डॉक्टर की दरकार**
- **मसूदा विधायक ने डॉक्टर उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया**

इस संबंध में मीडिया कर्मी ने क्षेत्रीय विधायक राकेश पारीक फोन पर मसूदा में डॉक्टर के नहीं होने से ऐसी स्थिति होने की जानकारी देने पर क्षेत्रीय विधायक ने पोस्टमार्टम की व्यवस्था करवाने के लि ए डॉक्टर उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया।

## दुकान में आग से सामान जला

**अलवर, (निसं)।** बहरोड़ कस्बे में शुक्रवार सुबह पैरामिलिट्री सामान की दुकान के गोदाम में आग लग गई। जिससे लाखों रुपए का सामान जल गया। दमकल टीम ने सुबह ही आग पर काबू पा लिया लेकिन तब तक काफी सामान जल कर राख हो गया। पैरामिलेट्री कैंटीन के गोदाम में सुबह शॉर्ट सर्किट से आग लगना बताया गया । फायरमैन जगदीप तक्षक ने बताया कि सुबह करीब सवा 7 बजे आग की सूचना मिली थी । जिस पर सहायक अग्निशमन अधिकारी अजय चौधरी सहित दमकल का स्टाफ मौके पर पहुंचा। आग पर काबू पाया गया। दुकानदार मौके पर पहुंचा और आग की सूचना मिलने पर अगल-बगल के दुकानदार भी मौके पर पहुंच गए। दमकल ने समय पर आग पर काबू पा लिया । जिससे आग नहीं फैली।

## तीन घण्टे विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी

**निवाई, (निसं)।** चैनपुरा 132 के वी जीएसएस पर 25 दिसम्बर शनिवार को मेंटेनेंस कार्य को लेकर 3 घण्टे विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। जेवीवीएनएल जयपुर डिस्कॉम निवाई के सहायक अभियंता (अ प्रथम) के.सी. माली ने बताया कि 132 के वी जीएसएस चैनपुरा से निकलने वाले सम्पूर्ण निवाई शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में प्रातः 10 बजे से दोपहर1 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

## कलैक्टर मोदी को प्रदान किया प्रशस्ति पत्र

**जैसलमेर, (निसं)।** जैसलमेर जिला कलैक्टर आशीष मोदी को सीमा सुरक्षा बल के स्थापना दिवस पर शहीद पूनमसिंह स्टेडियम में जिला प्रशासन के उत्कृष्ट एवं सराहनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया है। सीमा सुरक्षा बल महानिदेशालय दिल्ली की ओर से महानिदेशक पंकज कुमार सिंह ने जिला कलक्टर आशीष मोदी के योगदान की सराहना करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशालय की ओर से बीएसएफ एसएचक्यू बीकानेर के डीआईजी पूष्पेन्द्रसिंह राठौड़ एवं जैसलमेर के जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अजयसिंह को भी बीएसएफ स्थापना दिवस समारोह के सफल आयोजन में उल्लेखनीय भूमिका निर्वाह के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

# व्याख्याताओं को पदोन्नित के बाद दी एसीपी, राज्यभर में होगा बहिष्कार

## राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत ने लिया बहिष्कार का फैसला

**उदयपुर, (कासं)।** राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत द्वारा आगामी राज्य स्तरीय सम्मेलन में वर्तमान में राजस्थान के लगभग 2500 से अधिक व्याख्याताओं के लिए पदोन्नति के बाद मिलने वाली एसीपी को अपमानजनक करार देते हुए इसका राज्य भर में बहिष्कार किया जाएगा

एकीकृत के प्रदेश मीडिया प्रभारी राव गोपाल सिंह आसोलिया ने बताया कि वर्तमान में पदोन्नति से व्याख्याता बने लगभग 25000 व्याख्याताओं को 30 वर्ष बाद जो तृतीय एसीपी मिल रही है वह अपने आप में अपमानजनक अवैधानिक एवं नियमानुसार नहीं है।

वर्तमान में तृतीय श्रेणी शिक्षकों को एसीपी 4200 पे ग्रेड ग्रेड पे द्वितीय एसीपी पर 4800 पे एवं तृतीय 27 वर्षीय एसीपी पर 5400 ग्रेड पे एल 3,9,27 वर्ष पर मिल जाती है जबकि यही एसीपी पदोन्नति से व्याख्याता बनने पर 30 वर्ष बाद मिलती है जबकि व्याख्याता के लिए तृतीय एसीपी ग्रेड पे 6600 एल 16 मिलनी चाहिए क्योंकि व्याख्याता की एंट्री पर ग्रेड 4800० उसके बाद पता मैं सपी 5400 एल 14 एवं तृतीय एसीपी प्रधानाचार्य एल 16,6600 ग्रेड पे मिलनी चाहिए।

राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत के प्रदेश अध्यक्ष गिरिराज शर्मा प्रदेश महामंत्री विपिन जैन एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी गोपाल सिंह आसोलिया ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और शिक्षा मंत्री डॉक्टर बीडी कल्ला एवं वेतन निराकरण समिति से तत्काल विसंगति दूर करने का आग्रह किया है एवं ऐसा नहीं करने पर इस अपमानजनक एसीपी का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है इस संबंध में राज्य स्तरीय सम्मेलन में राज्यव्यापी बहिष्कार का निर्णय लिया जाएगा।

## दो बालिकाओं को बाल श्रम से मुक्त कराया

**भरतपुर, (निसं)।** श्रम विभाग द्वारा 20 से 31 दिसम्बर तक संचालित किए जा रहे बाल श्रम के विरूद्ध अभियान के तहत शुक्रवार को 2 नाबालिग बालिकाओं को बाल श्रम से मुक्त कराया। श्रम विभाग के संभागीय श्रम आयुक्त ओपी सहारण एवं बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष गंगाराम पाराशर ने संयुक्त निर्देशन में श्रम निरीक्षक माधव गोस्वामी, मानव तस्करी निरोधी इकाई एवं चाइल्ड लाइन द्वारा संयुक्त कार्यवाही कर नदबई के ग्राम बुढवारी स्थित ओम शान्ति ईट भट्टा से दो नाबालिग बालिकाओं को बाल श्रम से मुक्त कराया। बालिकाओं को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश कर बालगृह भेजा गया एवं नियोजक के विरूद्ध थाना नदबई में एफआईआर दर्ज कराई गई, साथ ही भट्टे पर मौजूद सभी मजदूरों को विभाग की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

# महाराजा आफ जोधपुर गोल्डन जुबली कप का पहला दिन अचीवर्स डीबी रियल्टी के नाम रहा

## जोधपुर पोलो-2021 : पोलो फैक्ट्री को ढाई गोल के अन्तर से हराया

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर पोलो एवं इक्यूस्टेरियन इंस्टीट्ययूट, जोधपुर के तत्वावधान में महाराजा गजसिंह स्पोर्ट्स फाउण्डेशन पोलो मैदान में चल रहे 22वें जोधपुर पोलो सीजन 2021 में शुक्रवार 24 दिसम्बर से मेहरानगढ़ बैण्ड की सुमधुर धुनों के साथ महाराजा आफ जोधपुर गोल्डन जुबली कप (10 गोल) टूर्नामेंट शुरु हुआ। दोपहर 3 बजे पोलो फैक्ट्री ओर अचीवर्स डीबी रियल्टी टीमों के बीच खेले गये इस मैच को रियल्टी टीम ने साढ़े पांच के मुकाबले आठ गोल कर ढ़ाई गोल के अन्तर से जीत लिया।



अचीवर्स डीबी रियल्टी और पोलो फैक्ट्री के खिलाड़ी शॉट लगाते हुए।

आधे गोल की शुरुआती बढ़त के साथ खेलने मैदान में उतरी पोलो फैक्ट्री टीम के सिद्धांत शर्मा तथा रियल्टी टीम के अर्जेन्टीना के खिलाड़ी जरार्डो मेजिनी ने अपना स्वाभाविक प्रदर्शन दोहराते हुए चार-चार गोल किए। मैच के दौरान जोधपुर पोलो के मुख्य संरक्षक पूर्व नरेश गजसिंह, मेजर जनरल नरपतसिंह राजपुरोहित, वीएसएम पुनायता, मेहरानगढ़ म्युजियम ट्रस्ट के सहायक निदेशक डॉ. महेन्द्रसिंह तंवर व कर्नल गिरेन्द्रसिंह दाखां वीएसएम मैदान में उपस्थित थे। मैच के प्रारम्भ में सनसिटी ज्वैल्स जोधपुर की सोनू जैन ने गेंद फेंककर खेल शुरु करवाया।

जोधपुर पोलो एवं इक्विस्टेरियन इंस्टीट्यूट, जोधपुर के मानद सचिव कर्नल उम्मेदसिंह ने बताया कि पोलो फैक्ट्री की ओर से खेलते हुए टीम के चार हैण्डीकेप के खिलाड़ी सिद्धांत शर्मा ने चार चक्कर के खेल में प्रत्येक चक्कर में एक-एक कुल चार गोल किए। टीम के साथी खिलाड़ी प्रणव कपूर ने भी चैथे चक्कर में एक गोल किया। मुकाबले में अचीवर्स डीबी रियल्टी टीम की ओर से खेलते हुए टीम के पांच हैण्डीकेप के विदेशी खिलाड़ी जरार्डो मेजिनी ने भी प्रत्येक चक्कर में एक-एक कुल चार गोल किए। साथी खिलाड़ी दो हैण्डीकेप के धनंजयसिंह जयपुर ने पहले चक्कर में एक गोल, भंवर हेमेन्द्रसिंह ने तीसरे चक्कर में एक गोल व तीन हैण्डीकेप के खिलाड़ी सैय्यद बशीर अली ने चौथे चक्कर में दो गोल किए। मैच के अम्पायर उदय कलान व कर्नल रवि राठौड़ वीएसएम (से.नि.) थे जबकि रैफरी सैय्यद शमशेर अली व मैच की कांमेन्ट्री अजितेश सिंह, मेजर अमनसिंह व अंकुर मिश्रा ने संयुक्त रूप से की। शनिवार 25 दिसम्बर को भंवर बाईजीलाल वारा राज्ये कप का प्रदर्शन मैच दोपहर 3 बजे मैच खेला जायेगा।

## मालपुरा के निजी स्कूलों में सरकारी आदेशों की उड़ रही धज्जियां

**मालपुरा, (निसं)।** नये वेरिएन्ट ऑमीक्रॉन के खतरे को नजर अंदाज कर अपने निजी लाभ को सर्वोपरी मान मालपुरा के निजी स्कूलों में स्कूल संचालक सरकारी आदेशों की जमकर धज्जियां उडा रहे हैं। मालपुरा में निजी स्कूल संचालक क्लास रूम में ना तो सोशल डिस्टेंश की पालना करा रहे और ना ही विद्यालय में प्रवेश से पूर्व मास्क की अनिवार्यता के आदेशों की कोई पालना कर रहे हैं।

इतना ही नहीं निजी विद्यालयों में बच्चों को संक्रमण से बचाव के लिए प्रवेश द्वार पर थर्मल स्क्रीनिंग, सैनेटाईज व मास्क सहित साबुन से हाथ धुलाई जैसे सुरक्षा संसाधनों का भी उपयोग नहीं लिया जा रहा है। बाल वाहिनी ऑटो में भी बच्चों को चालक द्वारा क्षमता से अधिक बैठाया जा रहा है। शिक्षा विभाग के साथ-साथ पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की जानकारी में सारा माजरा होने के बावजूद किसी ने भी गाईडलाईन व सरकार के आदेशों की पालना कराना मुनासिब नहीं समझा।

# पहली बार डिस्कॉम को 175.72 करोड़ रुपयों का शुद्ध लाभ

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा बिजली चोरी के विरुद्ध अभियान तथा राजस्व वसूली का असर अब दिखने लगा है। अजमेर डिस्कॉम ने वित्तीय वर्ष 2020-21 में रिकॉर्ड 175.72 का शुद्ध लाभ अर्जित किया है। डिस्कॉम एमडी वी.एस. भाटी ने अपने अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कड़ी मेहनत को इसका श्रेय दिया है।

अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड प्रबंध निदेशक श्री वी.एस. भाटी ने बताया कि अजमेर डिस्कॉम ने प्रदेश ही नहीं वरन देश भर की बिजली वितरण कंपनियों के लिए नए आदर्श स्थापित किए हैं। जहां एक ओर देश की लगभग अधिकांश बिजली वितरण कंपनियां लगातार घाटें का सामना कर रही है वही अजमेर डिस्कॉम ने अपने अधिकारियों व कर्मचारियों की कड़ी मेहनत से बिजली चोरों पर लगाम कसकर 175.72 करोड रुपयों का शुद्ध लाभ अर्जित किया है।

- **हानि कम करने के लिए डिस्कॉम के लगातार प्रयासों का दिखने लगा असर**

अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री वी.एस. भाटी ने बताया कि अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की वार्षिक साधारण सभा लेखों का अनुमोदन किया गया है। अनुमोदित वार्षिक लेखों के अनुसार अजमेर डिस्कॉम ने पहली बार 175.72 करोड़ रुपयों का शुद्ध लाभ अर्जित किया है।

अजमेर डिस्कॉम को लाभ में लाने के लिए पूरी डिस्कॉम टीम की कड़ी मेहनत- एमडी भाटी ने बताया कि अजमेर डिस्कॉम को लाभ में लाने के लिए डिस्कॉम की पूरी टीम ने कड़ी मेहनत की है। डिस्कॉम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने छुट्टी के दिन भी बिना अवकाश लिए कार्य किया है। जिसका परिणाम अब सबके सामने है।

## झगड़ा करने की शिकायत पर 5 अध्यापक एपीओ

**गंगापुर सिटी, (निस)।** नोगांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आपसी गुटबाजी और स्कूल में आपस में अभद्रता करने के मामले में 5शिक्षकों को एपीओ किया है। एडीएम नवरत्न कोली ने आदेश जारी किये । एडीएम नवरत्न कोली ने बताया कि पिछले एक महीने से स्कूल में स्टाफ की ओर से आपस में गुटबाजी कर आपस में उच्चाधिकारियों को शिकायत की जा रही थी।

स्कूल परिसर में भी टीचर आपस में अभद्र भाषाओं का प्रयोग कर झगड़ा करते थे, जिससे स्टूडेंट्स की पढ़ाई भी बाधित हो रही थी। इस बारे में ग्रामीणों की ओर से बुधवार को शिकायत मिलने पर 5 शिक्षकों को एपीओ किया है। जिनमें टीचर भंबुराम मीणा को एपीओ कर मुख्यालय बीकानेर, जगराम मीना, कैलाशचंद मीणा, राजपाल मीणा और स्वतंत्र शर्मा को एपीओ कर मुख्यालय संयुक्त निदेशक भरतपुर भेजा गया है।

# पॉक्सो मामला: पुलिस हिरासत में युवक की बिगड़ी तबीयत, मौत

**जोधपुर, (कास)।** निकटवर्ती लोहावट पुलिस थाने में पॉक्सो एक्ट के एक संदिग्ध युवक की अचानक तबीयत बिगड़ गई। बाद में इस युवक की मौत हो गई। युवक को शहर के मथुरादास माथुर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका कि युवक की मौत कैसे हो पाई। शव को मोर्चरी में रखवाया गया है।

लोहावट पुलिस ने गुरुवार को पॉक्सो एक्ट के दो माह पुराने मामले में फरार चल रहे सह आरोपी राजूराम नाम के एक शख्स को अनूपगढ़ से हिरासत में लेकर पूछताछ को लाई। पुलिस हिरासत में पूछताछ के समय रात को राजूराम की तबीयत बिगड़ गई। तब उसे पहले लोहावट और बाद में जोधपुर लाया गया। जोधपुर के एमडीएम अस्पताल में लाए जाने के समय राजूराम को उल्टियां हो रही थी। इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। युवक की मौत होते ही लोहावट पुलिस पशोपेश में पड़ गई।

- **संदिग्ध युवक राजूराम के घर ठहरा था, युवक-युवती का नहीं चला पता**

लोहावट क्षेत्र से एक नाबालिग लडक़ी को एक युवक बहला-फुसला कर अपने साथ ले गया। यहां से भागने के बाद वह दो-तीन दिन के लिए राजूराम के घर पर ठहरे थे। इस कारण से राजूराम को पुलिस ने पूछताछ के लिए हिरासत में लिया था। युवक-युवती का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

## बैंक में खाता खुलवाने के लिए ग्रामीण काट रहे चक्कर

**नारायणपुर, (निसं)।** कस्बे में स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया में ग्रामीणों को इन दिनों खाता खुलवाने के लिए बैंक शाखा के बार-बार चक्कर लगाने पड़ रहे हैं व खाता नहीं खुल रहा है।

ग्रामीण हेमराज ने बताया कि उनके द्वारा बैंक में 15 दिसम्बर को खाता खुलवाने के लिए बैंककर्मी को आवश्यक दस्तावेज सहित एक हजार रूपये दिए थे। लेकिन 10 दिन बीत जाने के बाद भी ग्रामीण द्वारा बार-बार चक्कर लगाने के बाद भी बैंककर्मियों द्वारा उनका खाता आज तक नहीं खोला गया। बैंक कार्मिकों की मनमानी इतनी ज्यादा है कि बैंक पासबुक में लेन-देन की एंट्री न करके उपभोक्ताओं को बैंक बैलेंस मौखिक रूप से बताया जा रहा है। मामले में सीबीआई बैंक मैनेजर ने बताया कि बैंक स्टाफ छुट्टी पर था। इसलिए स्टाफ की वजह से दिक्कत आई और अगले महीने भी दिक्कत रहेगी।

# फेसबुक पर जम्मू कश्मीर के एडीजीपी का फर्जी अकाउंट बनाकर सैंकड़ों लोगों को ठगा

## जम्मू कश्मीर के गांधी नगर साइबर क्राइम स्टेशन की पुलिस ने अलवर के ककराली गांव से 8 युवकों को गिरफ्तार किया

**अलवर, (निसं)।** जम्मू कश्मीर के गांधी नगर साइबर क्राइम स्टेशन की पुलिस 750 किमी दूर अलवर के ककराली गांव पहुंची । यहां से 8 युवकों को गिरफ्तार किया। जिन्होंने जम्मू कश्मीर के एडीजीपी मुकेश सिंह के नाम से फर्जी फेसबुक आईडी बना कर सैकड़ों लोगों से करोड़ों रुपए की ठगी की है।

आईडी बनाकर फेसबुक पर यह मैसेज डाला की उनके यहां से एक बटालियन दूसरी जगह जा रही है। फर्नीचर सहित काफी सामान है जिसे बेचना है। ठगी करने वाले आठों युवक 10 वीं-12वीं पास है। इनमें से एक बीटेक कर चुके हैं । सस्ते दामों का लालच देकर दिल्ली के डॉक्टर और जम्मू के इंजीनियर को ठगा। उससे कई लाख रुपए वसूल लिए। इसके अलावा अलग-अलग सामान बेचने के नाम पर बड़ी संख्या में लोगों से पहले भी ठगी कर चुके हैं।

अब गिरफ्त में लेकर पूछताछ के बाद पूरा खुलासा किया जाएगा। पुलिस ने बताया कि सभी युवक अलवर के निकट चिकानी के पास ककराली मेव गांव के रहने वाले हैं। इन युवकों के आस-पास में घर हैं। सदर थाना पुलिस के करीब 50 जवान लेकर गांव में पहुंचे थे। वहां से गिरफ्तार कर लिया है। अलवर अस्पताल में मेडिकल व कोविड जांच के बाद पुलिस युवकों को जम्मू ले गई है।

- **ठगी करने वाले आठों युवक 10वीं-12वीं पास हैं**
- **ठगी का पैसा केरल व उड़ीसा के बैंक खातों में डलवाया**

इन युवकों ने ठगी का पैसा केरल व उड़ीसा के बैंक खातों में डलवाए हैं। मतलब पूरा नेटवर्क है। जिनके खातों में रुपए डाले गए उनको ऑपरेट भी गैंग के लोग ही करते हैं। पैसे आते ही एटीएम से निकाल लेते हैं। इनके पास मोबाइल की सिम भी केरल व उडीसा की है। पुलिस ने इनको मोबाइल नंबरों के आधार पर गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया कि पकड़े गए युवकों में साहिब, आशिक, मुस्ताक, मौसम, आरिफ, इरफान, शौकत व मनीष है। इनमें से दो-तीन तो सगे भाई भी हैं। जम्मू पुलिस का कहना है कि गांव में काफी युवक ठगी में लगे हैं। हमने लोकेशन के आधार पर इनको पकडा है। अब जांच के बाद पूरा खुलासा हो सकेगा। इतना जरूर है कि इन्होंने सैकड़ों लोगों से करोड़ों रुपया ठगा है।

## संक्षिप्त

### पवन जैन चेयरमैन बने

**मालपुरा।** रोटरी क्लब मालपुरा ग्रीन पूर्व अध्यक्ष व सक्रिय समाज सेवी पवन जैन संगम को रोटरी जिला प्रान्तपाल बलवंत चिराना ने आगामी सत्र के लिए जिला रोटरी सामुदायिक संगठन कमेठी चेयरमैन की घोषणा की। पवन जैन संगम पूर्व में रोटरी क्लब में कई पदों पर सर्वश्रेष्ठ सराहनीय सेवा कार्य कर सर्वश्रेष्ठ सम्मान प्राप्त कर चुके हैं। जैन वर्तमान में रोटरी जिला 3054 में राजस्थान प्रान्त सचिव पद पर कार्य कर रहे हैं।

### बाबूलाल मीणा अध्यक्ष निर्वाचित

**देवली, (निसं)।** स्थानीय अभिभाषक संघ के वार्षिक चुनाव गुरुवार को विधिपूर्वक संपन्न हुए। इस दौरान मुख्य मुकाबला अध्यक्ष पद को लेकर बना रहा। जबकि शेष पदों पर पहले ही निर्विरोध निर्वाचन हो चुका था। यहां अभिभावक संघ के चुनाव में 69 अधिवक्ताओं ने मतदान कर बार संघ के प्रतिनिधियों का चुनाव किया। इस मौके पर चुनाव निर्वाचन अधिकारी राधेगोपाल शर्मा व रामदेव वर्मा ने बताया कि अभिभाषक संघ के अध्यक्ष पद के चुनाव पर एडवोकेट बाबूलाल मीणा निर्वाचित हुए है। जिन्होंने एडवोकेट महावीर सिंह राठौड़ को 11 मतों से पराजित किया।

### तेरह सौ लोगों के टीके लगाये

**रींगस, (निसं)।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से शुक्रवार को शहर के 16 केन्द्रों पर मेघा वैक्सिनेशन के शिविर आयोजित किये गये। डॉ विनोद गुप्ता ,सुपर वाईजर किरण मीणा,कार्यकर्ता पुष्प लता पारीक ने बताया कि शहर में 16 वार्डों में टीकाकरण केन्द्र बनाये गये थे। यहां पर शाम तक 13 सौ से अधिक लोगों के टीके लगाये गये।

### शिविर में 48 रोगियों की जांच की

**बोराज।** कस्बे के ग्राम पंचायत मुख्यालय पर शुक्रवार को बालाजी सोनी अस्पताल व पंचायत बोराज के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का सरपंच सुरेन्द्र सिंह मीणा के मुख्य आथित्य में आयोजन किया गया। शिविर में डॉ. निखिल खण्डेलवाल गुर्दा व पथरी रोग विशेषज्ञ, डॉ. रोहित राज नेत्र रोग विशेषज्ञ, गौतम साहिनी मार्केटिंग मैनेजर एवं सहायक मेडीकल स्टाफ ने 48 रोगियों के स्वास्थ्य की जांच कर परामर्श दिया।

### साइकिल वितरण समारोह आयोजित

**पावटा।** निकटवर्ती राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय फतेहपुरा खुर्द में शुक्रवार को पूर्व तहसीलदार रामनिवास यादव के मुख्य आतिथ्य व सामाजिक कार्यकर्ता व जिला कांग्रेस कमेटी सदस्य बजरंग लाल यादव की अध्यक्षता साईकिल वितरण कार्यक्रम के दौरान 31 साइकिलों का वितरण किया गया। वहीं राउमावि भैंसलाना में सरपंच प्रतिनिधि करण सिंह शेखावत व प्रधानाचार्य पूरण कसाना की अध्यक्षता व प.स. सदस्य सुभाष कुमावत व उपसरपंच श्योसहाय मौर्य के विशिष्ट आतिथ्य में 46 छात्राओं को साईकिलों का वितरण किया गया।

### तुलसी पूजन एवं महाआरती आज

**फुलेरा।** न्यू कॉलोनी स्थित गणेश मन्दिर में शनिवार सायं 6 बजे मदनमोहन मालवीय जयंती के उपलक्ष में तुलसी पूजन, हनुमान चालीसा का पाठ कर महाआरती का आयोजन किया जायेगा।

# शिविर में शहीद परिवार के 37 सदस्यों के पेंशन मामले निबटाये

**किशनगढ बास, (निसं)।** ग्रामीण अंचल में रहने वाले लोग अनभिज्ञता के चलते सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं ले पाते हैं या यह कहें कि जानकारी होने के बाद भी वह शिक्षा के अभाव में प्रयास नहीं कर पाते हैं ऐसे व्यक्तियों को शिविर के माध्यम से लाभान्वित किए जाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। जिससे कोई गरीब असहाय जरूरतमंद व्यक्ति लाभ लेने से वंचित नहीं रहे। यह कहना है शिविर प्रभारी किशनगढ बास एसडीएम ओमप्रकाश सहारण का।

■ ग्राम पंचायत बघेरी में प्रशासन गांव के संग शिविर आयोजित

उन्होंने बताया गुरुवार को किशनगढ बास के गांव बघेरी में प्रशासन गांव के संग शिविर लगाया गया। शिविर में 22 विभागों की अलग अलग टीम ने ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित कर 81 आवासीय पट्टे वितरित किए और दो व्यक्तियों को प्रधानमंत्री आवास योजना से जोडा गया। इसके अलावा शिविर में सैनिक कल्याण बोर्ड के अधिकारियों ने शहीद सैनिकों के परिवार जनों के 37 पेंशन प्रकरणों का निस्तारण किया।

शिविर में पहुंचे 66 वर्षीय अविवाहित विकलांग तोताराम को ट्राईसाईकिल निशुल्क रोडवेज बस यात्रा पास वह पेंशन का लाभ दिलाया गया इसी प्रकार दिव्यांग अंकित को पेंशन व व्हीलचेयर का लाभ दिलाया गया।

शिविर में राजस्व विभाग की टीम ने 100 शुद्धीकरण 225 सीमा ज्ञान 46 खाता विभाजन के प्रकरणों का निस्तारण किया। ऊर्जा विभाग ने 31 शिकायतों का मौके पर समाधान कर हल किया। सहकारिता विभाग ने 42 लोगों को ऋण मंजूर किए। परिवहन विभाग की ओर से 19 पात्र व्यक्तियों को फ्री रोडवेज पास जारी किए गए पीएचडी विभाग ने मौके पर 4 हैंडपंपों को दुरुस्त कराकर ग्रामीणों की समस्या का समाधान किया पशु विभाग की टीम ने 420 पशुओं को टीकाकरण किया। चिकित्सा विभाग ने 88 लोगों को कोविड-19 वैक्सीन के टीके लगाए तथा 134 मरीजों को देखा तथा 9 पेंशन व 25 व्यक्तियों को पालनहार योजना से जोडा गया। शिविर में तहसीलदार पुरुषोत्तम दास नायब तहसीलदार मोनिका शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



किशनगढ़ बास के गांव बघेरी में आयोजित शिविर में 22 विभागों की अलग-अलग टीम ने ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया।

## सरकारी स्कूल में कम्प्यूटर लैब लगाकर विद्यार्थियों को समर्पित की

**अलवर, (निसं)।** नेक कमाई समूह की ओर से सरकारी स्कूल राजकीय सीनियर माध्यमिक विद्यालय केसरपुर में कम्प्यूटर लैब लगाकर विद्यार्थियों को समर्पित की गई। इस विद्यालय के विद्यार्थियों को गर्म जैकेट प्रदान की गई।

केसरपुर विद्यालय में भूमि अवाप्ति अधिकारी सोहन सिंह नरुका ने रिबन काटकर कम्प्यूटर लैब का उद्घाटन किया। यहां केसीआरआई की ओर से नि:शुल्क कम्प्यूटर लैब लगाई गई है। केसीआरआई के निदेशक डॉ.गौरव खंडेलवाल को इसके लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जरूरतमंद विद्यार्थियों को गर्म जैकेट व मास्क वितरित किए गए। कार्यक्रम में सफाई कर्मी व सहायक कर्मचारी को साड़ियां प्रदान की गई।

कार्यक्रम में समूह के संरक्षक दौलतराम हजरती ने मुख्य गतिविधियों की जानकारी दी। मुख्य कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने बताया कि समूह अब प्रतिभावान विद्यार्थियों को कम्प्यूटर सहित स्वरोजगार के प्रशिक्षण देगा। कार्यक्रम में शशांक झालानी को एसएमडी सर्किल पर ही नाले पर जाल बिछाकर जान बचाने के काम के लिए सम्मानित किया।

## सार-समाचार

### विद्यालय में खिलौना बैंक का शुभारंभ



**टोंक, (निसं)।** मौलाईपुरा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में अन्त्योदय खिलौना बैंक स्थापित किया गया। अब इस स्कूल में पढने वाले विद्यार्थियों को खेल-खेल में शिक्षा व अन्य गतिविधियों की जानकारी दी जाएगी। साथ ही नामांकन में बढ़ोतरी भी होगी। अंत्योदय फाउंडेशन मुम्बई और राज्य स्तर पर पुरस्कृत वरिष्ठ अध्यापक ओमप्रकाश शर्मा ने स्वयं भामाशाह बनते हुए खिलौना बैंक में सहयोग किया। खिलौना बैंक का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस नेता सईदी सऊदी, अध्यक्षता नगर परिषद उपसभापति बजरंग लाल वर्मा, मनोनीत वार्ड पार्षद पोलूराम मीणा, पूर्व सरपंच कजोडमल यादव, प्रधानाचार्य धर्मचन्द खटीक, रामदेव गुर्जर, फौजीराम मीणा, हंसराज फागणा ने किया। अंत्योदय की ओर से अल्फा न्यूमैरिक बोर्ड, जंबो इंडिया मैप आदि एक दर्जन से अधिक खिलौने, नेलकटर, नवोदय, एनएमएमएसएस की 7 गाइड, अंग्रेजी शब्दावली आदि प्रदान किए गए हैं। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि खेल खिलौने से विद्यार्थियों में शिक्षण की रूचि बढेगी।

### इंस्पायर अवार्ड योजना में जिले के 208 विद्यार्थियों का चयन

**टोंक, (निसं)।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी योजना इंस्पायर अवार्ड मानक योजना में शैक्षिक वर्ष 2021-22 में जिले से कुल 208 विद्यार्थियों का चयन हुआ हैं, जो गत वर्ष की तुलना में लगभग दुगुना हुआ है। उक्त जानकारी देते हुए अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक चौथमल चौधरी ने बताया कि चयनित प्रत्येक विद्यार्थी को 10000 रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जावेगी। चयनित बाल वैज्ञानिकों को यह राशि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग नई दिल्ली द्वारा उनके खातों में सीधे स्थानांतरित की जाएगी। ज्ञातव्य रहे कि इस वर्ष भी संपूर्ण देश में इंस्पायर अवार्ड योजना में राजस्थान प्रथम स्थान पर रहा है।

### बेटी के जन्मदिन पर गौ सेवा की



**पावटा।** श्रीकृष्ण गौशाला बडनगर में संकल्प हरियाली समिति के संयोजक एवं राष्ट्रीय नाई महासभा के प्रदेश सचिव नीरज कुमार सैन ने बताया कि गौभक्त डॉ. दानवीर की बेटी तानिया का जन्मदिन गौमाताओं के सानिध्य में मनाते हुए भव्य गौ सवामणी करके गौ सेवा कार्य किया गया। बेटी तानिया को जन्मदिवस का तोहफा देते हुए बधाई दी और ईश्वर से बेटी के उज्जवल भविष्य की मंगलकामनाएं की। इस अवसर पर इस अवसर पर गौशाला प्रबंधक गोकुल सारण, संकल्प हरियाली समिति के संयोजक नीरज सैन, संकल्प गौसेवा समिति के संयोजक सुभाष यादव, डॉ सुरेन्द्र यादव, पुष्पेन्द्र शेखावत, सतपाल जी श्योराम सीकर, राहुल सिंघल, डॉ दयाराम, हनुमान सारण, राकेश सारण, लोकेश टांक, मोहित बेनिवाल, रोहित शर्मा, राहुल, भावेश सहित बडनगर गौशाला समिति एवं संकल्प हरियाली गौ सेवा समिति के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सतीश पूनियां से शिष्टाचार भेंट की

**पावटा।** जिला परिषद वार्ड नं. 48 से भाजपा के जिला पार्षद भोमाराम गुर्जर ने पार्टी प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां से राजधानी जयपुर पहुंचकर शिष्टाचार भेंट की। साथ ही उन्हें बिजली, पानी समेत किसानों की विभिन्न समस्याओं से अवगत करवाते हुए सर्दियों के मौसम में दिन में किसानों को बिजली उपलब्ध करवाये जाने एवं विभिन्न सड़कों के निर्माण की मांग भी की। इस दौरान सी.पी.शर्मा, मूलचंद स्वामी, योगेश सैन व बिशन सिंह शेखावत भी मौजूद रहे।

## राशन डीलरों को संविदा कर्मियों में शामिल करने की मांग

**मंडावरी।** ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स फेडरेशन इकाई राजस्थान के प्रदेश सचिव हेमराज मीना ने राज्य सरकार से डीलरों के लिए मांग करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने सेवा नियमों में बदलाव कर संविदा कर्मियों को सरकारी कार्मिकों की तरह लाभ देने के आदेश के दायरे में प्रदेश के उचित मूल्य दुकानदारों को शामिल करें।

राज्य सरकार उचित मूल्य दुकानदारों को सरकारी कार्मिक घोषित करें या मानदेय में न्यूनतम 30 हजार रूपये महीना डीलर को देने की मांग की है। सचिन मीणा ने बताया कि राशन डीलर भी अन्य सरकारी कार्मिकों की तरह सरकार द्वारा जारी आदेशों की पालना कर सरकार द्वारा खाद्यान्न वितरण को वितरण करने का कार्य करते हैं। उन्होंने मांग करते हुए राज्य के डीलरों को समस्त प्रकार के बकाया कमिशन दिलाने की मांग की है।

# अधिशासी अधिकारी ने मुख्य बाजार में अतिक्रमण हटवाया

**लालसोट।** मंडावरी नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी सीमा चौधरी ने शुक्रवार को मुख्य बाजार में सीता राम मंदिर चौक में हो रहे अतिक्रमण को खुद मौके पर रहकर हटवाया। स्थानीय निवासी हुकम हिंडोनया सहित शहर वासियों द्वारा अधिशासी अधिकारी चौधरी को शिकायत की गई थी कि सीताराम जी मंदिर के सामने मुख्य बाजार में दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण किया गया है।

जहां अतिक्रमण करने से बाजार में आवागमन की जगह कम होने के कारण जाम के हालात पैदा होते हैं। शिकायत पर अधिशासी अधिकारी चौधरी द्वारा सीता राम मंदिर के सामने चौक पर मुख्य बाजार में दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटवाने के बाद अन्य दुकानदारों से भी कहा कि वे सोमवार तक खुद का अतिक्रमण स्वयं आटा ले अन्यथा पालिका दस्ते द्वारा किए गए अतिक्रमण को जब कर लिया जाएगा। इसके साथ ही अधिशासी अधिकारी चौधरी द्वारा स्वास्थ्य निरीक्षक रामकिशोर बैरवा पालिका कर्मचारी रामअवतार मीणा प्रेम प्रकाश शर्मा विनोद मीणा को साथ लेकर शहर की सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया। वही अधिशासी अधिकारी चौधरी का शहर वासियों द्वारा श्याम बाबा का प्रतीक चिन्ह भेंट कर नागरिक अभिनंदन भी किया गया।



अतिक्रमण हटाने पर स्थानीय शहर वासियों ने अधिशासी अधिकारी सीमा चौधरी का नागरिक अभिनंदन किया।

## हमले के आरोपी डेढ़ माह बाद भी गिरफ्त से दूर

**थानागाजी।** कस्बे स्थित ऊंचा ढाणा वाली ढाणी में 5 नवंबर को कानाराम सैनी के परिवार पर जानलेवा हमला करने के आरोपियों को पुलिस द्वारा डेढ़ माह बाद भी आज तक गिरफ्तार नहीं किया गया।

उधर पुलिस की सांठगांठ के चलते आरोपी पीड़ित पक्ष को ही जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। जिससे पीड़ित परिवार डरा हुआ है। परिवादी महेश चंद सैनी ने बताया कि परिवादी के पिता कानाराम सैनी और गौरी शंकर शर्मा निवासी किशोरी चाय पी रहे थे। तभी अचानक जान से मारने की नियत से पूर्व नियोजित योजना बनाकर एवं एक राय होकर हाथों में लोहे के सब्बल कुल्हाड़ी, लोहे का पलटा, चाकू, लाठी, लेकर पूरण सैनी, नीरज, जितेंद्र, कृष्णा, सुमन, भारती, पुनीत, पूजा, कुलदीप, प्रेम, आदि लोग परिवादी के घर में घुस गए। तथा उन पर हमला कर परिवादी व परिजनों को गंभीर घायल कर दिया। जिससे परिवादी पक्ष को शरीर में अनेक स्थानों पर चोट आई। परिवादी ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। लेकिन पुलिस द्वारा जानलेवा हमले के आरोपियों को आज तक गिरफ्तार नहीं किया गया है। हमारे द्वारा गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। थाना अधिकारी पुलिस थाना थानागाजी का कहना है कि अभियुक्त पुलिस पकड से बाहर हैं।

# सरकारी विद्यालयों की भूमि के पट्टे बनाने के निर्देश

**दौसा, (निसं)।** लवाण उपखण्ड मुख्यालय पर स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में नांगलराजावतान की ब्लॉक स्तरीय कार्यशाला आयोजित हुई। जिसमें उपखंड अधिकारी कनक जैन ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में भूमी के पट्टे बनाने के लिए अगर समस्या आ रही है तो कार्यालय में सम्पर्क करें। उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालयों के जब तक पट्टे नहीं होंगे तब तक विद्यालयों की स्थिति सुधार नहीं हो सकता है।

■ उपखंड अधिकारी ने ब्लॉक स्तरीय कार्यशाला में निर्देश दिये

उपजिला कलेक्टर ने तहसीलदार अजय मोहन मीणा को सरकारी विद्यालय की भूमी में आ रही बाधाओं को तुरंत हल करने के निर्देश दिये। तहसीलदार ने कहा कि सरकारी विद्यालय की भूमी पर अतिक्रमण होने व विद्यालय में आवागमन के लिए रास्ता नहीं होने पर प्रधानाचार्य उनसे सम्पर्क करें।

नांगलराजावतान विकास अधिकारी डॉण्हरकेश मीणा ने कहा कि 31 दिसम्बर तक सभी सरकारी विद्यालयों को करीबन पट्टे जारी हो जायेंगे। जिनके नहीं हो रहे हैं, वे ग्राम पंचायत में जाकर अवगत करवाए। बैठक में उपस्थित अध्यापकों ने मांग उठाई कि सरकारी विद्यालयों कि स्थिति खराब है, चारदीवारी, पानी की व्यवस्था व बिजली कनेक्शन के नहीं होने और अतिक्रमण होने से विद्यालय का विकास नहीं हो पा रहा है। प्रधान बीना देवी बैरवा ने कहा कि विद्यालयों में अध्यापिकाएं दिन में धूप में कुर्सी लगाकर मोबाईल में गेम खेलती हैं ऐसी अध्यापिकाओं पर सक्त कार्रवाही करने के भी निर्देश दिए।

## लोगों ने पार्षद पर दबंगई के आरोप लगाये

**थानागाजी।** कस्बे के समीपवर्ती नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड संख्या दो ग्राम बिहारी सर में बन रहे सीसी सड़क निर्माण के लिए हटाए गए अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणों ने पार्षद पर दबंगई का आरोप लगाते हुए बताया कि पार्षद ने रात में अवैध तरीके से निर्माण तोड़े हैं।

बिहारी सर निवासी राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि मेरी रजिस्ट्रीशुदा जमीन में निर्मित मकान को तोडा गया है। प्रशासन के कोई अधिकारी निर्माण तोड़े जाने के दौरान मौजूद नहीं था। वहीं सुवालाल शर्मा ने बताया कि रात में अतिक्रमण हटाना गलत था।

मैंने पुलिस कंट्रोल रूम पर पुलिस को सूचना दी थी। साथ ही बताया गया कि निर्माण कहीं से ज्यादा तथा कहीं से कम तोड़ा गया है। पार्षद ने किसी को भी रोड की चौड़ाई के संदर्भ में या निर्माण तोड़े जाने के संदर्भ में जानकारी देना उचित नहीं समझा। वहीं पार्षद का फोन सुबह से बंद आ रहा है।वही इस मामले को लेकर सहायक अभियंता भोलू राम सैनी ने बताया कि 15 फीट चौड़ा रोड बनना है इसके लिए अतिक्रमण हटाया गया है।

## श्रीराम कथा आज से

**पावटा।** समस्त ग्राम जनता पावटा के सहयोग से आज से कलश यात्रा के साथ नगर के घंटाघर के पास सीताराम मंदिर में नौ दिवसीय श्री राम कथा महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। मंदिर पुजारी विशाल शर्मा व दिलीप शर्मा ने बताया कि सुबह 11 बजे सुभाष चौक केशव सागर धर्मशाला से सीताराम मंदिर तक कलश यात्रा के साथ नौ दिवसीय श्री राम कथा महोत्सव का शुभारभ होगा। जिसमें कथा वाचक बाल कृष्ण आचार्य द्वारा संगीतमयी श्री राम कथा का वाचन किया जायेगा। जि सको लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। आज श्रीराम कथा महिमा एवं शिव पार्वती विवाह से कथा का प्रारभ होगा।

## गोपाल मंदिर में चोरी

**उनियारा।** उनियारा में पुरानी नगरपालिका के पास स्थित गोपाल जी के मंदिर में रखी राधा की मूर्ति सहित अन्य सामानों पर चोर गुरुवार रात्रि को हाथ साफ कर गए। मूर्ति चोरी होने का पता सुबह पंडित द्वारा सेवा करने आने पर चला। भक्तों में रोष व्याप्त हो गया।


**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड तथा आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समन्वित)
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय -केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नई-600031
फोन- + 914445644000 फैक्स- + 914445644022

IDFC FIRST Bank

**परिशिष्ट- IV- [(नियम 8 (1)]**
**कब्जा नोटिस**
**(अचल सम्पत्ति का)**

चूंकि अधोहस्ताक्षरकर्ता आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड तथा आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समन्वित) के प्राधिकृत अधिकारी है अत: वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण वे पुर्न निर्माण एवं प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन अधिनियम ,2002 तथा उपर्युक्त कथित अधिनियम की धारा 13(12) के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) अधिनियम 2002 के नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक 21.2.2019 को एक मांग पत्र कर्जदारो, सह कर्जदारो एवं जमानतियों 1 दशरथ सुत एन्टरप्राइजिस 2 सरस्वती देवी शर्मा 3 विजय शर्मा 4 कृतिका शर्मा को जारी किया गया था जिसमें 21.02.2019 की तिथी को नोटिस मे उल्लेखित राशि रुपये 62,62,694.51/- (रुपये बासठ लाख, बासठ हजार, छ सौ चोरानवे और पैस इकयावन मात्र) का भुगतान उपयुक्त निर्दिष्ट नोटिस की प्राप्ती की तिथी से 60 दिन के अन्दर करने के लिये कहा गया था।

चूंकि कर्जदार उक्त राशि को वापस चुकाने मे विफल रहे है अत: कर्जदारों एवं जनसाधारण को नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि कथित अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 जिसका नोटिस में उल्लेख किया गया है के तहत अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उन्होंने यहां निम्न वर्णित संपत्तियों के आज दिसम्बर 2021 के 20 वें दिन भौतिक रूप से अपने कब्जे/अधिकार में ले लिया है।

विशेष रूप से कर्जदारों एवं आम जनता को एतद्द्वारा सावधान किया जाता है कि वे इन सम्पत्तियों का सौदा लेनदेन नहीं करें तथा इस सम्पत्ति का किसी भी प्रकार से खरीद -बिक्री करने पर उसे आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड तथा आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समन्वित ) की प्रभारित शर्तों के अधीन राशि रु. 62,62,694.51/- (रुपये बासठ लाख, बासठ हजार, छ सौ चोरानवे और पैस इकयावन मात्र) का भुगतान उप पर प्रभारित ब्याज सहित करना होगा।

कर्जदारों का ध्यान उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है जिसमें प्रतिभूतिकृत सम्पत्तियों को मुक्त करने के बारे में उपलब्ध समयावधि का उल्लेख है।

**अचल सम्पत्तियों का विवरण**

**प्लाट नं 58 चौथा हिम्मत नगर, गोपालपुरा मौड, जयपुर-302015 का पूरा व प्रत्येक भाग**

दिनांक : 20.12.2021
स्थान : जयपुर
ऋण खाता सं. : 3981272 और 3857197

प्राधिकृत अधिकारी, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड तथा आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समन्वित


# नगरपालिका बोर्ड की बैठक में पार्षदों ने स्ट्रीट लाइट व सफाई की अव्यवस्था पर आक्रोश जताया

**खैरथल, (निसं)।** करीब एक साल बाद नगरपालिका के चेयरमैन हरीश रोघा की अध्यक्षता में हुई बैठक में पार्षदों ने सफाई व स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था को बदतर बताते हुए भारी आक्रोश व्यक्त किया। इस पर वार्ड पार्षदों की संतुष्टि के बगैर ठेकेदार को भुगतान नहीं करने का फैसला कर पार्षदों को शांत किया गया।

क्षेत्रीय विधायक दीपचंद खैरिया की मौजूदगी में शुक्रवार को सभागार में आयोजित बोर्ड की बैठक में निर्धारित एजेंडा के सभी मुद्दों पर चर्चा करते हुए राजकीय सेटेलाइट चिकित्सालय को भवन विस्तार हेतु पालिका की 88 बीघा भूमि में से ज़रुरी भाग देने के लिए छह सदस्यीय समिति का गठन कर सुझाव देने का निर्णय लिया गया। अस्पताल को उपकरण क्रय करने के लिए विधायक कोटे से व नगरपालिका की ओर से एक-एक करोड़ रुपए दिए जाएंगे। बैठक में प्रशासन शहरों के संग अभियान में पट्टे जारी करने में आ रही तकनीकी अड़चनों को दूर कर राहत प्रदान करने के लिए सक्षम अधिकारी एसडीएम, विधायक व ईओ की बैठक कल लेने व राज्य सरकार से उदारवादी निर्देशानुसार क़दम उठाने का निर्णय लिया गया।

पार्षद मोहनलाल शर्मा सहित पार्षदों ने अभियान में नगर मित्र का भारी भरकम सेवा शुल्क व आवेदक से अखबार में प्रकाशित आपत्ति सूचना के दो हजार रुपए वसूलने का विरोध कर इसे बंद करने की मांग की। ईओ पवन कुमार शर्मा ने बताया कि पट्टे बनाने में 90ए की कार्रवाई व लेआउट प्लान तैयार करवाया जा रहा है। ग्रामीण वार्ड पार्षदों ने उनके साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया।

बैठक में सर्वसम्मति से रेलवे फाटक से हरसौली की ओर जाने वाली सड़क को डाक्टर अम्बेडकर मार्ग, सिनेमा रोड का डाक्टर जीआर खंडेलवाल मार्ग और अग्रसेन सर्किल की ओर जानेवाली सड़क का नामकरण डॉ अमरनाथ गुप्ता मार्ग तथा हेमू कालाणी चौक से शिवपुरम कॉलोनी की ओर जाने वाली सड़क का नामकरण गुरु तेग बहादुर मार्ग रखने का निर्णय लिया गया। पालिका के अधिशासी अधिकारी ने बताया कि सभी वार्डों में पार्षदों के दो दो नामपट्ट बनवाने सहित सभी प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पारित किया गया है।

■ अस्पताल को उपकरण क्रय करने के लिए विधायक कोटे से व नगरपालिका की ओर से एक-एक करोड़ रुपए देने का निर्णय

चेयरमैन हरीश रोघा व वाईस चेयरमैन वरुण डाटा सहित वरिष्ठ पार्षद किशनलाल जाटव, हरविंद्र यादव, मोहनलाल पोपटानी, नारायण छंगाणी, आदि ने चर्चा में सक्रिय भूमिका निभाई। जबकि प्रखर वक्ता वरिष्ठ पार्षद ओमप्रकाश रोघा व जनहित के कार्यों को कराने में गहरी रुचि रखने वाली युवा पार्षद मेघा भारती बैठक में मौजूद नहीं थे। दूसरी ओर करीब एक दर्जन महिला पार्षद पूरी कार्यवाही में मौन साधे हुए रही। वहीं बीच-बीच में हल्की फुल्की झड़पों का दौर जारी रहा।




खैरथल में नगरपालिका के चेयरमैन हरीश रोघा की अध्यक्षता आयोजित हुई बोर्ड की बैठक में विधायक दीपचंद खैरिया की मौजूदगी में निर्धारित एजेंडा के सभी मुद्दों पर चर्चा की।


**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
**(पूर्व में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड )**
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय -केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नई-600031
फोन- + 914445644000 फैक्स- + 914445644022
प्राधिकृत अधिकारी अमित कुमार झा का सम्पर्क नं. 7073340715-9874702021

IDFC FIRST Bank

**परिशिष्ट- IV- ए**
**(नियम 8 (6) का प्रावधान देखें)**
**अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री की सूचना**

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण एंव प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन अधिनियम 2002 के साथ सहपठित प्रतिभूति ब्याज(प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के अधीन अचल सम्पत्तियों की बिक्री करने के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना /एतद् द्वारा जनसाधारण को तथा विशेष रूप से ऋणग्रहिता ( ओं ) व जमानती (यों) को नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित अचल सम्पत्तियाँ ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित रखी गयी है तथा इन सम्पत्तियों का भौतिक कब्जा आईडीएफसी बैंक लि. अब आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी ने ले लिया है। इन सम्पत्तियों की बिक्री 13.01.2022 को, " जहां है जैसी है " "जो कुछ है यह है" तथा " जो कुछ है जहाँ है " के आधार पर आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड ) को 26 अप्रेल 21 को बकाया रु.56,22,297.37/- की सुहेब्स एक्सपोर्ट्स, श्री अखलाख अघवानी, श्री नजरअघवानी, श्रीमती सुहेबनजरअघवानी (ऋण ग्रहिता-सह ऋण ग्रहिता (ओं) से वसूली के लिये, की जायेगी।

**ऑक्शन स्टेट्स**


| | |
|---|---|
| आरक्षित मूल्य | रुपये 33,48,000/- |
| बयाना राशि जो जमा होगी | रुपये 3,34,800/- |
| बोली प्रस्तुत करने/बयाना राशि जमा कराने की तिथि | 10.01.2022,प्रातः 11.00 से सांय 5.00 |
| सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि | 12.01.2022, सांय 5.00 तक |
| नीलामी की तिथि | 13.01.2022, प्रातः 11.00 से दोपहर 1.00 तक |
| सम्पत्ति का विवरण | यूनिट नं. जी-8, ग्राउन्ड फ्लोर, महिमा क्रिस्टल माल, बनीपार्क, जयपुर- 302016 स्थित सम्पर्क का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमाये निम्न हैः पूर्व दुकान नं. 7, पश्चिमः दुकान नं. 9, उत्तर : कोरीडोर, दक्षिण : कोरीडोर |

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए, कृपया आईडीएफसी फर्स्ट बैंक वेबसाइट पर उपलब्ध कराये गये लिंक को देखे अर्थात http://idfcfirstbank.auctiontiger.net/EPROC.

**अस्वीकरण -** कृपया ध्याद दें की यह नोटिस केवल संपत्तियों की बिक्री के लिए जारी किया गया है तथा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड को चल सम्पत्तियों को बेचने का अधिकार नहीं है, यदि कोई, अचल सम्पत्ति पर मौजूद हो।

दिनांक : 23.12.2021
स्थानः जयपुर

प्राधिकृत अधिकारी,
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व नाम आईडीएफसी बैंक लि.)



जिस तरह से आदमखोर को अपने शिकार के बारे में पता चलता है कि वह कहीं आस पास है। उसी तरह रोहित भी जानते हैं कि कैसे और कब गेंदबाजों पर आक्रमण करना है।

-सचिन तेंदूलकर

पूर्व भारतीय क्रिकेटर, भारतीय एकदिवसीय कप्तान रोहित शर्मा के बारे में।




आज का खिलाड़ी ▶



**मयंक अग्रवाल**

भारतीय सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल ने कहा कि टीम से दूर रहने के दौरान उन्होंने अपने खेल के मानसिक पहलू को समझने पर काम किया जिस पर कोच राहुल द्रविड़ हमेशा जोर देते हैं और इससे उन्हें वापसी में काफी मदद मिली। कर्नाटक के 30 साल के अग्रवाल कनकशन (सिर में चोट) के कारण इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट से बाहर हो गए थे और उसके बाद टीम में जगह गंवा दी थी। उन्होंने हाल ही में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियन न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में 150 और 62 रन बनाकर वापसी की।

क्या आप जानते हैं ?...वर्ष 2009 में पाकिस्तान के उमर गुल ट्वेंटी-20 क्रिकेट में पांच विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने (न्यूजीलैण्ड के विरूद्ध 20-20 विश्वकप)

# राहुल ने पांच गेंदबाज़ों को खिलाने का इशारा किया

जोहानसबर्ग, 24 दिसंबर। भारतीय उपकप्तान लोकेश राहुल ने इशारा किया है कि सेंचुरियन में होने वाले बॉक्सिंग डे टेस्ट के लिए भारतीय टीम पांच गेंदबाज़ों को खेलाने की इच्छुक है, जिससे कि यह उनके लिए बहुत मुश्किल फ़ैसला हो जाएगा कि पांचवें नंबर के लिए किस बल्लेबाज़ को खिलाया जाए।

रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में टीम के उप कप्तान राहुल से शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में पूछा गया कि क्या भारत को अपने गेंदबाज़ों के कार्यभार का प्रबंधन करना मुश्किल होगा, अगर वे केवल चार गेंदबाज़ों के साथ खेलते हैं। भारत ने अपने पिछले 15 टेस्ट में से प्रत्येक में पांच गेंदबाज़ खिलाए हैं, लेकिन ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा के चोटिल होने और दौरे से बाहर होने के कारण, सेंचुरियन में उस संयोजन के साथ रहना एक आक्रामक फ़ैसला होगा। बहरहाल, राहुल ने प्रतिक्रिया में सुझाव दिया कि पांच गेंदबाज़ भारत के पसंदीदा विकल्प हैं। राहुल ने कहा, मुझे लगता है कि अधिक टीमों ने पांच गेंदबाज़ों को खेलाना शुरू कर दिया है, क्योंकि आप जानते हैं, हर टीम 20 विकेट लेना चाहती है और यही एकमात्र तरीक़ा है जिससे आप टेस्ट मैच जीत सकते हैं। हमने निश्चित रूप से उस रणनीति का इस्तेमाल किया है और इससे हमें हर उस टेस्ट मैच में मदद मिली है जो हमने भारत से दूर खेला है। मुझे लगता है कि पांच गेंदबाज़ों के साथ काम का बोझ थोड़ा आसान हो जाता है और जब आपके पास उस तरह की गुणवत्ता हो, तो आप इसका इस्तेमाल भी कर सकते हैं। पांच गेंदबाज़ों के संयोजन के साथ केवल पांच बल्लेबाज़ों के लिए जगह रह जाती है। ऐसा लगता है कि अजिंक्या रहाणे, जिनका इस साल 12 टेस्ट में 19.57 का औसत है का श्रेयस अय्यर के साथ नंबर पांच स्लॉट के लिए तीन-तरफा संघर्ष देखने को मिलेगा, जिन्होंने हाल ही में न्यूज़ीलैंड के ख़िलाफ़ कानपुर टेस्ट में डेब्यू करते हुए शतक लगाया था। तीसरे खिलाड़ी हनुमा विहारी होंगे, जिन्होंने साउथ अफ्रीका दौरे पर भारत ए के लिए लगातार तीन अर्धशतक लगाए थे।

राहुल ने कहा, देखिए, यह एक बहुत ही मुश्किल फ़ैसला है, ज़ाहिर है। अजिंक्या हमारी टेस्ट टीम का एक बहुत ही महत्वपूर्ण हिस्सा रहे हैं और उन्होंने अपने करियर में बहुत ही महत्वपूर्ण पारियां खेली हैं। पिछले 15-18 महीने, अगर मैं पीछे सोचता हूं, तो मेलबॉर्न में उनकी पारी वास्तव में महत्वपूर्ण थी, इससे हमें टेस्ट मैच जीतने में मदद मिली। लॉर्ड्स में चेतेश्वर पुजारा के साथ दूसरी पारी में उन्होंने एक अर्धशतक बनाया, जो वास्तव में महत्वपूर्ण था और यह हमारे लिए टेस्ट मैच जीत के रूप में समाप्त हुआ, इसलिए वह मध्य क्रम में हमारे लिए एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी रहे हैं।

## 'हम पिछली बार की तुलना में थोड़ा बेहतर तैयार हैं'

भारतीय टेस्ट क्रिकेट टीम के उप कप्तान लोकेश राहुल ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय टीम पिछली बार की तुलना में इस बार थोड़ी बेहतर तैयार है। उप कप्तान राहुल ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच से पहले शुक्रवार को वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम 2017-18 में दक्षिण अफ्रीका दौरे की तुलना में इस बार थोड़ा अच्छे तरीके से तैयार हैं। उम्मीद है कि मयंक अग्रवाल और मैं अच्छी शुरुआत करेंगे और टीम को एक अच्छा मंच देंगे। मेरा ध्यान नई गेंद के पहले 30-35 ओवरों में विकेट न गंवाने पर है। शीर्ष क्रम के बल्लेबाज, जिन्होंने दक्षिण अफ्रीका में बहुत अधिक क्रिकेट नहीं खेला है, ने कहा, यहां की पिचें एक चुनौती पेश कर सकती हैं। मैंने दक्षिण अफ्रीका में ज्यादा मैच नहीं खेले हैं, लेकिन मेरा अनुभव कहता है कि पिचें चुनौतीपूर्ण हो सकती हैं। यहां पिच धीमी हो सकती है।

# हरभजन सिंह ने क्रिकेट से लिया संन्यास

मुंबई, 24 दिसंबर। दिग्गज भारतीय ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने शुक्रवार को क्रिकेट से संन्यास ले लिया। उन्होंने दोपहर को अपने यूट्यूब चैनल 'हरभजन टर्बनेटर सिंह' पर संन्यास की घोषणा की और ट्विटर पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने अपने चैनल पर एक वीडियो संदेश में कहा, मैं आज क्रिकेट के हर प्रारूप (वनडे, टेस्ट, टी-20) से संन्यास ले रहा हूं। जालंधर की तंग गलियों से भारतीय टीम तक का मेरा 23 साल का सफर बहुत खूबसूरत रहा है। जब भी मैं इंडिया की जर्सी पहन कर मैदान में उतरा हूं, शायद मेरी जिंदगी में इससे बड़ी प्रेरणा कोई और नहीं थी, लेकिन कभी न कभी एक मुकाम आता है जब आपको जीवन में कठिन फैसले लेने होते हैं और जिंदगी में आगे बढ़ना होता है। मैं पिछले कुछ सालों से यह घोषणा करना चाह रहा था और इस बात का इंतजार कर रहा था कि मैं आप सभी के साथ इस पल को कब साझा करूंगा। पूर्व स्पिनर ने कहा, जहनी तौर पर मैं हालांकि पहले ही संन्यास ले चुका था, लेकिन घोषणा नहीं कर पाया।

विजय हजारे ट्रॉफी

# तमिलनाडु और हिमाचल में होगा खिताबी मुकाबला

जयपुर, 24 दिसंबर। बाबा अपराजित की 122 रन की शतकीय पारी और वाशिंगटन सुन्दर के 70 रनों की बदौलत तमिलनाडु ने सौराष्ट्र को शुक्रवार को एक गेंद शेष रहते दो विकेट से पराजित कर विजय हजारे ट्रॉफी एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के फ़ाइनल में जगह बना ली जहाँ उसका मुकाबला हिमाचल प्रदेश से होगा। हिमाचल ने अन्य सेमीफाइनल में सर्विसेज को 77 रन से पराजित किया।

सौराष्ट्र ने 50 ओवर में आठ विकेट पर 310 रन का मजबूत स्कोर बनाया। तमिलनाडु ने 49.5 ओवर में आठ विकेट पर 314 रन बनाकर रोमांचक जीत हासिल की। बाबा अपराजित ने 124 गेंदों पर 12 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 122 रन की बेहतरीन पारी खेली। वाशिंगटन सुन्दर ने 61 गेंदों पर आठ चौकों के सहारे 70 रन बनाये। बाबा इंद्रजीत ने 58 गेंदों पर 50 रन में पांच चौके और एक छक्का लगाया।

इससे पहले सौराष्ट्र की पारी में शेल्डन जैक्सन ने 125 गेंदों पर 11 चौकों और चार छक्कों की मदद से 134 रन की शानदार पारी खेली लेकिन रोमांचक संघर्ष में उनकी पारी बेकार चली गयी। विश्वराज जडेजा ने 74 गेंदों में 52 रन और अर्पित वास्वदा ने 40 गेंदों में 57 रन बनाये।

इससे पहले सलामी बल्लेबाज प्रशांत चोपड़ा की 109 गेंदों में चार चौकों और तीन छक्कों की मदद से बनी 78 रन की बेहतरीन पारी और कप्तान ऋषि धवन के मात्र 77 गेंदों में नौ चौकों और एक छक्के के सहारे बने 84 रनों तथा 27 रन पर चार विकेट के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत हिमाचल प्रदेश ने सर्विसेज को शुक्रवार को 77 रन से पराजित कर दिया।

हिमाचल ने 50 ओवर में छह विकेट पर 281 रन का मजबूत स्कोर बनाया जिसके जवाब में सर्विसेज की टीम 461 ओवर में 204 रन पर सिमट गयी। हिमाचल की पारी में दिग्विजय रंगी ने 37 और आकाश वशिष्ठ ने 29 गेंदों में नाबाद 49 रनों का योगदान दिया। सर्विसेज की तरफ से कप्तान रजत पालीवाल ने 66 गेंदों में 55 रन बनाये।

# 'अगर कुलदीप के बारे में मेरे बयान से अश्विन को ठेस पहुंची तो मैं बहुत ख़ुश हूं'

नयी दिल्ली, 24 दिसंबर। भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री प्रसन्न हैं कि कुलदीप यादव के विदेश में भारत के प्रमुख स्पिनर बनने के उनके बयान ने रविचंद्रन अश्विन को कुछ अलग करने के लिए प्रेरित किया। 2018 के ऑस्ट्रेलिया दौरे के पहले टेस्ट मैच के दौरान अश्विन चोटिल हो गए थे।



इसके बाद उनकी ग़ैरमौजूदगी में रवींद्र जडेजा और कुलदीप यादव ने स्पिन गेंदबाज़ी का भार संभाला। सिडनी में खेले गए अंतिम टेस्ट मैच में कुलदीप ने 99 रन देकर पांच विकेट झटके और सभी को प्रभावित किया। हाल ही में क्रिकेट मंथली से चर्चा के दौरान अश्विन ने कहा था कि शास्त्री के बयान के बाद वह ''टूट चुके थे''। गुरुवार को इंडियन एक्सप्रेस ईअड्डा पर बातचीत करते हुए शास्त्री ने अश्विन की बात का जवाब दिया। शास्त्री ने कहा, कोच के रूप में मेरा काम हर किसी को मक्खन लगाने का नहीं है। मेरा काम लोगों को सच कहने का है।

# ओलंपिक में न खेल पाने से निराश थे श्रीकांत

हैदराबाद, 24 दिसंबर। वर्ल्ड चैम्पियनशिप में सिल्वर मेडल जीतने वाले भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने कहा कि टोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहने के बाद वह निराश थे,



लेकिन उन्होंने खुद से कहा था कि इससे दुनिया खत्म नहीं होगी। श्रीकांत चोट और कोविड-19 महामारी के कारण कई क्वालीफायर टूर्नामेंटों के रद्द होने से टोक्यो का टिकट कटाने में नाकाम रहे थे। उन्हें खुद पर भरोसा था कि उनका समय आएगा और उन्होंने इस दिशा में अपनी मेहनत जारी रखी। वर्ल्ड चैम्पियनशिप के मेंस सिंगल्स इवेंट में ऐतिहासिक सिल्वर मेडल उनकी इसी मेहनत का नतीजा है। श्रीकांत ने कहा, ओलंपिक को लेकर मैं भी निराश था। अगर आप देखें तो मैं तब भी भारत की ओर से सबसे ऊंची रैंकिंग वाला खिलाड़ी था। ओलंपिक क्वालीफिकेशन के लिए लगभग सात से नौ टूर्नामेंट रद्द होने से चीजें बदल गईं। उन्होंने कहा, क्वालिफिकेशन के शुरुआती चरण में मैं चोट के कारण नहीं खेल पाया और दूसरे स्टेज में मैं पूरी तरह से फिट था, लेकिन टूर्नामेंट नहीं हुए। वर्ल्ड रैंकिंग के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी ने कहा, 2021 में खेल के फिर से शुरू होने के बाद मैं स्विस ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचा। मैं आत्मविश्वास से भरा था कि ओलंपिक का टिकट हासिल कर लूंगा। लेकिन फिर कई टूर्नामेंट रद्द हो गए। उन्होंने कहा, उस दिन मुझे लगा कि ओलंपिक के लिए नहीं जाना दुनिया का अंत नहीं है। मैंने सोचा था कि मुझे और मौके मिलेंगे। मैंने इसके लिए मेहनत की। मुझे खुशी है कि इसका फायदा हुआ। अपनी कमियों पर काम करके और बेहतर खिलाड़ी बनने की कोशिश कर रहे श्रीकांत ने कहा कि वह अगले साल के व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए अपनी लय और फिटनेस पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। वर्ल्ड चैम्पियनशिप में सिल्वर मेडल जीतने वाले देश के इस पहले मेंस सिंगल्स खिलाड़ी ने कहा, अब मेरा एकमात्र ध्यान इस लय को बनाए रखने और और बेहतर करने पर है। अगले साल मुझे ऑल इंग्लैंड और फिर राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों में भी भाग लेना है। यह बहुत अहम साल होगा।आंध्र प्रदेश के गुंटूर जिले के 28 साल के इस खिलाड़ी ने कहा, अगले आठ से 10 महीने मेरे लिए काफी अहम हैं। इसलिए, मैं गोपी अन्ना (कोच पुलेला गोपीचंद) से बात कर रहा हूं। मैं कोशिश करूंगा और पिछले कुछ महीनों में जो गलत हुआ उस पर काम करूं। उन्होंने कहा, मैंने फाइनल खेला, लेकिन निश्चित रूप से कुछ कमियां रही होंगी, मुझे एक बेहतर खिलाड़ी बनने के लिए काम करना होगा। श्रीकांत फाइनल में 9-3 और 18-16 की बढ़त बनाने के बावजूद सिंगापुर के लो कीन यू से हार गए। वह हालांकि अपने पूरे प्रदर्शन से संतुष्ट हैं। उन्होंने कहा, इस प्रदर्शन से बहुत अच्छा लग रहा है। यह किसी के लिए भी एक बहुत ही खास टूर्नामेंट होगा। वर्ल्ड चैंपियनशिप का अपना एक विशेष महत्व है। इतने बड़े आयोजन का फाइनल खेलने को लेकर मैं बहुत खुश हूं।

# 'मुझे ट्रायल के लिए उपस्थित होने में कोई परेशानी नहीं'

नयी दिल्ली, 24 दिसंबर। बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीएफआई ) उस समय मुश्किल में आ गया, जब राष्ट्रीय चैंपियन अरुंधति चौधरी ने विश्व चैंपियनशिप के लिए बिना ट्रायल के 70 किग्रा वर्ग में ओलंपिक कांस्य विजेता लवलीना बोर्गोहैन को नामित करने के अपने फैसले को अदालत में चुनौती दी। हालांकि, प्रतियोगिता को मई, 2022 तक स्थगित करने के साथ, महासंघ ने न्यायालय को जानकारी दी है कि इसके लिए नए सिरे से ट्रायल किए जाएंगे और सभी को एक उचित मौका मिलेगा। बोर्गोहैन ने अभी तक इस मामले पर चुप्पी साध रखी थी। लेकिन, ओलंपिक्स डॉट कॉम से बातचीत के दौरान बॉक्सर ने इस पर चुप्पी तोड़ते हुए आखिरकार अपनी सफाई दी है। उन्होंने कहा, मुझे ट्रायल के लिए उपस्थित होने में कोई समस्या नहीं है। मैं हमेशा अपने महासंघ के निर्णय को मानती हूं। ट्रायल नहीं कराने का निर्णय महासंघ का था, मैंने इसे स्वीकार कर लिया था। अब यदि महासंघ ट्रायल करना चाहता है, तो मुझे कोई समस्या नहीं है। मैं एक फाइटर हूं और सिर्फ रिंग में लड़ने में विश्वास करती हूं। लवलीना ने टोक्यो 2020 के सेमीफाइनल में स्वर्ण पदक विजेता बुसेनाज सुरमेनेली से हारने के बाद से किसी भी प्रतियोगिता में भाग नहीं लिया है। उन्हें तुर्की बॉक्सर ने खतरनाक हुक और बॉडी शॉट्स के साथ वश में करते हुए मात दी थी। हालांकि, असमिया मुक्केबाज ने उस हार को पीछे छोड़ दिया है, लेकिन उस बाउट के बारे में फिर से सोचने पर उन्हें दुख होता है। उन्होंने याद करते हुए कहा, मुझे लगता है कि मैं अपने प्रशिक्षण की कमी के कारण वह मुकाबला हार गई। कोविड-19 और मेरी व्यक्तिगत चोटों के कारण मैं ज्यादा प्रशिक्षण नहीं ले सकी। ओलंपिक के लिए आप अलग तरह से तैयारी करते हैं। लेकिन, मुझे लगता है कि मैं ऐसा नहीं कर सकी। अगर, मैं लगातार ट्रेनिंग करती, तो उसे हरा देती। थोड़ा रुकने के बाद उन्होंने आगे कहा, टोक्यो में मेरे दिमाग में गोल्ड मेडल के अलावा कुछ नहीं था।''बहरहाल, बोर्गोहैन वर्तमान में पूरे जोश के साथ प्रशिक्षण ले रही हैं और पेरिस 2024 में अपने पदक के रंग को बदलने पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं। उन्होंने अपनी कमजोरियों का पता लगा लिया है और उन पर काम कर रही हैं, ताकि वह मजबूत होकर वापसी कर सके।


प्ररूप-10

(नियम 6 (7) देखिए)

**प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय, नगर पालिका मण्डल, फुलेरा**

क्रमांकः-न.पा.फु./2021-22/2692 दिनांकः-24/12/21

**-: लोक सूचना :-**

श्रीमति कामिनी जैन पत्नि श्री लोकेश कुमार जैन, निवासी बस स्टेण्ड आकोदा तहसील फुलेरा जिला जयपुर राज. ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात:-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| जिला जयपुर तहसील फुलेरा | फुलेरा | 1364/310 रकबा 0.0696 हैक्टेयर में से 636.00 वर्गमीटर भूमि | 696.0 वर्गमीटर |
| जिला जयपुर तहसील फुलेरा | फुलेरा | 1363/310 रकबा 0.0695 हैक्टेयर में से 695.00 वर्गमीटर भूमि | 695.0 वर्गमीटर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त अकृषि प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोगार्थ हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजो के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जावेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दि.24/12/21 को जारी की गयी।

(नगेन्द्र)
प्राधिकृत अधिकारी
नगर पालिका, मण्डल फुलेरा



**कार्यालय नगरपालिका मण्डावरी (दौसा)**

क्रमांकः- न.पा.म./2021/458 दिनांकः 24.12.2021

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रशासन शहरों के संग अभियान 2021 में 69-ए पट्टे/नवीनीकरण/पट्टा स्तानंतरण/पूर्ण स्वामित्व पट्टा प्राप्त करने के लिये पत्रावलिया प्राप्त हुई है। उक्त पत्रावलियों में किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो अन्दर मियाद 7 दिवस में मय लिखित सबूत पालिका में अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद कोई उज्रदारी मान्य नहीं होगी।

अतः सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधिन आज दिनांक 24.12.2021 को जारी की है।

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | मोहल्ला/वार्ड | क्षेत्रफल वर्गगज में | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती गीता देवी पत्नी प्रहलाद गुप्ता | मूर्ति मोहल्ला, मंडावरी | 127.91 | 69 (क) के अंतर्गत |
| 2. | श्रीमती सरूपी देवी पत्नी पूरणमल गवेन्द्रा | खटीक मोहल्ला, मंडावरी | 57.55 | 69 (क) के अंतर्गत |
| 3. | दोलत राम गुप्ता पुत्र माधोलाल गुप्ता | पिपली चौक, मंडावरी | 163.55 | 69 (क) के अंतर्गत |
| 4. | श्रीमती गुड्डी देवी पत्नी नारायण सिंह | मूर्ति मोहल्ला, मंडावरी | 125 | 69 (क) के अंतर्गत |
| 5. | रमेश चन्द बैरवा पुत्र चिरंजी लाल बैरवा | बैरवा मोहल्ला, मंडावरी | 53, 57 | 69 (क) के अंतर्गत |
| 6. | अशोक कुमार जैन पुत्र गोपी चन्द जैन | गंगापुरिया मोहल्ला, मंडावरी | 120 | 69 (क) के अंतर्गत |
| 7. | श्रीमती रामप्यारी देवी पत्नी रामजी लाल बैरवा | बैरवा मोहल्ला, मंडावरी | 37.55 | 69 (क) के अंतर्गत |
| 8. | श्रीमती गणपति देवी पत्नी अमर चन्द बैरवा | बैरवा मोहल्ला, मंडावरी | 42 | 69 (क) के अंतर्गत |
| 9. | पवन कुमार जांगिड़ पुत्र जगदीश प्रसाद जांगिड़ | मूर्ति मोहल्ला, मंडावरी | 150 | 69 (क) के अंतर्गत |
| 10. | सीताराम खटीक पुत्र मूलचन्द खटीक | खटीक मोहल्ला, मंडावरी | 109.78 | 69 (क) के अंतर्गत |
| 11. | दिनेश शर्मा पुत्र रामजी लाल शर्मा | मूर्ति मोहल्ला, मंडावरी | 220 | 69 (क) के अंतर्गत |
| 12. | इकबाल खान पुत्र गफुर खान | ब्रहमाणी मोहल्ला, मंडावरी | 58.55 | 69 (क) के अंतर्गत |
| 13. | ओमप्रकाश गुप्ता पुत्र प्रहलाद नारायण गुप्ता | बस स्टैंड के पास, मंडावरी | 99.11 | 69 (क) के अंतर्गत |
| 14. | महेन्द्र बैरवा पुत्र प्रसादी लाल बैरवा | बैरवा मोहल्ला, मंडावरी | 104 | 69 (क) के अंतर्गत |
| 15. | रामवतार बैरवा पुत्र कजोड़ मल बैरवा | बैरवा मोहल्ला, मंडावरी | 200 | 69 (क) के अंतर्गत |
| 16. | मनोज कुमार पुत्र लड्डूराम जांगिड़ | मूर्ति मोहल्ला, मंडावरी | 130.05 | 69 (क) के अंतर्गत |
| 17. | महेश चन्द शर्मा पुत्र रामबिलास शर्मा | पिपली पाडा, मंडावरी | 98.47 | 69 (क) के अंतर्गत |
| 18. | भरत लाल पुत्र छाजूलाल | बैरवा मोहल्ला, मंडावरी | 56.83 | 69 (क) के अंतर्गत |
| 19. | श्रीमती प्रेम देवी पटवा पत्नी रमेश चन्द पटवा | कुम्हार मोहल्ला, मंडावरी | 68 | 69 (क) के अंतर्गत |
| 20. | श्रीमती कोशल्या देवी पत्नी लल्लू प्रसाद प्रजापत | कुम्हार मोहल्ला, मंडावरी | 63.91 | 69 (क) के अंतर्गत |
| 21. | राजूलाल पुत्र मूलचन्द बैरवा | बैरवा मोहल्ला, मंडावरी | 51.10 | 69 (क) के अंतर्गत |
| 22. | भरत लाल बैरवा पुत्र जंसी राम बैरवा | बैरवा मोहल्ला, मंडावरी | 93.44 | 69 (क) के अंतर्गत |
| 23. | कान्जी योगी पुत्र रामकरण योगी | योगी मोहल्ला, मंडावरी | 81 | 69 (क) के अंतर्गत |

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका मण्डावरी



**कार्यालय नगर परिषद, टोंक**

क्रमांकः-एमसीटी/स्टेट ग्रान्ट शाखा/2021-22/5490-92 दिनांक :- 20.12.21

**इश्तेहार उज्र आपत्ती**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रशासन शहरों के संग अभियान-2021 दिनांक 02.10.2021 के अन्तर्गत राज्य सरकार के दिशा निर्देशों में नगर परिषद में स्टेट ग्रान्ट एक्ट 1961 के अन्तर्गत पट्टा चाहने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिनका विवरण निम्नानुसार है यदि इस कार्य में किसी आम व खास को कोई उज्र/आपत्ती हो तो परिषद में 7 दिवस के अन्दर-अन्दर अपनी आपत्ती मय सबूत दस्तावेज के साथ प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद गुजरने मियाद पर किसी भी उज्र/आपत्ती पर कोई विचार नहीं किया जावेगा और नियमानुसार पट्टे जारी करने की कार्यवाही की जायेगी।

| क्र.सं. | आवेदक का नाम | पता | वार्ड सं. |
|---|---|---|---|
| 1. | गीता देवी/स्व. जगदीश नारायण | खटटन बीड़ी फैक्ट्री के पास, टोंक | 37 |
| 2. | वसीम कुरैशी/अ. मजीद | बड़ा कसाबान, टोंक | 39 |
| 3. | मुन्ने मिया/ सै. रहमत अली | भैयया मैनेजर की गली काली पलटन, टोंक | 34 |
| 4. | गोरी शंकर, सुनिल कुमार/ जगदीश नारायण | खटटन बीडी फेक्ट्री के पास, टोंक | 37 |
| 5. | अनिल कुमार, ओमप्रकाश, कन्हैया लाल/जगदीश नारायण | खटटन बीडी फेक्ट्री के पास, टोंक | 37 |
| 6. | सईद अहमद/अहमद हुसैन | गली अंसानियान कालीपलटन, टोंक | 38 |
| 7. | मजीद अहमद/अहमद हुसैन | गली अंसानियान कालीपलटन, टोंक | 38 |
| 8. | अनीस कुरैशी/मुन्ना खान | बडा कसाबान, टोंक | 39 |
| 9. | मो. शकील/मो. बशीर | भयया मेनेजर की गली कालीपलटन, टोंक | 34 |
| 10. | मो. उमर/अल्लादिया | बैरवाओं का पूल, टोंक | 27 |
| 11. | रहमान बक्श/अहमद बक्श | किलेदार घेर पांच बत्ती, टोंक | 39 |
| 12. | जेबुन्निसा/स्व. मो. मिया | किलेदार घेर पांच बत्ती, टोंक | 39 |
| 13. | नाथूलाल माली/बिरधीचंद | गडडा पहाड़िया, टोंक | 14 |
| 14. | लल्लू राम वर्मा/प्रताप रेगर | सिन्धि कॉलोनी के पिछे, टोंक | 48 |
| 15. | मुख्तार अहमद/निजामुददीन | चतरा खटीक का नाला, टोंक | 38 |
| 16. | शाहना/स्व. मोहम्मद शमीम | खंगारों की गली, टोंक | 37 |
| 17. | साबिर/प्यारे मिया | खंगारों की गली, टोंक | 37 |
| 18. | रईस मिया/अजीज | गली अंसारियान कालीपलटन, टोंक | 38 |
| 19. | प्यारे मिया/छम्मा खां | चतरा खटीक का नाला कालीपलटन, टोंक | 34 |
| 20. | शाहीद/रहीमुददीन | गडडा पहाड़िया, टोंक | 14 |
| 21. | रामपाल बैरवा/कवरी लाल | बहीर, टोंक | 07 |
| 22. | बजरंगा/गोपी | जाटा पाडा पुरानी टोंक, टोंक | 43 |
| 23. | सुगना/स्व. मोहन | नायको का मोहल्ला छावनी, टोंक | 58 |
| 24. | कनीजा/स्व. मुबारक अली | कालीपलटन, टोंक | 34 |
| 25. | कदीर खां/कालू खां | मोहल्ला रेगरान छावनी, टोंक | 58 |

आयुक्त
नगर परिषद, टोंक



सरकार के खिलाफ भाजपा की जन आक्रोश रैली शुक्रवार को डूंगरपुर पहुंची। यहां आयोजित एक सभा को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सतीश पूनिया ने संबोधित किया। पूनिया का मोतली मोड़ से लेकर डूंगरपुर-खेरवाड़ा मार्ग पर जगह-जगह स्वागत हुआ। पूनिया ने डूंगरपुर में आयोजित सभा में कहा कि, राज्य अपराधों की राजधानी बन गया है, ऐसे में प्रदेश सरकार को अपने तीन साल का जश्न मनाने का कोई अधिकार नहीं है।

# 'अपराधों की राजधानी बना राज्य, हर वर्ग है परेशान'

## जनआक्रोश रैली से सरकार की नाकामी बताएंगेः प्रदेशाध्यक्ष

■ प्रदेशाध्यक्ष पूनिया का मोतली मोड़ व डूंगरपुर खेरवाड़ा मार्ग पर भारी स्वागत।

डूंगरपुर, 24 दिसम्बर (निसं)। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया ने कहा कि राज्य की जनता को इन तीन सालो में कांग्रेस की गहलोत सरकार ने बहुत परेशानियां दी है, और इसके बावजूद सरकार तीन साल का जश्न मना रही है, जबकि उसे पद पर बने रहने का कोई नैतिक अधिकार ही नही है। गहलोत सरकार ने तीन सालों में सरकार बचाने के अलावा कोई कार्य नहीं किया और जनता को रामभरोसे छोड़ दिया।

पूनिया ने यह बात शुक्रवार को अपने एक दिवसीय प्रवास के दौरान विजयराजे सिंधिया ऑडिटोरियम में जिला कार्यसमिति की बैठक में कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए कही। इससे पूर्व पूनिया का मोतली मोड से लगाकर डूंगरपुर खेरवाडा मार्ग पर जगह जगह स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि राज्य का हर वर्ग महंगाई, भ्रष्टाचार, अपराधियों के बेखौफ व्यवहार और बेरोजगारी के साथ छलावे के दौर से गुजर रहा है, और सरकार तीन साल के जश्न के नाम पर महज रूपयों की बर्बादी कर रही है।

उन्होंने कहा कि ऐसे में भाजपा कार्यकर्ताओं का दायित्व है कि वे गांव-गांव ढाणी-ढ ाणी जाकर जनता के अभाव अभियोगो से रूबरू होकर उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए हर संभव प्रयास करें, ताकि भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व के सानिध्य में देश को नई ऊचाईयों पर पहुंचाया जा सके और उसी के अनुरूप क्षेत्र में भी भाजपा को मजबूती प्रदान की जा सके। उन्होंने कहा कि आज वागड़ -मेवाड़ का प्रत्येक जिला थोथी घोषणाओं के आधार पर चल रहा है। पूनिया ने कहा कि चित्तौड़ से शुरू की गई भाजपा की जनआक्रोश रैली के माध्यम से किसानों की कर्ज माफी में की गई वादाखिलाफी, बेरोजगारी और बढ़ते अपराधों के बारे में लोगों को बताया जाएगा।

पूनिया ने पंचायत उप चुनाव के परिणाम पर कहा कि इनमें सत्ता पक्ष को लाभ मिलता है, लेकिन पहली बार विपक्षी दल को बढ़त मिली है। उप चुनाव में बीजेपी का मत प्रतिशत बढ़ा है, जाहिर है कि जनता कांग्रेस राज में खुश नहीं है।

उन्होंने कहा कि वे संगठन को मजबूत करने और कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने के लिए प्रदेश दौरे पर निकले है। कार्यकर्ताओं की मेहनत के दम पर 2023 में भाजपा स्पष्ट बहुमत से सरकार बनाएगी।

प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया का डूंगरपुर भाजपा नगर मण्डल और नगर परिषद द्वारा भव्य स्वागत किया गया। पूनिया का काफिला मोतली मोड पर स्वागत कार्यक्रम के बाद 2 बजे रैन बसेरा पहुंचा, जहाँ पर नगर मंडल के सभी नगर कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण व उर्पणा ओढ़ाकर उनका बड़े जोश से स्वागत किया। इसके बाद नगर मण्डल सदस्य लक्ष्मी जैन भावना राव, काजल कलासुआ, कंचन सुथार, पिंकी अग्रवाल ने मंच पर पूनिया का स्वागत किया।

गुड़ खिलाकर उनका मुंह मीठा करवाया गया। इसके बाद नगर अध्यक्ष दिलीप जैन, पूर्व नगर अध्यक्ष सुनील चौबीसा, पूरणमल दावडा, मुकेश नागदा, मनोहर पटेल, अनूप चौबीसा, पूर्व महामंत्री भूपेंद्र पालीवाल, लवलेश कलाल, नगर महामंत्री नयन सुथार पुष्कर चौबीसा, अनुराग कटारा, राजू पत्थरवाला, जनक कंसारा, नरेंद्र आर्य, नरेश पाटीदार हितेश पाटीदार व नगर कार्यकरणी की ओर से 21 किलो की माला पहनाकर और कमल के फूल का प्रतीक चिन्ह भेंट कर पूनिया का भव्य स्वागत किया गया।

# कोटा इण्डस्ट्रियल एरिया की कैमिकल फैक्ट्री में भीषण आग लगी

## कोटा शहर में करीब 5 किलोमीटर दूर से भी इस आग के धुएं का गुबार आसमान में देखा गया

■ इण्डस्ट्रियल एरिया में नजदीक के हॉस्टल में रहने वाले छात्रों से कमरे खाली करवाए गए हैं।

कोटा, 24 दिसम्बर (निसं)। शहर के विज्ञान नगर थाना इलाके में स्थित एक कैमिकल फैक्ट्री में शुक्रवार सुबह भीषण आग लग गई। यह खबर लिखे जाने तक करीब 15 दमकल गाड़ियां आग बुझाने के काम में लगीं हुईं थीं। इस आग से 100 करोड़ रुपयों के माल के नुकसान का अंदेशा है। आग का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है।

एहतियात के तौर पर इस फैक्ट्री पर जाने वाले आसपास के सारे रास्तों को बंद कर दिया गया। इस फैक्ट्री के नजदीक ही अन्य फैक्ट्रियां भी खतरे की चपेट में रही। कोटा शहर में करीब 5 किलोमीटर दूर से भी इस आग के धुएं का गुबार आसमान में देखा गया। मौके पर पहुंचे विज्ञान नगर थाने के एएसआई अमरचंद का कहना है कि यह आग इंडस्ट्रीयल एरिया के रोड़ नंबर 4 और 5 के बीच में स्थित निंबार्क स्टैबलाइजर में लगी। इसके मालिक प्रमोद मित्तल हैं और फैक्ट्री में 24 घंटे काम चलता है। पहले छोटी सी जगह ही आग लगी थी, लेकिन यह आग धीरे-धीरे बढ़ती रही। ऐसे में उन्होंने यहां काम कर रहे सभी मजदूर व चौकीदार से लेकर सुपरवाइजर तक को भी बाहर निकाल दिया है। अभी भी कोई भी अंदर फंसा हुआ नहीं है।

अग्निशमन अनुभाग के कार्मिकों के अनुसार अभी आग लगने के प्रारंभिक कारणों का भी कोई खुलासा नहीं हो पाया है। आग सुबह 7.45 पर लगी, जिसकी सूचना अग्निशमन अनुभाग को 7.55 पर मिली थी। फिलहाल, दमकल की टीम आग बुझाने का प्रयास कर रही है। इस आग को बुझाने के लिए फायर फाइटर का नेतृत्व चीफ फायर ऑफिसर दीपक राजोरा और असिस्टेंट फायर ऑफिसर देवेंद्र गौतम कर रहे हैं। पुलिस ने एहतियात के तौर पर आसपास के सभी बिल्डिंग को खाली करा लिया है।

इंडस्ट्रीयल एरिया में लगी हुई आग 5 घंटे बाद भी काबू में नहीं आई है। इसको बुझाने के लिए 15 से ज्यादा दमकल लगी हुई हैं, जिनमें नगर निगम के अग्निशमन अनुभाग के साथ डीसीएम और थर्मल के दमकल में भी शामिल रही। ये सभी दमकल चार से पांच चक्कर कर चुकी है। करीब 80 से ज्यादा बार पानी 5 घंटे में इस आग पर डाला जा चुका है। इस आग को बुझाने के लिए करीब 40 बार फाइटर जुटे हुए हैं। इसके अलावा सिविल डिफेंस की टीमें भी लगा दी गई हैं, जिनके स्वयंसेवकों की संख्या भी 40 से ज्यादा है। इंडस्ट्रियल एरिया में करीब 65 के आसपास हॉस्टल भी बने हुए हैं, जिनमें से कुछ हॉस्टल तो इस बिल्डिंग से महज 200 मीटर की दूरी पर ही हैं। नजदीक के हॉस्टल में रहने वाले छात्रों से कमरे खाली करवाए गए हैं और उन्हें दूसरी जगह पर शिफ्ट किया गया है। ये काम खुद हॉस्टल संचालकों ने ही किया है।

100 करोड़ से ज्यादा का नुकसान:- कोटा इंडस्ट्रियल एरिया में दो फैक्ट्रियों में आग लगने का मामला सामने आने के बाद यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल ने बताया कि कोटा में इंद्रप्रस्थ औद्योगिक क्षेत्र में कई कैमिकल फैक्ट्रियां हैं। अब तक की जानकारी के अनुसार यहां शॉर्ट सर्किट से आग लगने की सूचना है। धारीवाल ने बताया कि उद्योगपतियों के अनुसार लापरवाही की वजह से आग लगी है। बिजली कंपनी को आग लगने के तत्काल बाद इन्फॉर्म कर दिया गया था। फिर भी बिजली नहीं काटी गई। इसी तरह गैस सरकुलेशन कंपनी को भी गैस पाइप लाइन काटने/रोकने के लिए इन्फॉर्म कर दिया गया था, लेकिन आग लगने के तकरीबन 2 घंटे बाद गैस और लाइट का कनेक्शन काटा गया और आग तब तक काफी फैल गई। धारीवाल ने कहा कि इस मामले की भी अब जांच होगी और आग लगने के कारणों का भी पता लगाया जाएगा।

इंडस्ट्रीयल एरिया की फैक्ट्री में आग लगने के मामले में कांग्रेस के शहर जिला अध्यक्ष रविंद्र त्यागी और हाड़ौती विकास मोर्चा के राजेंद्र सांखला ने विज्ञान नगर थाने में एक एफ.आई.आर. दर्ज करवाई है। इसमें निजी बिजली कंपनी कोटा इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड और गैल इंडिया के खिलाफ शिकायत की गई है। विज्ञान नगर थाने के सब इंस्पेक्टर अब्दुल रशीद का कहना है कि उन्होंने गैल और केईडीएल के खिलाफ लापरवाही बरतने का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### इनका कहना है :

केईडीएल के हैड टैक्निकल अनोमित्रों डाली का कहना है कि आग लगने की सूचना हमें सुबह 8.35 बजे मिली। सुबह 8.40 से 8.46 बजे तक 11 केवी के एक के बाद एक दो फीडरों को बंद करवाकर बिजली बंद कर दी गई थी। इससे पहले कंपनी को कहीं से आग लगने की कोई सूचना नहीं मिली। संबंधित फैक्ट्री के बिजली कनैक्शन के के.नं. 210721017492 से भी हमारे कॉल सेंटर पर कोई कॉल प्राप्त नहीं हुई। बिजली कंपनी पर देरी से बिजली बंद करने का आरोप निराधार है।

## 'सुभाष चन्द्रा ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने यहां एक प्रैस कॉन्फ्रैंस में यह बात विस्तार से बताई कि स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया व अन्य ने किस प्रकार से यस बैंक को नया जीवन देने के लिए 11 हजार 760 करोड़ रूपए दिए। उन्होंने कहा कि यस बैंक के ऋण स्थगन करने का कारण यह था कि इस बैंक में सुभाष चन्द्रा द्वारा लिए गए ऋणों के 6 हजार 789 करोड़ रूपए बकाया थे। यस बैंक को जो प्रतिभूतियां दी गईं थीं, उनमें डिश टी.वी. के शेयर्स थे। आज यस बैंक के पास डिश टी.वी. के 25.63 प्रतिशत शेयर्स हैं। डिश टी.वी. एक इन डायरैक्ट इण्डियन ब्रॉडकास्ट सर्विस प्रोवाइडर है, जिसे वर्ष 2003 में किसी और ने नहीं बल्कि सुभाष चन्द्रा के जी ग्रुप ने ही शुरू किया था। खेड़ा ने प्रश्न किया कि सरकार ने भाजपा और आर.एस.एस. को फण्डिंग करने वाले सुभाष चन्द्रा से ऋणों की वसूली में एस.बी.आई. के सहायक यस बैंक की मदद करने के लिए कोई कदम क्यों नहीं उठाया। कुछ माइनॉरिटी शेयर्स और यस बैंक द्वारा की गई विशेष शिकायतों पर कॉरपोरेट मामलात मंत्रालय ने कोई कार्रवाई क्यों नहीं की। एस.एफ.आर.ओ. और एनफोर्समैन्ट डायरैक्टोरेट द्वारा कोई जांच क्यों नहीं की गई और इस घोटाले के कर्ताकर्ताओं के पासपोर्ट क्यों नहीं जब्त किए गए। उन्होंने कहा कि सरकार की अधिकांश एजेन्सियां उत्तर प्रदेश में इलैक्शन ड्यूटी में लगी हुई हैं और इसलिए उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार सत्यम और आई.एल.एफ.एस. की भांति डिश टी.वी. के कामकाज का प्रबंधन करने के लिए कोई प्रशासक क्यों नहीं नियुक्त कर रही और सुभाष चन्द्र खास विशेषाधिकारों का लुत्फ क्यों उठा रहे हैं?

## पांच बॉलीवुड...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

तोहफे दिए है तो इनके देश से बाहर जाने पर रोक लगा दी गई है। सुकेश ने नोरा फातेही को एक बी.एम.डब्ल्यु. कार के साथ एक गुच्ची बैग और हमीस का ब्रेसलैट भी दिया है। ई.डी. अधिकारी जल्दी ही महंगे तोहफे, लग्ज़री कारो, हीरो और महंगे बैग जब्त करने की कार्यवाही शुरू करेगा। जो फर्नांडिस व फातेही के पास है। संदेह है कि जैक्लीन फर्नांडिस को दस करोड़ रू. से अधिक का तोहफा दिया था वही नोरा फातेही को बी.एम.डब्ल्यु. कार दी थी। ये महंगे तोहफे उगाही से प्राप्त धन राशि से खरीदे गए थे।

## चीन में...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

शंघाई के एक शिक्षक के साथ सहानुभूति जताई थी जिसे इसलिए नौकरी से निकाल दिया गया था कि उसने कहा था कि चीन में नानजिंग संहार के चीन के सरकारी आंकड़ों का ज्यादा गहन अध्ययन किया जाना चाहिए। यह काण्ड 1937 का है जब जापान की सेना ने शहर में भारी तबाही मचाई थी। इसके बाद ली के प्रति भारी ऑनलाइन समर्थन उमड़ा। अनोखी बात यह रही कि इस टिप्पणी को सैंसर नहीं किया गया संभवतया इसलिए कि केन्द्रीय प्रशासन ने इस विवाद को निपटाने की जिम्मेवारी स्थानीय प्रशासन पर छोड़ दी थी।

## नैशनल हाईवे...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

पर उन्हें नगरपालिका ने पट्टा जारी किया है। याचिकाकर्ता के वकील सचिन बोरा ने कहा कि इस मामले में करीब 400 से 500 दुकानदार शामिल हैं कई मामले कोटपूतली की निचली अदालत में दायर किये गये हैं और कई मामले उच्च न्यायालय में दायर किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि अगर सरकार को इस सड़क पर तोड़-फोड़ करनी है तो इस जमीन को अवाप्त कर लोगों को मुआवजा और भूमि के बदले भूमि देनी होगी, "नगरपालिका किसी भी भूमि को अतिक्रमण करार देकर वहां तोड़-फोड़ कर सकती है।"

# केन्द्रीय मंत्री अजय मिश्रा के सहयोगी को ब्लैकमेल करने का प्रयास

■ दिल्ली पुलिस ने इस मामले में 5 लोगों को गिरफ्तार किया।

नई दिल्ली, 24 दिसंबर (वार्ता)। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा 'टेनी' के निजी सहायक को कथित तौर पर 'ब्लैकमेल' करने की कोशिश के आरोप में पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है।

दिल्ली पुलिस के सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि मिश्रा के निजी सहायक की शिकायत पर उत्तर प्रदेश के नोएडा से चार और दिल्ली के एक युवक को गिरफ्तार किया गया। मिश्रा के निजी सहायक ने पुलिस से शिकायत की थी कि कुछ लोगों ने अवैध वसूली के लिए उसे कॉल की थी। प्रारंभिक जांच के आधार पर आरोपी युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया तथा आगे की जांच की जा रही है।

## मिग-21...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

हुआ है। विमान अपनी नियमित उड़ान पर था। हादसे की जगह जैसलमेर से करीब 70 किमी दूर है। गौरतलब है कि इससे पहले अगस्त 2021 में भी बाड़मेर में एक मिग-21 विमान क्रैश हुआ था।

रूस और चीन के बाद भारत तीसरा ऐसा देश है जहां मिग-21 का सर्वाधिक उपयोग होता है। वर्ष 1964 में इस विमान को पहले सुपरसॉनिक फाइटर जैट के रूप में एयरफोर्स में शामिल किया गया था। शुरुआती जैट रूस में बने थे और फिर भारत ने इस विमान को असेम्बल करने का अधिकार और तकनीक भी हासिल कर ली थी। तब से अब तक मिग-21 ने 1971 के भारत-पाक युद्ध, 1999 के कारगिल युद्ध समेत कई मौकों पर अहम भूमिका निभाई है। रूस ने तो 1985 में इस विमान का निर्माण बंद कर दिया, लेकिन भारत इसके अपग्रेडेड वर्ज़न का इस्तेमाल करता रहा है।

## हरीश रावत...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जाएगा।

राहुल ने दिल्ली बुलाए गए उत्तराखंड के नेताओं से कहा कि रावत पहले ही पार्टी के चुनाव अभियान समिति के प्रमुख हैं और अब चुनाव भी उन्हीं के नेतृत्व में लड़े जाएंगे।

पार्टी सूत्रों ने कहा कि राहुल राज्य में ए.आई.सी.सी. प्रभारी के पद पर किसी अन्य की नियुक्ति के लिए भी मान गए हैं और इस पद पर अब किसी अन्य वरिष्ठ नेता की नियुक्ति की जाएगी। रावत की मुख्य शिकायत देवेन्द्र यादव से ही थी जो कि दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री थे। इस बारे में सोनिया गांधी जल्दी ही घोषणा करेंगी।

रावत के विरोधी हालांकि राहुल को यह समझाने में सफल हो गए कि रावत को प्रत्याशियों के चयन में खुली छूट दी जाए। रावत की यह भी एक मुख्य मांग थी। राहुल ने वरिष्ठ नेताओं की यह बात मान ली कि एक नेता को प्रत्याशी चयन की छूट देने से परेशानी पैदा हो सकती है।

## अशोक ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

लेकिन यह प्रश्न यह है कि रावत का विद्रोह पार्टी को कितना नुकसान पहुंचाएगा और इसका कोई त्वरित उत्तर नहीं है कि कांग्रेस को यहां कितना नुकसान झेलना पड़ेगा।

इस प्रश्न को लेकर भी अटकलें हैं कि क्या राहुल उत्तराखण्ड में भी कांग्रेस को उसी तरह अस्थिर कर रहे हैं, जैसे कि पंजाब में कर चुके हैं?

क्या राहुल गांधी के एजेण्डा में राज्य विधानसभा चुनाव जीतने की अपेक्षा पार्टी के सीनियर नेताओं से छुटकारा पाना अधिक महत्वपूर्ण है?

राहुल की राजनीतिक शैली पर एक लम्बे समय से गौर करने वाले एक सज्जन का कहना है कि राहुल गांधी के लिए बड़ी प्राथमिकता एक नई कांग्रेस का गठन करना है, जिसमें पुराने और सीनियर नेता ना हों।

उत्तराखण्ड की गिनती कांग्रेस के लिए एक जिताऊ राज्य के रूप में की जा रही थी, लेकिन लगता है कि अशोक गहलोत की एंट्री से केरल की भांति स्थिति उलट जाएगी।


## यू.पी. में...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

प्रोत्साहित किया जाएगा।"

इस माह की शुरूआत में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने सरकार और चुनाव आयोग से अनुरोध किया था कि वे कोविड-19 वैश्विक महामारी की तीसरी लहर की संभावना के खतरों को देखते हुए उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों को एक या दो माह के लिए आगे खिसकाने या सभी राजनीतिक रैलियों पर प्रतिबंध लगाने पर विचार करें।

मजेदार बात यह है कि उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों को स्थगित करने का सुझाव देने वाले इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज शेखर कुमार यादव अपने बेतुके बयानों के कारण अखबारों की सुर्खिया बनते रहे हैं। सितम्बर माह में जस्टिस यादव ने यह टिप्पणी कर एक विवाद को जन्म दे दिया था कि "वैज्ञानिकों का मानना है कि गाय ही एकमात्र ऐसा पशु है जो ऑक्सीजन लेता है।" उन्होंने संसद का भी आव्हान किया था कि वह गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करे और गाय के संरक्षण को "हिन्दुओं का मूलभूत अधिकार" घोषित किया जाए।




राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908